रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 23 सितम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-34 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़

### सरकार की नाकामी का परिणाम है सड़कों पर उतरे लोगः जयराम

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश की सुक्खू सरकार पूरी तरह से नाकाम हो गई है। प्रदेश का हर वर्ग सरकार के खिलाफसड़कों पर है। बीते रोज़ सरकार के खिलाफ विभिन्न संगठनों ने प्रदेश भर में प्रदर्शन भी किया। ठाकुर ने जारी बयान में कहा कि लगभग डेढ़ साल में ही प्रदेश के सभी वर्ग द्वारा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने के पीछे की वजह है कि सत्ता में आने के लिए कांग्रेस ने चुनाव के दौरान बड़े बड़े वादे किए व झूठी गारंटियां दी। लेकिन सत्ता में आने के बाद सारी की सारी गारंटियां भूल गए और एक तानाशाह की तरह शासन करने लगे। जब मन में आया डीजल के दाम बढ़ा दिए, सीमेंट के दाम बढ़ा दिए, डिपुओं में मिलने वाले राशन के दाम बढ़ा दिए।

### वक्फबोर्ड में भी बदलते समय के साथ सुधार की आवश्यकता : सिंह

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सोशल मीडिया अकाउंट पर वक्फ को लेकर बड़ी टिप्पणी की है। प्रदेश में चल रहे मस्जिद विवाद के बीच सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा कि वक्फबोर्ड में भी बदलते समय के साथ सुधार की आवश्यकता है। सिंह ने लिखा, हिमाचल और हिमाचलियत के हित सर्वश्रेष्ठ, सर्वत्र हिमाचल का संपूर्ण विकास। समय के साथ हर कानून में तब्दीली लाना आवश्यक है। वक्फबोर्ड में भी बदलते समय के साथ सुधार की आवश्यकता है। सिंह की पोस्ट पर लोग अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। गौरतलब है कि शिमला, मंडी और नेरवा में मस्जिदों में हुए अवैध निर्माण के खिलाफ भड़की विरोध की चिंगारी सिरमौर पहुंच गई है।

### तीन परिवारों ने जम्मू-कश्मीर को 'बर्बाद' किया : नड्डा

**जम्मू।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नेशनल कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी पर आरोप लगाते



हुए कहा कि इन तीन परिवारों - अब्दुल्ला, मुफ्ती और नेहरू-गांधी ने जम्मू-कश्मीर को बर्बाद कर दिया है। नड्डा जम्मू उत्तर निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे पार्टी उम्मीदवार एवं पूर्व मंत्री एस लाल शर्मा के समर्थन में बर्नाई में आयोजित एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ये पार्टियां 1990 के दशक की स्थिति को फिर से लाना चाहती हैं।

# ई-कुबेर के चक्कर में उलझे अफसर, 5 प्रतिशत राशि भी खर्च नहीं कर पाया विभाग

## इससे पहले भी ई-कोष के माध्यम से होता था 100 प्रतिशत ऑनलाइन भुगतान

**पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर**
www.dailypioneer.com





पायनियर खास

कुबेर जी को धन का स्वामी कहा जाता है। वे यक्षों के राजा भी हैं, वे उत्तर दिशा के दिक्पाल हैं और लोकपाल भी हैं, उन्हें संसार का रक्षक भी कहा जाता है। लेकिन ये ई-कुबेर क्या है? जो इन दिनों स्वयं कुबेर जी का मुंह चिढ़ाने का काम कर रहा है। ई कुबेर के चक्कर में इन दिनों सरकारी विभागों में त्राहि-त्राहि मचा हुआ है। दरअसल में ई-कुबेर ने राज्य में धन खर्च करने का संकट खड़ा कर दिया है, जो शास्त्रों में वर्णित कुबेर जी के स्वरुप के विपरीत है। कहा जा रहा है कि राज्य सरकार के कुछ विभागों में ई-कुबेर साफ्टवेयर की वजह से अभी तक बजट राशि का 5 प्रतिशत भी खर्च नहीं हो पाया है। राज्य सरकार पांच माह बाद यानि कि अगामी फरवरी में अपना दूसरा बजट पेश कर देगी, लेकिन वर्तमान बजट का खर्च न होना चिंता का विषय है। खर्च नहीं होने के कारण कई विभागों के काम ठप्प हो गए हैं। छत्तीसगढ़ के भौगोलिक स्वरुप को देखें तो ग्रामीणों को यहां खेती के बाद दूसरा बड़ा रोजगार वन विभाग के माध्यम से मिलता है। खेती के कामों के साथ-साथ वनवासी और आदिवासी वन विभाग के माध्यम से रोजगार पाते थे, जो ई-कुबेर के चक्कर में ध्वस्त हो गया है। विभाग द्वारा इतना जटिल साफ्टवेयर डिजाइन किया गया है कि वित्तीय वर्ष आधे से अधिक बीत जाने के बाद भी विभागीय बजट राशि मात्र 5 प्रतिशत ही खर्च हो पायी है। डिवीजनों में लेबर के पेमेन्ट तक नहीं हो पा रहे हैं। लगभग सभी वनमंडलाधिकारी परेशान और हैरान हैं। कई अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त में बताया कि कहीं का पेमेन्ट कहीं चला जा रहा है। रोजी-रोटी कमाने वाले मजदूर-आदिवासी और वनवासी बैंकों के चक्कर लगा रहे हैं। एक-एक भुगतान के लिए ओटीपी अनिवार्य है, यदि भूलवश कोई गलती हो गई तो मुख्यालय का चक्कर काटते रहिए। अधिकारियों का कहना है कि आरबीआई के माध्यम से डायरेक्ट भुगतान होता है। हितग्राही को पेमेन्ट मिला कि नहीं, इसका भी कोई कर्न्फमेशन नहीं आता। मजदूरी करके जीवन बिताने वाले वनवासी-आदिवासी इस ई-कुबेर के चक्कर में मजदूरी भुगतान के लिए भी तरस रहे हैं। निश्चित ही यदि और दिनों तक ऐसा ही चलता रहा, तो विभागीय बजट की राशि खर्च कर पाना संभव नहीं होगा। जिससे आर्थिक नुकसान के साथ ही बड़ा राजनीतिक नुकसान आगामी समय में होने वाले पंचायत चुनाव में सत्ताधारी दल का उठाना पड़ सकता है।

मध्यप्रदेश के वन विभाग में 2015 से चल रहा है ऑनलाइन भुगतान, वहां ऐसी खामियों देखने को नहीं मिलीं। लेकिन छत्तीसगढ़ में ई-कुबेर ने त्राहि-त्राहि मचा दिया है? दरअसल मे एक साथ पूरे प्रदेश में इस सॉफ्टवेयर को लागू कर दिया गया है, जिससे व्यवस्था चरमरा गई है। जबकि पहले कुछ वनमंडलों में मॉडल के तौर पर इसका प्रयोग किया जाना था, खामियों को दूर होने के बाद क्रमशः अन्य जगह भी लागू किया जा सकता है। लेकिन ऐसा नहीं किया गया, अब मुख्यालय से लेकर फील्ड तक के अफसर काम न होने का दोषारोपण ई-कुबेर पर मढ़ रहे हैं।

### पहले भी ई- कोष प्रणाली के माध्यम से होता था 100 प्रतिशत ऑनलाइन भुगतान

वन विभाग में इससे पहले भी 100 प्रतिशत भुगतान ऑनलाइन ही किए जाते रहे हैं। कुछ विशेष क्षेत्रों में ही कलेक्टरों की अनुमति पश्चात ही नकदी भुगतान किया जाता रहा है। ई-कुबेर से पहले राज्य में ई-कोष प्रणाली काम कर रही थी जो इतनी जटिल नहीं थी। इसलिए सभी भुगतान सरलता से ऑनलाइन कर दिए जाते थे। अब ई-कुबेर को लेकर अधिकारी चक्कर लगा रहे हैं।

### फैक्ट फाइल

विकास और योजना के लिए कुल 700 करोड रुपये की बजट राशि है, जिसमें से अभी तक महज 35 करोड़ रुपए ही खर्च किए गए हैं। विभाग के द्वारा अभी तक जो राशि खर्च की गई है, वह बजट राशि की 5 प्रतिशत मात्र है।

### 24 सितम्बर को सीसीएफ की बैठक

अभी तक मात्र 5 प्रतिशत राशि ही खर्च होने से चिंतित विभाग ने 24 सितम्बर को सीसीएफ स्तर के अफसरों की बैठक बुलाई गई है, जिसमें बड़े अधिकारियों की उपस्थिति में इस विषय पर मंथन और चिंतन किया जाएगा। इसके साथ ही स्थानीय रुप से किन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, उसके समाधान की कोशिश की जाएगी।

## सीआरपीएफ जवानों से लदी बस दुर्घटनाग्रस्त

**पायनियर संवाददाता ‹ दंतेवाड़ा**
www.dailypioneer.com



बस्तर और दंतेवाड़ा जिले की सरहद पर बास्तानार घाट में कोड़ेनार थाना क्षेत्र में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) जवानों से भरी एक बस पलट गई। बस में सीआरपीएफ के जवान थे लेकिन इस हादसे में कितने जवानों को चोट आई है अभी यह स्पष्ट नहीं है। बताया जा रहा है कि जवान जगदलपुर से दंतेवाड़ा जिले की तरफ आ रहे थे। इसी दौरान हादसा हुआ है।

## पीओके के लोग भारत में विलय के इच्छुक, हम स्वागत को तैयार : राजनाथ

**एजेंसी ‹ जम्मू**
www.dailypioneer.com



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के निवासी हमारे भाई हैं और हम उस हिस्से का भारत में विलय करना चाहते हैं। सिंह ने चुनाव प्रचार के तहत एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीओके के लोग भारत में मिलना चाहते हैं क्योंकि वे जम्मू-कश्मीर में हो रहे बदलाव और भारत में हो रहे विकास से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा, हम पीओके के लोगों को खुले दिल से गले लगाने और उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने पाकिस्तान पर हमला करते हुए कहा कि वह सांपों को पाल रहा है और उनका व्यापार करने के परिणाम हमेशा बुरे होते हैं। रक्षा मंत्री ने राजौरी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, पाकिस्तान ऐसी स्थिति में पहुंच गया है क्योंकि सांपों को पालने और उनका व्यापार करने के हमेशा बुरे परिणाम होते हैं। सिंह ने कहा कि आतंकवाद के निर्यात का पाकिस्तान का कारोबार अब धीमा पड़ गया है और जम्मू-कश्मीर की धरती से इसे पूरी तरह खत्म कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीमा पार से पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ, नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन के साथ मिलकर जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटाने की मांग कर रहे हैं।

## छत्तीसगढ़ बंद के समर्थन के लिए राज्य की जनता का आभार : सचिन पायलट

**पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर**
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव और छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट ने कांग्रेस के द्वारा बुलाये गए बंद का समर्थन देने के लिए राज्य की जनता छोटे बड़े व्यापारियों, उद्योगपतियों सभी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कवर्धा की हृदय विदारक घटना के बाद तथा राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध मे कांग्रेस ने यह बंद बुलाया था जनता ने एक दिन के लिए अपने काम काज को बंद करके राज्य की भाजपा सरकार की विफलता के खिलाफअपना आक्रोश व्यक्त किया है। अखिल भारतीय कांग्रेस के महासचिव एवं कांग्रेस छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट ने कहा कि बिगड़ती कानून व्यवस्था और कवर्धा में पुलिस की बर्बरता प्रशांत साहू की हत्या की न्यायिक जांच की मांग को लेकर कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया था। राज्य में जब से भाजपा की सरकार बनी है, छत्तीसगढ़ का हर नागरिक असुरक्षित है, अब तो अपराधिक घटनायें असहनीय हो चुकी है।

## अश्विन के हरफनमौला प्रदर्शन से भारत ने बंगलादेश को 280 रन से हराया

**एजेंसी ‹ चेन्नई**
www.dailypioneer.com





रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत भारत पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन बंगलादेश को 280 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ भारत ने दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली है। चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैच के चौथे दिन बंगलादेश की टीम ने कल के चार विकेट पर 158 रन से आगे खेलना शुरु किया। भारत को जीत के लिए छह विकेट की दरकार थी। लेकिन बंगलादेश के कप्तान नाजमुल हुसैन शान्तो ने शाकिब अल हसन के साथ पहले घंटे संघर्षपूर्ण पारी खेली और कोई विकेट नहीं गिरने दिया। इस दौरान मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह ने दोनों बल्लेबाजों को कई बार बीट किया लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इसके बाद कप्तान रोहित शर्मा ने आर अश्विन को गेंद थमाई। अश्विन ने दिन के अपने पहले ही ओवर में शाकिब अल हसन (25) को जयसवाल के हाथों कैच आउटकर पवेलियन भेज दिया। इस विकेट के साथ ही उन्होंने वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज कर्टनी वॉल्श के 519 विकेट को पीछे छोड़ते हुए टेस्ट में सबसे अधिक विकेट लेने के मामले में आठवें पायदान पर पहुंच गये। उन्होंने 52वें ओवर में भारत को यह पांचवीं और आज के दिन की पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये लिटन कुमार दास (एक) को जडेजा ने पवेलियन भेज दिया। मेहदी हसन मिराज (8) और तस्कीन अहमद (5) अविश्न का शिकार बने। इसी के साथ उन्होंने मैच में अपना छठ विकेट हासिल किया। 57वें ओवर स्ट्राइक अपने पास रखने के प्रयास शान्तो ने जाडेजा के ओवर की आखिरी गेंद पर आगे निकलकर मारने का कोशिश की लेकिन गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारा ले गई और बुमराह ने बिना कोई गलती किये गेंद को लपक लिया। इसी के साथ जडेजा ने कप्तान नजमुल शान्तो (82) रूपी दीवार को जडेजा ने ध्वस्त कर दिया। 63वें ओवर की पहली गेंद पर हसन महमूद (7) को बोल्ड कर बंगलादेश की दूसरी पारी का चौथे दिन सुबह के सत्र में 234 के स्कोर पर अंत कर दिया।

## सिंगापुर में इन्वेस्ट इंडिया के कार्यालय का उद्घाटन किया पीयूष गोयल ने

**एजेंसी ‹ नयी दिल्ली**
www.dailypioneer.com





केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सिंगापुर में इन्वेस्ट इंडिया के नए कार्यालय का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसी माह चार-पांच तारीख को सिंगापुर की अपनी यात्रा के दौरान यहां एक इन्वेस्ट इंडिया कार्यालय स्थापित करने की घोषणा की थी। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार सिंगापुर में स्थापित किया गया यह कार्यालय इन्वेस्ट इंडिया का पहला विदेशी कार्यालय है। मंत्रालय के अनुसार इस महत्वपूर्ण कदम से निवेश के क्षेत्र में सिंगापुर के साथ साझेदारी को गहरा करने और वैश्विक निवेशकों के लिए भारत के साथ जुड़ना आसान बनाने की भारत की प्रतिबद्धता को और बल मिलेगा। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा, सिंगापुर भारत के लिए एक प्रमुख रणनीतिक भागीदार है, और यह कार्यालय सिंगापुर और व्यापक आसियान क्षेत्र के साथ आर्थिक सहयोग को मजबूत करने के हमारे प्रयासों में एक नया अध्याय है। हम अधिक विदेशी निवेश भारत कार्यालय खोलने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले महीनों में वैश्विक निवेशकों को भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था तक निर्बाध पहुंच प्रदान करने का लक्ष्य है।

## आतंकवाद खत्म होने तक पाकिस्तान से कोई बातचीत नहीं : अमित शाह

**एजेंसी ‹ जम्मू**
www.dailypioneer.com



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आतंकवाद के पूरी तरह खत्म होने तक पाकिस्तान से कोई बातचीत नहीं होगी। शाह ने जम्मू-कश्मीर चुनाव के 25 सितंबर को होने वाले दूसरे चरण के लिए पार्टी उम्मीदवार रविंदर रैना के समर्थन में नौशेरा निर्वाचन क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, आतंकवाद पूरी तरह खत्म होने तक पाकिस्तान से बातचीत की कोई संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने सीमा पर सुरक्षा और शांति सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा, सीमावर्ती क्षेत्रों में बंकरों की कोई जरूरत नहीं है और अगर पाकिस्तान ने एक भी गोली चलाने की हिम्मत की, तो हम उसे मुंहतोड़ जवाब देंगे। शाह ने जम्मू-कश्मीर के लोगों को उनके अधिकारों से वंचित करने और क्षेत्र में अशांति पैदा करने के लिए पिछली पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी), नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों की आलोचना की। गृह मंत्री ने कहा, ये तीनों राजनीतिक दल जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को वापस लाने के लिए नियंत्रण रेखा के पार से व्यापार बहाल करने की वकालत कर रहे हैं, लेकिन हम ऐसा कभी नहीं होने देंगे। शाह ने कहा कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने से जम्मू-कश्मीर में शांति, विकास और प्रगति का एक नया युग शुरू हुआ है। उन्होंने कहा, अनुच्छेद 370 के निरस्त होने से क्षेत्र में आतंकवाद समाप्त हो गया है और फारूक अब्दुल्ला जैसे नेता इसे वापस लाना चाहते हैं, लेकिन मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि अब कोई भी शक्ति अनुच्छेद 370 को जम्मू-कश्मीर में वापस नहीं ला सकती। उन्होंने लोगों से जम्मू-कश्मीर के लिए शांति, प्रगति और समृद्धि की नयी सुबह का वादा करते हुए आगामी चुनावों में भाजपा उम्मीदवारों को वोट देने का आग्रह किया। शाह ने जम्मू-कश्मीर के लिए भाजपा के विकास के दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए पार्टी की जीत का विश्वास व्यक्त किया।

### भविष्य की साझेदारी के क्वाड पोर्ट जो हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में टिकाऊ

## क्वाड ने कैंसर मूनशॉट, शिप ऑब्जर्वर मिशन, पोर्ट्स पार्टनरशिप की घोषणा की

**वार्ता ‹ विलमिंगटन**
www.dailypioneer.com



क्वाड नेताओं के छठवीं शिखर बैठक में हिन्द प्रशांत क्षेत्र में सर्वाइकल कैंसर का पता लगाने, रोकथाम और उपचार के लिए 'क्वाड कैंसर मूनशॉट' तथा क्वाड देशों के तट रक्षकों के बीच अंतरसंचालनीयता में सुधार के लिए कभी क्वाड-एट-सी शिप ऑब्जर्वर मिशन की स्थापना सहित अनेक अहम घोषणाएं की गयीं हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जोसेफ आर बिडेन की मेजबानी में हुई इस शिखर बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, जापान के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा और आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज़ ने भाग लिया। बैठक के बाद एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया गया जिसमें शामिल 'क्वाड कैंसर मूनशॉट', हिंद-प्रशांत क्षेत्र में जीवन बचाने के लिए एक अभूतपूर्व साझीदारी। हिन्द प्रशांत में हमारे तटरक्षकों के बीच अंतरसंचालनीयता में सुधार और समुद्री सुरक्षा को आगे बढ़ाने के लिए 2025 में पहला क्वाड-एट-सी शिप ऑब्जर्वर मिशन। क्वाड इंडो-पैसिफिक लॉजिस्टिक्स नेटवर्क पायलट प्रोजेक्ट, हमारे देशों के बीच साझा एयरलिफ्ट क्षमता को आगे बढ़ाने और हमारी सामूहिक लॉजिस्टिक्स शक्तियों का लाभ उठाने के लिए, हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में प्राकृतिक आपदाओं के लिए नागरिक प्रतिक्रिया को अधिक तेजी से और कुशलता से समर्थन देने के लिए। भविष्य की साझीदारी के क्वाड पोर्ट' जो हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में टिकाऊ और लचीले बंदरगाह बुनियादी ढांचे के विकास का समर्थन करने के लिए क्वाड की सामूहिक विशेषज्ञता का उपयोग करेगा। यहां, क्वाड पार्टनर्स यह सुनिश्चित करने के लिए प्रथाओं को साझा करेंगे कि हमारे बंदरगाह व्यवधानों (जैसे महामारी, प्राकृतिक आपदाओं और साइबर या आतंकवादी हमलों) की स्थिति में जहाजों, कार्गो और अन्य ग्राहकों के लिए सेवा और बुनियादी ढांचे के स्वीकार्य स्तर को बनाए रखने में सक्षम हैं, यह पोर्ट आकार, स्थान और संचालन के प्रकार के साथ भिन्न होता है। एक 'सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला आकस्मिकता नेटवर्क सहयोग ज्ञापन' जो एक विविध और प्रतिस्पर्धी बाजार का एहसास करने और सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखलाओं में क्वाड लचीलेपन को बढ़ाने के लिए क्वाड भागीदारों की पूरक ताकत का लाभ उठाएगा। नेता संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए भी सहमत हुए, और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की सदस्यता की स्थायी और गैर-स्थायी श्रेणियों में विस्तार के माध्यम से इसे और अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण, समावेशी, पारदर्शी, कुशल, प्रभावी, लोकतांत्रिक और जवाबदेह बनाने की तत्काल आवश्यकता को पहचाना। ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक क्वाड प्रयास, जिसमें भारत-प्रशांत क्षेत्र में उच्च दक्षता वाली किफायती शीतलन प्रणाली की तैनाती और निर्माण शामिल है। शिखर बैठक में घोषित क्वाड के एजेंडे में भारत द्वारा कुछ महत्वपूर्ण कार्य भी शामिल हैं। नेताओं ने क्षेत्र और उससे आगे के लिए 'डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के विकास और तैनाती के लिए क्वाड सिद्धांतों' का स्वागत किया। डीपीआई के माध्यम से, क्वाड साझीदार समान पहुंच प्रदान करने और बड़े पैमाने पर सार्वजनिक सेवा वितरण में सुधार करने पर सहमत हुए हैं; लागू कानूनी ढांचे द्वारा शासित होता है जो विकास, समावेशन, नवाचार, विश्वास और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए एक समान अवसर प्रदान करता है।

## मोदी ने हमें जेल भेजने के लिए रचा षड्यंत्र : केजरीवाल

**नयी दिल्ली/वार्ता।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पिछले दस साल के हमारे जनहित के कामों से घबराकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके खिलाफ़ षड्यंत्र रचकर



जेल में डलवाया। केजरीवाल ने रविवार को यहाँ जंतर-मंतर पर 'जनता की अदालत' कार्यक्रम में अपनी सरकार के दस साल के कामकाज का ब्यौरा दिया और केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा, 'हमने पिछले दस सालों में ईमानदारी से सरकार चलाई। बिजली और पानी मुफ्त किया, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतरीन बनाया लेकिन मोदी को लगा कि अगर उन्हें हमसे जीतना है तो हमारी ईमानदारी पर हमला करना होगा। उन्होंने साजिश रची कि हमें बेईमान साबित किया जाए और इसके तहत हमें, मनीष सिसोदिया और आप के कई नेताओं को जेल में डाला गया।' उन्होंने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, 'इन नेताओं पर आरोपों का कोई असर नहीं होता क्योंकि उनकी चमड़ी मोटी है। पर मैं नेता नहीं हूं, मैं एक आम आदमी हूं और मुझ पर लगे आरोप मुझे प्रभावित करते हैं। मैंने जनता की अदालत में आने का फैसला इसलिए किया क्योंकि मैं इस दाग के साथ नहीं जी सकता। अगर मैं बेईमान होता, तो बिजली मुफ्त नहीं करता, महिलाओं का किराया मुफ्त नहीं करता और बच्चों के लिए स्कूल नहीं बनवाता।' उन्होंने कहा, '22 राज्यों में उनकी सरकार है, लेकिन कहीं भी बिजली मुफ्त नहीं है, महिलाओं के लिए यात्रा मुफ्त नहीं है। अब आप बताइए, चोर कौन है।

## कांग्रेस की जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने सहित सात गारंटी

**वार्ता ‹ नयी दिल्ली**
www.dailypioneer.com



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में यदि कांग्रेस की सरकार बनती है तो राज्य का दर्जा बहाल करने के साथ ही राज्य की लोगों की खुशहाली सुनिश्चित की जाएगी। खड़गे ने कहा, जम्मू- कश्मीर के लिए कांग्रेस की गारंटी है जिनमें पूर्ण राज्य का हक़ दिलाएंगे, महिला सम्मान, हमारा हक, घर के मुखिया को हर महीने 3000 रुपए, स्वयं सहायता समूहों के लिए पांच लाख तक का ब्याज मुक्त कर्ज, अच्छी सेहत के हक के लिए हर परिवार को 25 लाख तक का हेल्थ बीमा और 30 मिनट में सस्ती हेल्थ सर्विस, हर तहसील में एम्बुलेंस से लैस मोबाइल क्लीनिक और हर जिले में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल खुलेगा। कश्मीरी पंडितों को उनका अधिकार देने का वादा करते हुए उन्होंने कहा, पंडितों का हक दिलाते हुए उनके पुनर्वास के लिए डॉ. मनमोहन सिंह की योजना पूरी तरह लागू होगी। ओबीसी को संविधान के तहत पिछड़े वर्ग को पूरा हक दिलाएंगे। हमारी नौकरी, हमारा हक के तहत एक लाख खाली पद भरेंगे और हमारा अनाज, हमारा हक के तहत परिवार के हर सदस्य को 11 किलो राशन देंगे। वेणुगोपाल ने कहा कि जम्मू -कश्मीर एक दशक के बाद अपना भाग्य खुद तय करने के लिए मतदान कर रहा है।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश में अनुभवहीन लोगों के हाथों में सत्ता की बागडोर : राष्ट्रीय सचिव लैतफलांग

पायनियर संवाददाता < बलरामपुर
www.dailypioneer.com



जिला प्रवास पर पहुंची भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ की सह प्रभारी जारीता लैतफलांग ने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार के कार्य प्रणाली पर कई सवाल उठाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा के द्वारा अपने ही जिले की कमान संभालने में पूरी तरह से असफल साबित हो रहे हैं। पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में अनुभवहीन लोगों के हाथों में सत्ता की भाग डोर सौंप दी गई है जिसका खामियाजा पूरे छत्तीसगढ़ की जनता को उठानी पड़ रही है। पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में कानून व्यवस्था की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के जिले में बैठे पुलिस अधीक्षकों के द्वारा कुछ आम लोगों से मिलकर अपने मातहतों के साथ असामान्य व्यवहार कर रहे हैं जो काफी शर्म नाक की बात है? छत्तीसगढ़ प्रदेश में कांग्रेस के कमजोर प्रदर्शन पर उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस काफी मजबूत स्थिति में है वही आने वाले समय में इसका बेहतर परिणाम होंगे कमियां और खामियां हर जगह रहती है पर इन सबसे निजात पाकर आने वाले समय में हर स्तर पर कांग्रेस बेहतर प्रदर्शन करेगी और भविष्य में बदलाव भी देखने को मिलेगा। इस दौरान पूर्व मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह, पूर्व मेडिकल बोर्ड के अध्यक्ष डॉ.प्रीतम राम, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ.जे.पी. श्रीवास्तव, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, प्रवक्ता सुनील कुमार सिंह सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

### सत्ता गवाने के बाद भी संगठन का अहंकार कायम

बलरामपुर रामानुजगंज जिले में कांग्रेस संगठन के कार्य प्रणाली पर हमेशा सवाल उठाते रहे हैं वर्तमान में पदस्थ पदाधिकारी अपने अहंकार से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं जिसका खामियाजा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी को भुगतना पड़ रहा है। जब जिले में राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ की सह प्रभारी जरीता लैतफलांग के आगमन का कार्यक्रम पहले से तय था इसके बाद भी कई चौथे स्तंभ को जानकारी नहीं दी गई? जब इस संबंध में जिला अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी एवं जिला कांग्रेस प्रवक्ता सुनील सिंह से पूछताछ की गई तो उन्होंने कहां की जिनको जिम्मेवारी सौंपी गई थी उनके द्वारा लापरवाही वरती गई है आगे से पूरा ध्यान रखा जाएगा।

### भाजपा जिला अध्यक्ष ने नहीं उठाया फोन

छत्तीसगढ़ प्रदेश में जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है तब से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता हमलावर है और प्रदेश की कानून व्यवस्था पर कई सवाल खड़े कर रहे हैं बलरामपुर जिले में अक्सर राष्ट्रीय स्तर से लेकर प्रदेश स्तर एवं जिला स्तर के पदाधिकारी के द्वारा अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं लेकिन भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश प्रकाश जायसवाल के द्वारा कोई प्रतिक्रिया नहीं व्यक्त की जा रही हैं जो पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है? कही ऐसा तो नहीं की सदस्यता अभियान के बाद अपने पद से पृथक होने के चलते मौन धारण किए हुए हैं?

# गौ-वंशीय बछड़े की हत्या करने वाले दो गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

ग्राम दुलारपाली में एक गौ-वंशीय बछड़े की हत्या कर उसके टुकड़े करने वाले दो लोगों को ग्राम के सरपंच, ग्रामीणों, विहिप बजरंग दल के सदस्यों के सहयोग से पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पुलिस व ग्रामवासियों से मिली जानकारी अनुसार दुलारपाली के सरपंच जयनंद गहीर पिता राधेश्याम गहीर उम्र 31 वर्ष एवं विहिप, बजरंग दल के मयंक पाणिग्राही व ग्रामीणों द्वारा थाने में किये गए शिकायत के अनुसार ग्राम के पीतांबर साहू ने सरपंच को सूचना दी कि शंभु सारथी एवं उनके साथी उत्तम अजगर के द्वारा गौ वंशीय बछड़ा को जान से मारकर क्षत विक्षत किया गया है। सूचना मिलते ही सरपंच प्रेमलाल साहू के साथ शंभु सारथी के घर की बाड़ी में जाकर देखा, तो वहाँ एक गौ वंशीय पशु क्षत विक्षत टूकड़ों में कटा हुआ पड़ा था। शंभु उन्हें देखकर अपने घर के शौचालय में घुस गया। मौके पर दूसरा व्यक्ति उत्तम अजगर निवासी बुधुडोंगर भी उपस्थित था, जो अपने पास पशु कटिंग करने का सामान थैला में रखा था। उससे पूछने पर उसने बताया कि शंभु के बुलाने पर वहआया है और दोनों ने मिलकर गौ वंशीय बछड़ा को कटिंग किये हैं। उसके आने से पहले ही शंभु बछड़ा को जान सहित मार चुका था। मौके पर सरपंच के द्वारा शंभु सारथी को बुलाया गया, तब तक पुरे गांव वाले भी आ गये थे। सबके सामने शंभु ने बछड़े को मारना स्वीकार किया। अतः शिकायतकर्ताओं ने शंभु सारथी एवं उसके साथी उत्तम अजगर के कृत्य से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचने की बात कहते हुए समस्त ग्रामवासियों की सहमति से घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज करवाई गई है। पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता धारा 4 (एलसीजी), 196, 299 व 325 (बीएनएस) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# नेशनल लोक अदालत का हुआ सफल आयोजन

■ 76 लोगों को मिला लर्निंग लाइसेंस सर्टिफिकेट

पायनियर संवाददाता < सूरजपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के दिशानिर्देशन में जिला एवं सत्र न्यायालय सूरजपुर, कुटुम्ब न्यायालय सूरजपुर, तालुका न्यायालय प्रतापपुर एवं जिले के समस्त राजस्व न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत का शुभारंभ जिला एवं सत्र न्यायालय के कोर्ट कक्ष से अमितेन्द्र किशोर प्रसाद, उच्च न्यायालय बिलासपुर, गोविन्द नारायण जांगड़े, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संतोषा शर्मा न्यायाधीश कुटूम्ब न्यायालय, न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण एवं बैंक अधिकारीयों द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर किया गया।

नेशनल लोक अदालत में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एव जिला परिवहन विभाग के समन्वय से जिला न्यायालय परिसर में लर्निंग लायसेंस बनवाने हेतु कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में कुल 76 लोगों ने लर्निंग लाइसेंस सर्टिफिकेट प्राप्त किया। लोक अदालत में न्यायालय में लंबित आपसी विवाद के मामले, व्यवहारवाद, मोटर दुर्घटना दावा पारिवारिक विवाद, जिला न्यायालय में वर्षों से लंबित राजस्व प्रकरणों एवं बैंक ऋण विद्युत, जल के बकाया देयकों का प्री लिटिगेशन प्रकरण नेशनल लोक अदालत में रखे गये थे। प्रकरणों के निराकरण हेतु जिले में कुल 32 खंडपीठ गठित किये गये थे। नेशनल लोक अदालत में समस्त न्यायालयों से 5064 लंबित प्रकरण एवं 5645 प्री-लिटिगेशन प्रकरण विचारार्थ में रखे गये थे। जिसमें कुल 4185 प्रकरण के पक्षकारों में आपसी समझौते के आधार पर सफलता पूर्वक निराकरण कर फुल 3 करोड़ 96 लाख 14 हजार 139 रूपये का जिला सूरजपुर द्वारा अवार्ड पारित किया गया। लोक अदालत में कुल 4185 प्रकरणों से संबंधित पक्षकारगण लाभान्वित हुये।

# कोन्टा में धूमधाम से हुआ गणेश विसर्जन

पायनियर संवाददाता < कोंटा
www.dailypioneer.com

गणपति बप्पा मोरया , मंगलमूर्ति मोरया कुछ ऐसी ही उद्घोष से गुरुवार की देर शाम को कोंटा की सड़कें गूंजती रही ,कोंटा के स्थानीय स्टेड बैंक परिसर में हिंदू सेना गणेश उत्सव समिति के द्वारा स्थापित की गई 15 फिट की गणेश मूर्ति को नगर में श्रद्धांलुओं ने भगवान गणपति की पूजा अर्चना की , विसर्जन के लिए गणेश जी की प्रतिमा को सजाकर कर रथ पर रखा गया , उसके उपरांत

ढोल नगाड़ों की थाप के बीच भक्ति गीत बजाते हुए , नाचते गाते ,पूरे कोंटा नगर का भ्रमण करते हुए गणपति की मूर्ति को लेकर सबरी नदी के घाट पर पहुंचे , इस दौरान श्रद्धांलुओं ने एक दूसरे को गुलाल भी लगाया। देर रात को श्रद्धांलुओं की महा आरती एवम स्तुति के बाद भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा को विसर्जित किया , इस मौके पर शांति पूर्ण ढंग से विसर्जन कराने एवम किसी भी अप्रिय घटना से निपटने कोंटा पुलिस थाना प्रभारी मोहन निषाद के नेतृत्व में जुलूस के साथ चल रही थी , तथा अपने देख रेख में प्रतिमा का विसर्जन करवाया।



**अनोखी परंपरा यहां पर लड्डू की लगती हैं , बोली.. :** कोंटा नगर में लोगो के द्वारा अनोखी परंपरा निभाई जाती हैं , दक्षिण भारतीय परंपरा के अनुसार कोंटा में भी कोंटा में भी एक अनोखा परंपरा चली आ रही हैं। यहाँ हर साल गणेश पूजा का आयोजन किया जाता हैं , जिसमें खास लड्डू का भोग लगाया जाता हैं , इतना ही नही , भक्त यहां भोग रूपी लड्डू की बोली भी लगाते हैं। इस बार भी अनोखी परंपरा को निभाया गया और भगवान गणेश के विसर्जन से पहले इस लड्डू की बोली लगाई गई, स्थानीय कोंटा के भक्त तालपुड़ी पवन व उनके मित्रों के द्वारा 53 हजार पांच सौ एक रुपए में खरीदा। लडडू का वजन 35 किलो से अधिक था।

**केरल के नृत्य बना आकर्षक का केंद्र :** पिछले 12 वर्षों से स्थापित किया जा रहा, हिंदू सेना गणेश उत्सव समिति द्वारा विसर्जन यात्रा में विभिन्न लोक नृत्य ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया , विशेष रूप से केरल के कलाकारों की नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया , इन नृत्यों की पारंपरिक वेशभूषा और नृत्य शैली ने गणेश उत्सव के धार्मिक माहौल में सांस्कृतिक रंग भर दिए , केरल के कलाकारों ने अपनी अद्भुत प्रदर्शन के जरिए भारतीय परम्पराओं और संस्कृतियों की झलक पेश की , इनके नृत्यों ने विसर्जन यात्रा को और भी भव्य आकर्षण बना दिया। यह गणेश विसर्जन कार्यक्रम में स्थानीय नगर वासियों की अतुल्य सहयोग पर हिंदू सेना गणेश उत्सव समिति ने आभार व्यक्त किया।

# गुपचुप चाट भंडार से पूरे परिवार का भरण पोषण करने वाले व्यक्ति को चाकू से हमला कर मौत के घाट उतारने वाले मुख्य आरोपी के 2 सहयोगी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com



प्रार्थी बनवारी निवासी वार्ड क्र. 01 लवन द्वारा थाना लवन आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 20.09.2024 को इसका पुत्र विजय जो की लवन नगर में गुपचुप चाट बेचने का काम करता है, वह अपनी दुकान बंद कर, घर के लिए सामान लेकर रात्रि 08:00 बजे लगभग वापस घर आ रहा था, कि इसी बीच अहिल्दा मोड लवन के पास मोहल्ले का ही फरार आरोपी अपने स्कूटी से आकर, पुरानी रंजिश पर से अपने पास रखे चाकू से मृतक के बाएं पैर के जांघ में ताबड़तोड़ वारकर मृतक को गंभीर चोट पहुंचाया। गंभीर चोट लगने से मृतक का जिला अस्पताल बलौदाबाजार में मृत्यु हो गया। कि रिपोर्ट पर थाना लवन में अपराध क्र. 389/2024 धारा 109(2), 103(1), 61(2)क, 238 क,ख 249 क, ख बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना लवन पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घटनास्थल पहुंच, संपूर्ण क्षेत्र का सुक्ष्म निरीक्षण कर महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाया गया तथा गवाहों से विस्तृत पूछताछ कर हत्या की घटना में शामिल आरोपियों का पता तलाश प्रारंभ किया गया। प्रकरण में पुलिस द्वारा संदेही चंद्रशेखर उर्फ शेखर एवं देवेंद्र को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर घटना के संबंध में यह तथ्य पता चला- कि मृतक की चाकू से वारकर हत्या करने के पश्चात फरार आरोपी अपनी स्कूटी से चंद्रशेखर को अपने साथ में बैठाकर, घटना के बारे में उसे बताते हुए दूसरे आरोपी देवेंद्र के घर गए, फिर आरोपियों द्वारा वहां से घटना में प्रयुक्त स्कूटी को नाला के पास छुपा कर रख दिया गया। इस बीच आरोपियों द्वारा सोशल मीडिया एकाउंट के माध्यम से फोन कर घटना के बारे में एवं गिरफ्तारी के डर से छुपने, भागने आदि के संबंध में अन्य आरोपियों से योजना बनाने हेतु बातचीत किया गया। इसके बाद योजना अनुसार आरोपी को अपने साथियों के साथ रायपुर की ओर भाग जाना बताया गया।

## मारवाड़ी युवा मंच जागृति द्वारा श्रुत लेखन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**सरायपाली।** मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा के द्वारा बच्चों के लिए श्रुत लेखन प्रतियोगिता का आयोजन संतोषी पारा वार्ड क्रमांक 10 योगा लाइफ सेंटर में किया गया जिसमें सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं हिंदी भाषा के प्रति अपनी रुचि दिखाई उक्त कार्यक्रम में बच्चों के मनोरंजन के लिए एक मॉडर्न भालू था श्रुतलेख प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर वेदिका अग्रवाल एवं द्वितीय स्थान पर हिमांशी अग्रवाल रही सभी बहनों ने मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी नेहा अग्रवाल के द्वारा दी गई।

# मां बागेश्वरी देवी लोकन्यास कुदरगढ़ ट्रस्ट की बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता < सूरजपुर
www.dailypioneer.com



मां बागेश्वरी देवी लोक न्यास ट्रस्ट कुदरगढ़ क्वार नवरात्र मेला व्यवस्था की तैयारी के संबंध में अध्यक्ष लोक न्यास ट्रस्ट कुदरगढ़ एवं कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में एसडीएम जे एन वर्मा, तहसीलदार,जनपद सीईओ ओडगी, ट्रस्ट के सदस्यगण, जनप्रतिनिधि, विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस बैठक में आगामी क्वार नवरात्र में मेला संचालन एवं मंदिर दर्शन में श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए बिन्दुवार चर्चा करते हुए क्रियान्वयन के संबंध में निर्णय लिया गया। जिसमें पूर्व नवरात्र में प्राप्त राशि एवं व्यय की गई राशि के संबध में चर्चा की गई। साफ-सफाई की व्यवस्था, पेयजल हेतु पीएचई विभाग के माध्यम से मंदिर तक पानी सप्लाई के लिए पाईप लाईन बिछाना, यात्री के रुकने के लिए धर्मशाला भवन एवं शौचालयों का मरम्मत कार्य, विद्युत व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में समिति के सदस्य द्वारा व्ही.आई.पी. मार्ग को दूरुस्त करने, आवागमन को सुगम एवं सुरक्षित बनाने के लिए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर व्यास ने कहा कि श्रद्धालुओं की आस्था को ध्यान में रखते हुए किसी को कोई परेशानी न हो इसके लिए उचित व्यवस्था किए जाएं। उन्होंने प्याऊ की व्यवस्था, शौचालय, पार्किंग एवं सुरक्षा आदि की व्यवस्था पर विशेष रूप से ध्यान देने की बात कही। उन्होंने किसी भी आकस्मिक आपदा से निपटने के लिए स्वास्थ्य एवं पुलिस विभाग को तैयार रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्वार नवरात्र मेला को सफल बनाना सभी की नैतिक जिम्मेदारी इसलिए सभी सजग रूप से अपने कार्यों का निर्वहन करें। साथ ही उन्होंने इस नवरात्र के पहले दिन से लाइव मंदिर दर्शन प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

## उनके आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता को भी बढ़ाया

# प्रधानमंत्री आवास योजना ने पूरा किया लोकेश साहू का सपनों का घर

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ग्राम चमारी, बेमेतरा के निवासी लोकेश साहू का और उनके माता-पिता का वर्षों से सपना था कि उनका अपना एक घर हो, जिसमें वे अपने परिवार के साथ सुरक्षित और सुकून भरा जीवन बिता सकें। आर्थिक कठिनाइयों और सीमित आय के कारण यह सपना दूर की बात लग रहा था। परंतु प्रधानमंत्री आवास योजना ने उनके इस सपने को हकीकत में बदलने का अवसर प्रदान किया। यह योजना उनके लिए किसी वरदान से कम साबित नहीं हुई, जिसने उनके परिवार की जीवनशैली में अभूतपूर्व बदलाव लाए।माता कौशल्या के नाम से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान स्वीकृत हुआ। अचानक उनका देहांत हो जाने से सरकार की और से नॉमिनीत उनके बेटे लोकेश साहू के नाम से मकान स्वीकृत किया गया।

लोकेश साहू बताते है उनका परिवार एक साधारण परिवार था। उनकी आय का मुख्य स्रोत मकान, निर्माण की छत सेंट्रिंग आदि का काम करते थे, जो कभी-कभी मौसम और अन्य कारणों से अनिश्चित हो जाती थी। परिवार के पास अपनी जीविका चलाने के लिए पर्याप्त संसाधन तो थे, लेकिन अपने खुद के घर के निर्माण के लिए पैसे जोड़ पाना मुश्किल था। उन्होंने 10 वीं तक पढ़ाई की है। पहले वे मिट्टी के पुराने घर में रह रहे थे, जो समय के साथ कमजोर हो गया था। बरसात के दिनों में घर में पानी टपकना, दीवारों का टूटना जैसी समस्याएं आम हो गई थीं। इस स्थिति में रहना उनके परिवार के लिए असुरक्षित और कष्ट दायक था।



**प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ** - साल 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री आवास योजना ने लोकेश साहू जैसे लाखों लोगों को अपने घर का सपना पूरा करने का एक सुनहरा अवसर दिया। इस योजना के तहत, उन परिवारों को सहायता प्रदान की जाती है जो आर्थिक रूप से कमजोर होते हैं और जिनके पास अपना घर नहीं होता। लोकेश की माता ने भी इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया। उनके आवेदन की जांच के बाद, उन्हें योजना के तहत घर बनाने के लिए वित्तीय सहायता दी गई। किंतु उनका एक किश्त मिलने के बाद आकस्मिक निधन हो गया।उनके बेटे लोकेश को यह आवास मिला।

**निर्माण की शुरुआत** - लोकेश साहू ने योजना के तहत मिले पैसों का सही इस्तेमाल करते हुए अपने सपनों का घर बनाना शुरू किया। सरकार द्वारा प्रदान की गई राशि से उन्हें न केवल घर के निर्माण के लिए आवश्यक सामग्री मिली, बल्कि मजदूरी का खर्च भी उठाया गया। मकान बनाने का अनुभव तो था। स्वयं उन्होंने और उनके पिता अर्जुन ने भी अपनी मेहनत से घर बनाया। इस योजना में उन्हें घर बनाने के लिए 1.20 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्राप्त हुई। इसके अलावा, मनरेगा के तहत मजदूरी के रूप में अतिरिक्त सहायता भी मिली, जिससे निर्माण कार्य में तेजी आई।

**घर का स्वरूप और सुविधाएं** - लोकेश साहू का नया घर एक मजबूत और आधुनिक संरचना है। यह घर सीमेंट से बना हुआ है, जिसमें छत पक्की है और दीवारें मजबूत हैं। घर में दो कमरे, एक रसोईघर, और शौचालय की सुविधा है। पहले के मुकाबले अब उनका परिवार और पिता बारिश, गर्मी, और ठंड जैसी प्राकृतिक विपत्तियों से सुरक्षित महसूस करता है। शौचालय की सुविधा से स्वच्छता में भी सुधार हुआ है, जिससे परिवार का स्वास्थ्य बेहतर हुआ है।

**जीवन में सकारात्मक बदलाव** - प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिले इस घर ने लोकेश साहू और उनके परिवार की जिंदगी में कई सकारात्मक बदलाव लाए। सबसे पहला बदलाव यह था कि अब वे खुद को सुरक्षित महसूस करते हैं। अब उन्हें मौसम की मार से डरने की जरूरत नहीं है। उनके एक दो साल का बेटा है। पहले के असुरक्षित घर के मुकाबले, अब यह घर उनके लिए स्थिरता और सुरक्षा का प्रतीक बन चुका है। इसके अलावा, स्वच्छता की सुविधा ने उनके परिवार के स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाया है। पहले जहां उन्हें खुले में शौच के लिए जाना पड़ता था, अब घर में शौचालय होने से न केवल स्वास्थ्य में सुधार हुआ है, बल्कि समाज में भी उनकी प्रतिष्ठा बढ़ी है। उनके बच्चे को भी अब एक सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण मिल पाया है, जिससे वह आगे बढ़ सकेगा।

**आर्थिक स्थिरता और आत्मनिर्भरता** - प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मिले घर ने लोकेश साहू के आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता को भी बढ़ाया है। अब वे खुद को एक जिम्मेदार और आत्मनिर्भर व्यक्ति महसूस करते हैं, जो अपने परिवार के लिए एक स्थायी और सुरक्षित आशियाना प्रदान कर सका है। इस घर ने न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को स्थिर किया है, बल्कि उनके मनोबल को भी ऊंचा किया है।

# विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य की सिद्धि को समर्पित प्रधानमंत्री के जीवन का हर क्षण हमारे लिए प्रेरणा है : शिवरतन शर्मा

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com



एक भारत-श्रेष्ठ भारत के शिल्पकार नरेन्द्र मोदी के 74वें जन्मदिवस पर चल रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत भाजपा द्वारा स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। जिसमें उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा के नेतृत्व में भाजपा, भाजयूमो कार्यकर्ताओं द्वारा श्रमदान कर शासकीय बहुद्देश्यीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सफाई किया गया साथ ही विद्यालय परिसर में शिवरतन शर्मा द्वारा वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में शिवरतन शर्मा द्वारा पार्टी पदाधिकारियों एवं उपस्थितजनो को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम के संबंध में शिवरतन शर्मा ने कहा की, राष्ट्र प्रथम की पावन भावना से ओतप्रोत, अंत्योदय के प्रण और 'विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य की सिद्धि को समर्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन का हर क्षण हमारे लिए प्रेरणा है. शिवरतन शर्मा ने स्वच्छता पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को अपनाना चाहिए। शहरों, गांवों एवं प्रदेश को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए स्वच्छता को सामाजिक आंदोलन बनाने की जरूरत है। जन-जागरूकता से ही गांव, नगर, प्रदेश स्वच्छ और सुंदर बनेगा। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गरीबों के कल्याण के लिए हर समय लगातार सोचते रहते हैं और नई-नई योजनाएं बनाकर लागू करते हैं। आज समाज के गरीब, किसान, मजदूर तथा समाज के अंतिम पंक्ति तक खड़े व्यक्ति शासन की योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना, जैसी अनेकों योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों को मकान देने का काम कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि सभी पात्र लोगों को मकान मिलेंगे, लेकिन उन्हें अपनी बारी का इंतजार करना होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय प्रदेश के विकास के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। गांवों तथा नगरो में विकास के अनेकों काम चल रहे हैं। उक्त अवसर पर सुनील यदु, मोहन बांधे, आशिष जायसवाल, महाबल बघेल, सुनील डागा, योगेश अंनत, गोवर्धन डहरिया, आशीष पुरोहित, राजा कामनानी, सुखदेव यदु, नंदकिशोर अग्रवाल, कुंजराम कोशले, सतीश साहू, आनंद शर्मा, पीयूष साहू, बंटी टंडन, मोहम्मद हारून, मुकेश साहू, सूरज भोई, नीरा साहू, चेतन वर्मा, आयशा खान, अंजनी जायसवाल सहित पार्टी पदाधिकारी, विद्यालय के प्राचार्य एवं स्टाफ उपस्थित थे।

## कुरुद के पूर्व विधायक स्व. डॉ चंद्रहास साहू की चतुर्थ पुण्यतिथि को सेवा दिवस के रूप मनाया गया





पायनियर संवाददाता ◀ कुरुद/धमतरी
www.dailypioneer.com

हमारे प्रेरणास्त्रोत कुरूद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक गरीबों के सच्चे मसीहा, सेवा एवं सादगी के प्रतीक, कुरूद विधानसभा के युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए कुरूद महाविद्यालय की सौगात दिलाने वालें, कुरुद के पूर्व पूर्व विधायक स्व. डॉ चंद्रहास साहू की चतुर्थ पुण्यतिथि पर नगर के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों के द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पण किया गया। पुण्यतिथि के अवसर पर सेवा दिवस के इस अवसर पर उनके सुपुत्र नगर पंचायत कुरुद के पार्षद देवव्रत साहू के द्वारा खेल मैदान कुरुद के सामने आम नागरिकों एवं मैदान के खिलाड़ियों के लिए शुद्ध ठंडा पेय जल उपलब्ध कराने के लिए वाटर फ़्रीजर का शुभारंभ नगर के जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में किया गया। उसके पश्चात संजय नगर वार्ड 14 के आँगन बाड़ी केंद्र पहुँचकर बच्चों को स्लेट, पहाड़ा पुस्तक एवं बिस्किट का वितरण कर सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने पूर्व विधायक स्व. डॉ चंद्रहास साहू के के कार्यकाल में उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यो एवं चिकित्सा के क्षेत्र में आम ग़रीब जनता के लिए सेवा कार्यों को याद कर नमन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंडी अध्यक्ष नीलम चंद्राकर, पूर्व उपाध्यक्ष प्रमोद साहू, तहसील साहू समाज उपाध्यक्ष रामेश्वर साहू, नेताप्रतिपक्ष भानु चन्द्राकर, सभापति मनीष साहू, सभापति रोशन जांगड़े, चुम्मन दीवान, नगर साहू समाज अध्यक्ष रामप्यारे साहू, उपाध्यक्ष कृष्णकांत साहू, पार्षद देवव्रत साहू, ऐश्वर्य साहू, उमाशंकर साहू, जितेंद्र साहू, संजू चंद्राकर, खिलेश देवांगन, संतोष प्रजापति, बालमकुंद साहू, केशव साहू, यक्ष साहू, टेकराम साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रुखमणी चंद्राकर, शिवांश साहू, रणवीर साहू नगर पंचायत कुरुद के कर्मचारी गण दीपक, पवन, राजा सहित विभिन्न नागरिक उपस्थित रहें।

## राज्य स्तरीय खो–खो प्रतियोगिता में दीप क्लब कोदवा के सदस्यों ने की प्रतिनिधितव

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com





राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में दीप क्लब कोदवा के सदस्यों ने की प्रतिनिधितव 24 व राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा खो खो सीनियर वर्ग में दीप क्लब के टाकेश्वर वर्मा पिता बीरबल वर्मा एवं अंजली वर्मा पिता द्वारका वर्मा ने रायगढ़ में 19 सितंबर से 21 सितंबर 2024 तक चल रहे खो खो प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करने पर विकासखंड क्रीड़ा प्रभारी शरद पंसारी शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कोदवा के प्राचार्य राधेश्याम धुरु, खो-खो दीप क्लब के सदस्य सुनील वर्मा, सागर वर्मा, रामसत्ता वर्मा, दौलत वर्मा, पुरुषोत्तम यदु, ऋषि यदु, तोषण लाल निषाद, सत्यम वर्मा, धनेश्वर निषाद, अजय वर्मा, वासुदेव वर्मा, हरीश निषाद एवं सभी सदस्यों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## जल जीवन मिशन के तहत गांव में नल लगने से लोगों को मिली राहत

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय गरियाबंद से लगभग 40 किलोमीटर दूर वनांचल क्षेत्र के दुरस्थ ग्राम पंचायत जंगलधवलपुर के आश्रित ग्राम अच्छाछड़का सिकासेर बांध की तरफ कच्चे रास्ते में नल कनेक्शन पहुंच गया है। इस गांव में 72 परिवार निवासरत है जहां जल जीवन मिशन के माध्यम से सोलर नलजल प्रदाय योजना द्वारा ग्रामीणों के घर पर ही पीने का पानी आसानी से उपलब्ध हो रहा है। गांव की चंदकंवर नेताम ने बताई जल जीवन मिशन के माध्यम से यहां प्रत्येक घरों में नल कनेक्शन लगाया गया है। जिससे प्रत्येक घरों पर पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति हो रही है। उन्होंने बताया कि पूर्व में जल जीवन मिशन के तहत नल कनेक्शन नहीं लगा था तो पूरा मोहल्ला कुएं के पानी पर निर्भर था और कुआं सुख जाता था तो एक निजी बोर से पानी लाकर जीवन यापन किया करते थे। कुएं का पानी मटमैला होने से स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाया करता था किन्तु घर-घर नल लगने से ग्रामीणों को सुविधा हुई है। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत नल लगने से बाहर से पानी लाने की आवश्यकता नहीं पड़ती जिससे शारीरक थकान एवं समय का भी बचत हो रहा है।

## धमतरी को गरियाबंद से जोड़ने वाली महानदी पर बनी पुल धंसी

### भारी चारपहिया वाहनों की एंट्री पर लगाई गई रोक

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



धमतरी में पुल धसने से हड़कंप मच गया, बताया जा रहा है कि यहां महानदी में बने पुल का कुछ हिस्सा धंस गई है, लिहाजा यहां सुरक्षा के चलते मार्ग परिवर्तित कर भारी चारपहिया वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है आवाजाही प्राभावित हुई और वहीं मौके पर मगरलोड पुलिस की टीम भी तैनात है। मिली जानकारी के अनुसार धमतरी जिले के मगरलोड इलाके में मेघा से कुरूद जाने के मार्ग पर महानदी में बने पुल का एक हिस्सा धंस गया है जिसके चलते पुल में दरार भी आने लगी है। लिहाजा दुर्घटना की आशंका को देखते हुए अलर्ट जारी कर पुल पर भारी वाहनों की प्रवेश वर्जित कर दी गई है जिससे किसी तरह की कोई जान, माल की हानि ना हो। मेघा से कुरूद जाने वाले मुख्य मार्ग पर महानदी के बीच बने यह पुल धमतरी से गरियाबंद को जोड़ती है जिसकी लंबाई करीब एक किमी बताई जाती है वहीं रोजाना इस मार्ग से सैकड़ो हजारों लोगों का आवजाही होता है इधर पुल क्षतिग्रस्त होने से लोगों की आवाजाही प्राभावित हुई है।

## मलेरिया उन्मूलन के लिए आयोजित किया गया बैगा गुनिया सम्मेलन

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com





राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत् वनाचंल एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की ओर से बैगा.गुनिया बैठक् सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इसी कार्यक्रम के तहत् ब्लॉक मगरलोड के ग्राम मोहेरा एवं सिंगपुर में सम्मेलन सम्पन्न हुआ। मोहेरा में 9 बैगा एवं सिंगपुर में 8 बैगा गुनिया ने भाग लिया। इससे पहले दुगली नगरी में 25 बैगा-गुनिया ने भाग लिया। इस सम्मेलन का उद्देश्य ग्रामीण अंचलों में व्याप्त अंधविश्वास को दूर करना है, क्योकि मलेरिया से प्रभावित मरीज को कंपकपी के साथ बुखार आता है और लोगों में अंधविश्वास होता है। कंपकपी आने का कारण भूत-प्रेतबाधा मानते हैं। इसी अंधविश्वास को दूर करने के लिए स्थानीय बैगा-गुनिया को समझाया गया कि यह मच्छर के काटने से होने वाला रोग मलेरिया है। इसमें ठंड लेकर कंपकपी के साथ बुखार का आना। इस तरह के बुखार या कोई भी बुखार व तबीयत खराब होने पर खुन की जांच अवश्य करायें और अपने आस पास के स्वास्थ्य कर्मी व अस्पताल से जांच एवं दवाई समय पर अवश्य लें मच्छर से बचाव के उपाय करें। बैगा-गुनिया को भी समझाईश दी गयी है, कि इस तरह के आने वाले मरीजों को चिकित्सकीय सलाह लेने हेतु परामर्श करे। इस मौके पर बैगा गुनिया को सम्मेलन में उपस्थिति पर प्रमाण पत्र मुख्यचिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यूएल् कौशिक के हाथों दिया गया। यह सम्मेलन 23 सितम्बर को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गट्टासिल्ली 37 बैगा , 24 सितंबर को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिहावा 50 बैगा, 25 सितंबर को प्रा स्वा केन्द्र सांकरा 99 बैगा, 26 सित को प्रा स्वा केन्द्र बेलरगांव 46 बैगा, 27 सित को बोरई 42 बैगा, 28 सित को मगरलोड 35 बैगा, 30 सित को प्रा स्वा केन्द्र कुकरेल 29 बैगा, 1 अक्टूबर को केरेगांव 28 बैगाओ की उपस्थिति के लिए पंजीकृत की गयी है। कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है, खून की जांच अवश्य करायें।

## मैनपुर में आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

गरियाबंद। विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 23 सितम्बर 2024 को विकासखंड मैनपुर के दुर्गा मंदिर, बस स्टैण्ड मैनपुर में आयोजित किया जायेगा। शिविर में आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी शिविर में मौजूद होकर लोगों की स्वास्थ्य जांच करेंगे। शिविर में दवाई वितरण के लिए फार्मासिस्ट भी मौजूद रहेंगे। शिविर में औषधालय सेवक एवं महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता की भी ड्यूटी लगाई गई है। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. निकिता ध्रुव ने अधिक से अधिक लोगों को उपस्थित होकर स्वास्थ्य जांच कराने एवं जरूरी स्वास्थ्य सलाह प्राप्त करने की अपील की है।

## छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन के पदाधिकारी मिले मुख्यमंत्री साय से

### समाजसेवी टी.एस.सिंह कंवर बने प्रदेश संरक्षक, सीएम साय ने की छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन की कार्यों की प्रशंसा

पायनियर संवाददाता ◀ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन पत्रकारों एवं कलाकारों का महासंघ है, समाज सेवी टी.एस.सिंह कंवर के सहयोग एवं छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश रात्रे के निर्देशानुसार विश्राम गृह रायपुर में शाम 7 से 10 बजें तक प्रदेश पदाधिकारियों व जिलाध्यक्षों की अति आवश्यक बैठक चलता रहा। जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रदेश के मुखिया माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंटकर पत्रकारों एवं कलाकारों समस्याओं का अवगत कराया जाए। बैठक की आमसभा में समाजसेवी टी.एस.सिंह कंवर जो मुख्यमंत्री के दामांद हैं उन्हे सर्वसम्मति से छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन का प्रदेश संरक्षक नियुक्त किया गया। तत्पश्चात रात्रि में प्रदेश अध्यक्ष के साथ समस्त पदाधिकारी मुख्यमंत्री निवास के लिए रवाना हुए। वरिष्ठ समाजसेवी टी.एस.सिंह कंवर प्रयास से मुख्यमंत्री निवास रायपुर में माननीय मुख्यमंत्री से सभी पदाधिकारियों ने भेंट मुलाक़ात किया। जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया जिसमें मुख्यतः पत्रकार सुरक्षा कानून, पत्रकार एवं कलाकार कल्याण कोष, पत्रकारों एवं कलाकारों के लिए बीमा, फर्जी एफआईआर पर निष्पक्ष जांच आदि मुद्दों पर चर्चा किया गया। जिसमें माननीय मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किये, आपको बता दें की छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन पत्रकारों एवं कलाकारों का सबसे बड़ा संघठन है, जो निशुल्क इलाज, सुरक्षा तथा साइबर सुरक्षा, विज्ञापन, प्रशिक्षण, यात्रा सैर इत्यादि विषयों पर निरंतर कार्य करती आ रही है। छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन, छत्तीसगढ़ सरकार से जुड़कर शासन के महत्वकांयोजनाओं का प्रचार-प्रसार करती है। माननीय मुख्यमंत्री ने संघठन के कार्यों की प्रशंसा की साथ ही आभार जताया है तथा भविष्य में संघठन पर किसी भी प्रकार की समस्या ना हो उसके लिए मुख्यमंत्री निवास के एक अधिकारी को संगठन के सहयोग के लिए निर्देशित किये। मुलाकात के दौरान मुख्य रुप से समाजसेवी टी.एस.सिंह कंवर, प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश रात्रे, प्रदेश उपाध्यक्ष वेदभूषण सनेही, संयोजक दशरथ साहू, प्रदेश स्वास्थ्य सलाहकार डॉ संजय निराला, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं महासमुंद जिलाध्यक्ष छायाकांत भटट्, कार्यालय प्रभारी वेद प्रकाश महंत, रायपुर संभाग अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष गरियाबंद परमेश्वर राजपूत, दुर्ग संभाग अध्यक्ष गोपी वर्मा, रायगढ़ जिलाध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल, जिलाध्यक्ष जांजगीर चांपा नवीन जांगड़े, सारंगढ़-बिलाईगढ़ अध्यक्ष धनीराम निराला, दुर्ग जिलाध्यक्ष अभिषेक साहु, प्रदेश सदस्य दिनदयाल साहू, सुरक्षा प्रबंधक टोपेश ध्रुव, सदस्य जीवन खुंटे तथा तिल्दा से ब्लांक अध्यक्ष अविनाश उपस्थित रहें।

## स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार से संस्थागत प्रसव में हो रहा है बेहतर प्रदर्शन

### जिले के करहीबाजार स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिमाह लक्ष्य से पांच गुना अधिक प्रसव

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार से संस्थागत प्रसव में बेहतर प्रदर्शन जिले के स्वास्थ्य केंद्रों द्वारा किया जा रहा है। जिससे जच्चा बच्चा अब गंभीर जोखिमों से बच रहे है। जिले के भाटापारा विकासखंड के ग्राम पंचायत करहीबाजार में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में इस वर्ष जनवरी से लेकर अब तक 129 प्रसव हुए हैं जो औसतन 16 प्रतिमाह है। जबकि लक्ष्य 3 प्रतिमाह का है। इस तरह करहीबाजार स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिमाह लक्ष्य से पाँच गुना अधिक प्रसव हो रहा है। जो शासकीय संस्थाओं के प्रति विश्वास दिलाता है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में विगत दिनों हुए एक प्रसव में चार किग्रा के शिशु वाली गर्भवती महिला ग्राम केशला निवासी 26 वर्षीय पितर पटेल का सामान्य प्रसव कराया गया। उनके पति हरकुमार पटेल ने बताया की वह कृषि मजदूरी करते हैं और पत्नी का यह तीसरा बच्चा है। बीच में आवश्यक जांच हुई थी और हम लोग एक निजी अस्पताल भी गए थे। पर फिर करहीबाजार के स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क किये जहाँ स्वास्थ्य कार्यकर्ता शकुन बंजारे ने आवश्यक दवाईयां और सलाह दी तथा समय-समय पर हम लोग जाँच के लिए जाते रहे है। प्रसव के बाद अब जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। इस संबध में भाटापारा के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेन्द्र माहेश्वरी ने बताया की बच्चे का वजन अधिक होने के कारण प्रसव के दौरान अधिक रक्तस्राव,पेल्विक विकृति, गर्भाशय के नीचे सरकने का खतरा हो सकता है। ऐसे में स्वास्थ्य केंद्र में सामान्य प्रसव एक उपलब्धि है जिससे परिजनों का किसी संभावित परेशानी से भी बचाव हुआ। उक्त स्वास्थ्य केंद्र में शकुन बंजारे और विक्रम शर्मा ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक और आशा दिवाकर सामुदायिक स्वास्थ्य अधीकारी के रूप में अपनी सेवा दे रहे है। गौरतलब है की कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर में ही प्रसव की सुविधा प्रदान करने और संस्थागत प्रसव को बढ़ाने देने के उद्देश्य से जिला खनिज न्यास निधि से कई केंद्रों में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की नियुक्ति की गई थी जिसके अच्छे परिणाम मिल रहे है।

## चंद्रोदय के विधार्थियों में आध्यात्म व नैतिकता की ओर रुझान का उदय

पायनियर संवाददाता ◀ महासमुंद
www.dailypioneer.com

चंद्रोदय पब्लिक स्कूल महासमुंद में अध्ययनरत विद्यार्थियों की नैतिक शिक्षा का जीवन में महत्व विषय से अवगत कराने प्रजापति ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंट आबू, राजस्थान से नैतिक शिक्षा पर 40 मैग्जिन के प्रकाशक, 5000 से भी अधिक स्कूलों में व्याख्यान और भारत देश के सैकड़ों जेल में जाकर नैतिक शिक्षा के ज्ञान से आलोकित करने वाले ब्रम्हकुमार भगवान का आगमन हुआ। उपस्थित विद्यार्थियों को नैतिक शिक्षा का जीवन में महत्व विषय पर प्रकाश डालते हुए ब्रम्हकुमार भगवान ने बताया कि बच्चे भावी समाज की नींव बनाने वाले है, शिक्षा का मूल्य नैतिकता से परिपूर्ण होना है, अंधकार से प्रकाश की ओर जाना है पर बात रखते हुए कहा चंद्रोदय में कराई गयी प्रार्थना को मैंने सुना वह नैतिकता का ज्ञान सिखाती है, जिससे नींव तैयार हो रहा है। आगे छात्रों को समझाया गया कि जिस प्रकार भरे पात्र में और अधिक पानी नही डाला जा सकता। उस प्रकार आप भी मोबाइल, टी वी के गलत ज्ञान से दिमाग ना भरे बल्कि माता पिता व शिक्षको की बात माने और सच्चाई से ज्ञान का अर्जन करें। अगर ज्ञान का अर्जन सही स्वरूप में नहीं कर पाएंगे तो दुष्परिणाम कर्ण की तरह होगा जो समय आने पर विद्या का प्रयोग बचाव में ना कर सका। आगे अवगत कराते हुए बताया कि शरीर का महत्वपूर्ण भाग आत्मा है यह अजर अमर है जिनके पिता परमात्मा है। विधार्थी जीवन के (बुद्धि लब्धि), (भावनात्मक लब्धि), (नैतिक लब्धि), (आध्यात्मिक लब्धि) इनके बिना जीवन बिना सहारे के टेबल के समान व्यर्थ हैं। हमेशा सकारात्मकता, अच्छी संगत, सदाचार, अनुशासन, संतुलित भोजन, मीठे वचन व सहनशीलता को जीवन में महत्व दे। अंत में उन्होंने ध्यान मुद्रा में ओम शांति द्वारा अपनी वाणी को विराम दिया। संस्था के प्राचार्य नवीन चंद्राकर ने उनका आभार प्रकट करते हुए कहा कि हमें सकारात्मकता की अनुभूति हुई भविष्य में पुनः उनको सुनने का अनुपम अवसर प्राप्त होने की आशा प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया और साथ ही इस बात पर भी बल दिया की आज के समय में विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के साथ -साथ नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा भी देना बहुत जरूरी है, एक अच्छा डॉक्टर, इंजीनियर बनने के साथ साथ एक अच्छा इंसान बनना भी विद्यार्थी और समाज के लिए बहुत ही जरूरी है।

## पति का सपना हुआ साकार, प्रधानमंत्री आवास योजना से इंदकुंवर ध्रुव को मिला अपना पक्का मकान



पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम रसेडा निवासी इंदकुंवर ध्रुव का जीवन संघर्ष और हिम्मत से भरा रहा है। 20 साल पहले उनके पति मनीष ध्रुव जो कि एक ईंट भट्ठे में मजदूरी करते थे.लंबी बीमारी के बाद इस दुनिया से चले गए। उस समय इंदकुंवर पर जैसे पहाड़ टूट पड़ा हो। पति की मृत्यु के बाद पूरे परिवार की जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई। उनके पास न कोई बड़ी संपत्ति थी, न ही कोई स्थिर आय का स्रोत। परिवार को पालने के लिए इंदकुंवर ने दूसरों के खेतों में मजदूरी करना शुरू किया। उनकी जिंदगी का एकमात्र उद्देश्य था, अपने तीन बच्चों का पालन-पोषण और उन्हें बेहतर भविष्य देना। इंदकुंवर के दो लड़के और एक लड़की है। तीनों बच्चों को मजदूरी करके जैसे तैसे पढ़ाया,लेकिन आर्थिक तंगी के कारण उन्हें अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़नी पड़ी और मजदूरी में लगना पड़ा, ताकि वे अपनी मां का सहारा बन सकें। ऐसे कठिन समय में सरकार की योजनाओं ने इंदकुंवर की जिंदगी में एक नई रोशनी की किरण दिखाई। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उन्हें अपना घर बनाने का मौका मिला। उनके पास अब एक पक्का घर है, जो उनके जीवन की सबसे बड़ी जरूरत थी। इसके साथ ही महतारी वंदना योजना के तहत उन्हें आर्थिक सहयोग मिलता है,जिससे घर का खर्च चलाने में काफी मदद हो जाती है। सरकार की इन योजनाओं ने उनकी जिंदगी को स्थिरता और सुरक्षा दी है। इंदकुंवर अब खुद को और अपने बच्चों को एक सुरक्षित भविष्य की ओर बढ़ते देख रही हैं। इंदकुंवर ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा अगर सरकार की ये योजनाएं न होतीं, तो हम इस कठिन समय को कैसे पार कर पाते,यह सोच पाना भी मुश्किल है। मेरे पति का सपना था की हमारा भी पक्का मकान हो जो अब पूरा हो गया है. इससे हमारा जीवन पहले से कहीं बेहतर भी हो गया है।

## लेडीज क्लब ने शिक्षक दिवस एवं हिन्दी दिवस मनाया



पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

लेडीज क्लब धमतरी के तत्वाधान में 21 सितंबर को शिक्षक दिवस एवं हिंदी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से हुआ। लेडीज क्लब धमतरी में कार्यक्रम प्रभारी शुभ्रा गौर एवं आरती कौशिक के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्ष श्रद्धा कश्यप के द्वारा संचालन किया गया। क्लब की शिक्षिकाएं बलजीत आनंद डॉक्टर भारती राव, कामिनी कौशिक रचना नायडू, तनुजा सेन, श्रद्धा कश्यप, साधना साहू आदि का पुष्प गुच्छ एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। साधना साहू रचना नायडू, तानुजा सेन, श्रद्धा कश्यप, माधवी शर्मा, नीता रणसिंह, आरती कौशिक, काजल सिन्हा द्वारा शिक्षकीय उद्बबोधन दिया गया। लजीज एवं सुस्वादी व्यंजनों ने सबका दिल जीत लिया। हाउजी एवं सब्जी के नाम लिखो के गेम रखे गए हो उसी में तनुजा सेन बबली राजोरिया देविका साहू द्वितीय गेम में साधना साहू बबली राजोरिया आरती कौशिक हाउस टू में काजल सिंन्ह आरती कौशिक नीता रणसिंह रेनू खनूजा दूसरे गेम में माधुरी शर्मा आरती कौशिक साधना साहू ने पुरस्कार जीते। इस अवसर पर उषा गुप्ता चंदा शर्मा बीना नायडू, सीमा हरदेल, पूनम सिंह, गायत्री साहू, ज्योति गुप्ता, प्रतिभा गुप्ता, संतोष लखोटिया, शिरीन हाशमी, मंजू सेन आदि मौजूद रहे। यह कार्यक्रम रचना नायडू एवं तनुजा सेन के सौजन्य से संपन्न हुआ।

# सांसद विजय बघेल एवं विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने किया राष्ट्रीय पोषण माह पर मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ

■ तीन दिनी आयोजन में रैली, भाषण, निबंध, चित्रकला, परिचर्चा, प्रश्न मंच और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के संयोजन से बढ़ाई जाएगी जागरूकता






पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो रायपुर द्वारा मंगल भवन नगर निगम भिलाई चरोदा जिला दुर्ग में राष्ट्रीय पोषण माह पर तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है, जिसका शुभारंभ सांसद विजय बघेल एवं क्षेत्र के विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा द्वारा रिबन काटकर तथा द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। इसके पश्चात अतिथियों ने राष्ट्रीय पोषण माह से संबंधित विस्तृत जानकारी पर आधारित मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का अवलोकन किया। तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों का स्वागत क्षेत्रीय प्रदर्शनी अधिकारी शैलेष फाये ने गुड़हल का पौधा भेंट कर किया। इस अवसर पर स्वागत भाषण में जानकारी देते हुए शैलेष फाये ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह पर तीन दिवसीय मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी में चित्रकला भाषण निबंध रंगोली जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई हैं, इसके साथ-साथ विभागीय पंजीकृत सांस्कृतिक दलों की प्रस्तुति भी की जाएगी। इस आयोजन में महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों को एकत्र कर विभिन्न आयोजन कराए जा रहे हैं। उद्घाटन अवसर पर बोलते हुए विधायक डोमनलाल कोरसेवाड़ा ने कहा की राष्ट्रीय पोषण माह के आयोजन से लोगों को अपने खान-पान और स्वास्थ्य के बारे में अच्छी जानकारी मिलेगी। विषय पर अपने संबोधन में बोलते हुए सांसद विजय बघेल ने कहा कि वर्तमान समय में अपने आहार के बारे में विशेष सावधानी रखने की आवश्यकता है। ऐसा देखा जा रहा है कि कम उम्र के लोगों में उच्च रक्तचाप और शुगर की बीमारी बढ़ती जा रही है, इसका मुख्य कारण जागरूकता की कमी है। इस तरह के आयोजन से लोगों को पोषण और स्वास्थ्य के विषय में भली भांति जागरूक किया जा सकता है। उन्होंने आगे बोलते हुए कहा कि स्वस्थ नागरिकों से ही स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण होगा। इस अवधारणा को पूरा करने के लिए मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी बहुत अच्छा माध्यम है। आयोजन के दौरान स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सांसद विजय बघेल ने उपस्थित जन को स्वच्छता शपथ दिलवाई और स्कूल कॉलेज के विद्यार्थियों को लेकर एक जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में सही पोषण देश रोशन जैसे गगन भेदी नारे लगाते हुए छात्र-छात्राओं ने भिलाई तीन की बस्तियों में घूम कर पोषण संदेश दिये। रैली के पश्चात कार्यक्रम स्थल पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसका विषय सही पोषण देश रोशन रखा गया था, साथ ही चित्रकला प्रतियोगिता जिसका विषय पोषण आहार एवं स्वच्छता रखा गया था इसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दल स्वर धारा के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर पोषण पर संदेश दिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आयुक्त नगर निगम डीएस राजपूत, रामखिलावन वर्मा, फिरोज फारुकी, सुशांत वर्मा, सुषमा जेठानी, दिलीप सिंह पटेल, सतीश साहू, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी मती किरण मघाड़े, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्रचार मती आशा जैन, शासकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अल्पना देशपांडे सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण आहार संबंधी प्रदर्शनी भी लगाई गई।

# कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्र में मनाये जा रहे वजन त्यौहार का किया निरीक्षण

## सभी केन्द्रों में वजन त्यौहार का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने मानिकचौरी स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में मनाए जा रहे वजन त्यौहार का निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का जायजा लिया एवं उपस्थित कार्यकर्ताओं से पोषण माह अंतर्गत प्रतिदिवस किए जा रहे गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों का वजन एवं ऊंचाई मापा गया। कलेक्टर ने कार्यकर्ताओं को शिशुवती माताओं व अन्य हितग्राहियों को पोषण के संबंध में पूरी जानकारी प्रदान करने तथा बच्चों के स्वास्थ्य का उचित ध्यान रखने हेतु जागरूक करने की बात कही। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों के अलावा गर्भवती एवं शिशुवती माताओं से पौष्टिक खाद्य पदार्थों एवं टीकाकरण के संबंध में भी जानकारी ली। गर्भवती एवं शिशुवती माताओं ने बताया कि बच्चों के अलावा गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को नियमित रूप से गर्म भोजन प्रदान किया जाता है। इस अवसर पर कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों को केला एवं गर्भवती माता को पौष्टिक आहार प्रदान किया। साथ ही उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र के शौचालय, पोषण वाटिका का निरीक्षण भी किया। जिले में बच्चों के पोषण स्तर के आंकलन के लिए केन्द्रों में वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत जिले के प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र में 0 से 6 साल से कम उम्र के बच्चों का वजन एवं ऊंचाई मापना, पोषण स्तर की जांच एवं उनके अभिभावकों को पोषण संबंधित जानकारी दिया जा रहा है। राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रतिदिन पोषण संबंधी विभिन्न गतिविधियां आयोजित हो रही है। जिले में 23 सितम्बर 2024 तक सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है।

# अलास्का कम्प्यूटर कॉलेज में किया जा रहा है पीएम विश्वकर्मा योजना का संचालन

पायनियर संवाददाता ➤ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com




भारत सरकार की महत्वकांछी योजनाओं में से एक पीएम विश्वकर्मा योजना का संचालन अलास्का शिक्षण एवं सेवा समिति के द्वारा संचालित अलास्का कम्प्यूटर कॉलेज में प्रारंभ होने जा रहा है इसकी जानकारी संस्था के संचालक मो. फिरोज ने दी। उन्होंने बताया कि कुछ दिवस पूर्व ही नेशनल स्किल डेवलपमेंट काउंसिल नई दिल्ली के द्वारा संस्था के पंजीयन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिसकी ट्रेनिग प्रोवाइडर एमपावर प्रगति प्राइवेट लिमिटेड नई दिल्ली है। अतः अलास्का कंप्यूटर कॉलेज जिले का पहला ऐसी संस्था है जहां पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत चलाए जा रहे 18 कोर्सेस में से राजमिस्त्री कोर्स का प्रशिक्षण कार्य कराया जाएगा। जिसमे प्रतिदिन हितग्राहियों को 500 स्टाइपेंड भी मिलेगा। आगे जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण लेने से नए औज़ारों और तकनीकों का पता चलेगा। एवं काम जल्दी पूरा होगा और समय की बचत भी होगी। ऐसे हितग्राही, जिन्होंने पूर्व में पीएम विश्वकर्मा योजना का फॉर्म भरा था और जिनके पास सर्टिफिकेट है, वे ही इस उपयोगी योजना का लाभ ले सकते हैं। कालेज प्रबंधन द्वारा उन हितग्राहियों को कॉल करके प्रशिक्षण कार्य की जानकारी दी जाएगी। योजना के लाभ-विश्वकर्मा भाई - बहनों को 3 लाख तक बिना गारंटी ऋण। 15000 तक का टूल किट। स्किल अपग्रेडेशन के लिए ट्रेनिंग और 500 प्रतिदिन स्टाइपेंड, प्रशिक्षण कार्य पूर्ण होने के पश्चात नेशनल स्किल डेवलपमेंट काउंसिल द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र।

# तालाब में विसर्जन से फैली गंदगी को महापौर और नागरिकों ने मिलकर किया साफ





पायनियर संवाददाता ➤ रिसाली
www.dailypioneer.com

कल्याणी मंदिर शीतला तालाब की सफाई श्रमदान कर किया। रिसाली महापौर शशि सिन्हा के साथ पार्षद और नागरिकों ने हाथ बढ़ाया। श्रमदान में योग लंगर परिवार के सद्स्य भी शामिल थे। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत नगर पालिक निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा के मार्गदर्शन में लक्ष्मीनगर वार्ड स्थित कल्याणी शीतला मंदिर तालाब में श्रमदान अभियान चलाया गया। दरअसल पूर्व में इस तालाब की सफाई दुर्ग ग्रामीण विधायक और राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर व महापौर शशि के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया था। वर्तमान में तालाब विसर्जन सामाग्री से पट गया था। श्रमदान कर दो ट्रेक्टर से अधिक विसर्जन अवशेष को निकाला गया। घाट की सफाई जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने की। श्रमदान कार्यक्रम में विशेष रूप से महापौर शशि सिन्हा, पार्षद विधि यादव, धर्मेन्द्र भगत, ममता सिन्हा, गजेन्द्री कोठारी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र साहू, भाजपा मण्डल महामंत्री राजू जंघेल, योग लंगर परिवार के अशोक महेश्वरी आदि उपस्थित थे।

**तालाब के सतह से निकाला अवशेष**-आस पास के लागों के लिए तालाब निस्तारी का मुख्य साधन है। इसी तालाब में बड़ी संख्या में पूजा सामाग्री को विसर्जन कर दिया गया था। पूजा सामाग्री के अवशेष पानी के सतह में बैठ गया था। जिसे मछुवारे की मदद से बाहर निकाला गया।

**पार्षद ने रख रखाव की उठाई जिम्मेदारी**-तालाब के सामने वार्ड 13 टंकी मरोदा स्थित है। वे इसके पूर्व तालाब को सहजने पार्षद विधि यादव के नेतृत्व में 40-50 की संख्या में नागरिक सप्ताह में एक बार श्रमदान करते थे। पार्षद विधि ने तालाब के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के लिए फिर से सप्ताह में एक दिन नागरिकों के साथ श्रमदान करने का निर्णय लिया है।

# बीएसएफ जवानों ने किया 61 यूनिट रक्तदान



पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार ब्लड सेंटर में रक्त की उपलब्धता बनाए रखने हेतु निरंतर शिविर के माध्यम से रक्तदान कराया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी के मार्गदर्शन में एफटी.आर. मुख्यालय बी.एस.एफ. (एसपीएल-ओपीएस) सीजी मुख्य कार्यालय रिसाली सेक्टर भिलाई में रक्तदान शिविर आयोजन किया गया। बी.एस.एफ. से डॉ. वनिता मूर्ति डीआईजी (चिकित्सा) एवं डॉ. तारिख के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रक्तदाता बी.एस.एफ. जवानों के द्वारा 61 यूनिट बहुमूल्य रक्तदान किया गया। उक्त शिविर में ब्लड बैंक के नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण अग्रवाल, डॉ. पीयूष श्रीवास्तव, लैब टेक्नीशियन रोशन सिंह, नर्सिंग ऑफिसर तरूणा रावत, काउंसलर टी. एस. एंथोनी, लैब इंचार्ज रूपेश सरपे, लैब टेक्नीशियन महेंद्र चंद्राकर, कुसुम चंद्राकर, निशु, कौशल साहू, अशोक मानिकपुरी, प्रशिक्षणार्थी सुनील, गोवर्धन, रिया, वीना, धनेश्वरी की उल्लेखनीय भूमिका और सकारात्मक सहयोग रहा।

# प्रिंस और पार्थ (जुड़वा बच्चों) ने दी कुपोषण को मात

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



यह कहानी परियोजना दुर्ग ग्रामीण सेक्टर उतई के ग्राम रिसामा के दो जुड़वा बच्चों प्रिंस और पार्थ की है। माता राजेश्वरी, पिता रविशंकर तथा परिवार को जैसे ही नए बच्चे के आगमन का पता चला, पूरे परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। माता का रजिस्ट्रेशन आंगनबाड़ी में हुआ और उसे सभी सेवाओं का लाभ और समझाइश आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लीला ठाकुर के द्वारा दिया जाने लगा। सही समय पर माता हॉस्पिटल में भर्ती हुई और 9 दिसंबर 2023 को दो प्यारे-प्यारे जुड़वा बच्चों का जन्म हुआ। लेकिन दोनों बच्चों में से पार्थ का वजन 2 किलो और प्रिंस का वजन सिर्फ1.6 किलो था। अब पूरे परिवार की परीक्षा की घड़ी थी, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और सब बच्चों को सुपोषित करने में भीड़ गए। बच्चे को पहले 10 दिन तक हॉस्पिटल में रखा गया और उनको कंगारू मदर केयर दिया गया। जब दोनों बच्चों को घर में लाया गया, अभी भी दोनों बच्चों का वजन बहुत ज्यादा नहीं बढ़ा था। परिवार में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, एएनएम, सेक्टर पर्यवेक्षक प्रमिला वर्मा ने लगातार गृहभेट किया। माता और पूरे परिवार को कंगारू मदर केयर अंतर्गत थोड़ी-थोड़ी देर में बच्चों को शरीर से लगाकर रखने की समझाइश दी गई। जिससे बच्चा गर्म रहे, साथ ही माता को साफ सफाई और अपने खान पान पर विशेष ध्यान देने के लिए बताया गया ताकि दूध अच्छे से बने। मां द्वारा 6 माह तक सिर्फ और सिर्फ स्तनपान करवाया गया, 6 माह पूरा होते ही कार्यकर्ता की निगरानी में ऊपरी आहार की शुरुआत की गई। कार्यकर्ता और पर्यवेक्षक के लगातार गृहभेट से अब 9 माह के हो चुके दोनों बच्चे पोषण माह के वजन त्योहार में लिए गए वजन में सामान्य की श्रेणी में हैं।

# सामाजिक कुरीतियों की जड़ 'नशा', नशा मुक्त जिला बनाने संगोष्ठी का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ रानीतराई
www.dailypioneer.com




बढ़ते अपराध को नियंत्रित करने के लिए युवाओं को नशा मुक्त भारत अभियान से जुड़ना होगा। सामाजिक कुरीतियों की जड़ "नशा" है। युवा संकल्प ले की "एक युद्ध नशे के विरुद्ध" सक्रिय रूप से आगे आए। दुर्ग पुलिस द्वारा दुर्ग जिलों को नशा मुक्त जिला बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उपरोक्त विचार स्व. दाऊ रामचंद्र साहू शासकीय महाविद्यालय एवं रानीतराई पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष बंछोर ने व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये जिला पंचायत के उपाध्यक्ष अशोक साहू ने युवाओं से कहा कि उन्हें नशे की प्रवृत्ति को रोकना होगा ताकि आपका परिवार, समाज, ग्रामीण अंचल का विकास हो सके और हम नशा मुक्त राष्ट्र के निर्माण में आगे बढ़ सके। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जनभागीदारी विकास समिति के अध्यक्ष एवं रानीतराई के सरपंच निर्मल जैन ने युवाओं को आह्वान करते हुए कहा कि छात्रों को नशा अपनी पढ़ाई से करना चाहिए तथा मोबाइल के अधिक उपयोग नहीं करना चाहिए। अनावश्यक मोबाइल के उपयोग से बचे। जीवन को विकसित करने का नशा करे। इस अवसर पर जनपद सदस्य पाटन, रवि सिन्हा ने कहा कि युवाओं को संकल्प लेना चाहिए कि वह नशा को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे। युवा शक्ति राष्ट्र शक्ति है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं नशा मुक्ति केंद्र के संयोजक अजय कल्याणी ने कहा कि आज नशा मुक्त अपराध -अपराध मुक्त समाज निर्माण में सक्रिय होना चाहिए। नीदरलैंड एक ऐसा देश है जहां हमें अपराध कम हो रहा है और पुलिस का काम खत्म हो रहा है। दुर्भाग्य से युवा सपूत नहीं कपूत बन रहे हैं। नशे की प्रवृत्ति घर घर में प्रवेश की तो पूरा घर बर्बाद हो जाता है। युवा संस्कृति एवं सभ्यता से दूर होते जा रहे है। यदि युवा आज जागृत नहीं हुए तो भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। कार्यक्रम के प्रारंभ में छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। महिला रक्षा टीम की निरीक्षक संगीता मिश्रा ने सुरक्षा संबंधी जानकारी देते हुए कहा कि छात्रों को मोबाइल में "अभिव्यक्ति ऐप" से जुड़ना चाहिए जो मोबाइल लोकेशन पर आधारित है। यह पूरे छत्तीसगढ़ में प्रभावशील है।

# बच्चे, जवान और वरिष्ठ नागरिक मैराथन में हुए शामिल, स्वच्छता का संकल्प लेने किया हस्ताक्षर







पायनियर संवाददाता ➤ रिसाली
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम ने मैराथन का आयोजन किया। सुबह 8 बजे शुरू हुए दौड़ में सरकारी स्कूल के बच्चें, बी.एस.एफ. के जवान, योग लंगर परिवार और बड़ी संख्या में नागरिकों व जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत आयुक्त मोनिका वर्मा के मार्गदर्शन में मैराथन दौड़ का आयोजन किया। रिसाली निगम के द्वारा कराए गए मैराथन में निगम क्षेत्र के 1000 से ज्यादा लोगों ने दौड़ लगाई। एक किलोमीटर के दौड़ में रिसाली को स्वच्छ बनाने के नारे भी लगाए। दौड़ के पहले निगम आयुक्त ने समाज सेवी, समाजिक संगठन और स्वयं सेवी संस्थाओं से परिचय लिया। मैराथन को हरी झंडी महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, एमआईसी अनुप डे, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, पार्षद धर्मेन्द्र भगत, रमा साहू, संजू नेताम, ममता सिन्हा, मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे आदि उपस्थित थे।

**पहले किया हस्ताक्षर**-रिसाली को स्वच्छ रखने पहले हस्ताक्षर कराया गया। इसके लिए अलग से जोहार चैक पर हस्ताक्षर बोर्ड लगाया गया था। इसी बोर्ड पर नागरिक, स्कूली बच्चों और बी.एस.एफ. के जवानों ने हस्ताक्षर कर स्वच्छता अभियान से जुड़े।

**दौड़ में बनाया स्थान**-मैराथन दौड़ में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को नगर पालिक निगम 2 अक्टूबर के कार्यक्रम में सम्मानित करेगा। शनिवार को हुए मैराथन में निखील सेजस रिसाली, यशवर्धन रूआबांधा, हेमचंद टंकी मरोदा, ओम प्रकाश श्रीवास योग लंगर, एन रभा बीएसएफ समरप्रीत सिन्हा बीएसएफ निधी सेजस रिसाली, वासनी सेजस रिसाली, रावजीत कौर सेजस रिसाली ने प्रथम नौ स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल पीटीआई जावेद, प्रवीण यदु, नवीन, टी बेलचंदन, अरूणा धृतलहरे शामिल थे।

पोषण माह, वजन त्यौहार और स्वच्छता ही सेवा अभियान अन्तर्गत वाल राइटिंग एवं वर्कशॉप के जरिये लोगों को दे रहे जानकारी

# पोषण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने घर-घर पहुंच रहे युवोदय स्वयंसेवक

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com







जिला प्रशासन दुर्ग और यूनिसेफ के मार्गदर्शन में युवोदय स्वयंसेवकों द्वारा समुदाय में विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इन गतिविधियों का उद्देश्य पोषण, स्वास्थ्य, स्वच्छता, और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना है। इन कार्यक्रमों का मुख्य आकर्षण वजन त्योहार, पोषण माह, दीवार लेखन जागरूकता और स्वच्छता ही सेवा अभियान रहा है, जिसमें विभिन्न स्तरों पर जनसहभागिता देखी गई।

**वजन त्योहार**-इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कुपोषण और शारीरिक विकास से संबंधित समस्याओं के प्रति जागरूकता फैलाना है। इसमें बच्चों के वजन और स्वास्थ्य की जांच की गई और उनके अभिभावकों को सही पोषण की जानकारी दी गई। इसके अंतर्गत कई शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बच्चों ने भाग लिया।

**पोषण माह दीवार लेखन जागरूकता**-पोषण माह के अंतर्गत युवोदय स्वयंसेवकों द्वारा दीवार लेखन के माध्यम से स्वस्थ आहार और संतुलित पोषण के महत्व पर जोर दिया गया। दीवारों पर स्वास्थ्य और पोषण से संबंधित चित्रों और संदेशों का चित्रण किया गया, ताकि समुदाय में सकारात्मक संदेश फैलाया जा सके। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को पोषण संबंधी मिथकों को तोड़कर सही जानकारी देना था।

**स्वच्छता ही सेवा अभियान**-स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत युवोदय स्वयंसेवकों ने विभिन्न गांवों और शहरों में स्वच्छता जागरूकता रैलियां निकालीं। इसमें समुदाय के सदस्यों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी गई और खुले में शौच की समाप्ति की दिशा में ठोस कदम उठाने पर जोर दिया गया। इस अभियान के माध्यम से साफ-सफाई बनाए रखने और स्वच्छता की आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस पूरे अभियान के दौरान, युवोदय स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर जागरूकता फैलाने का काम किया और स्वास्थ्य विशेषज्ञों के साथ मिलकर समुदाय को सही जानकारी दी। यूनिसेफका तकनीकी समर्थन और जिला प्रशासन का सहयोग इस अभियान की सफलता का मुख्य आधार रहा। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने इस अभियान की सराहना की और कहा कि समुदाय में जागरूकता फैलाना और लोगों को सही जानकारी देना आवश्यक है ताकि स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण हो सके। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास एवं युवोदय नोडल अधिकारी अजय शर्मा ने कहा कि युवोदय स्वयंसेवक लगातार वजन त्यौहार में आंगनबाड़ी केंद्रो मे जाकर सहयोग प्रदान कर रहे है और अभियान को सफल बना रहे है। यह कार्यक्रम आने वाले समय में भी निरंतर जारी रहेगा, जिसमें समुदाय के सभी वर्गों को शामिल कर और अधिक प्रभावी जागरूकता फैलाने की योजना बनाई जा रही है।

# डॉक्टर और दिव्यांग ने रक्तदान कर मानवता का फर्ज किया अदा


पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com




कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय दुर्ग में संचालित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में जिला चिकित्सालय में एडमिट सिकलिन मरीज को ब्लड की आवश्यकता होने पर डॉ. अतुल अग्रवाल मेडिसिन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ आर्य नगर निवासी द्वारा और डॉ. ममता अग्रवाल स्त्री रोग विशेषज्ञ दोनों के द्वारा बारहवीं बार रक्तदान किया गया। इसी प्रकार एडमिट डिलीवरी मरीज सुचीता बारिख को ब्लड की आवश्यकता पड़ने पर दिव्यांग श्रीकांत बारिख पावर हाउस भिलाई निवासी के द्वारा 28 वीं बार ओ-पाजिटिव रक्तदान किया गया। इस रक्तदान शिविर में ब्लड बैंक के नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण अग्रवाल, नर्सिंग आफिसर तरूणा रावत एवं सती गुप्ता, लैब टेक्नीशियन मधुसूदन देवांगन, तीरथ यादव, हिमांशु चंद्राकर, माला, प्रशिक्षणार्थी भारती, चित्ररेखा, डेमन उपस्थित थे। सभी ने रक्तदाओ को साधुवाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# कार्तिक आर्यन की आगामी फिल्म की हीरोइन होंगी तृप्ति डिमरी



कार्तिक आर्यन की आगामी फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट आया है। उनकी म्यूजिकल लव स्टोरी की हीरोइन तृप्ति डिमरी होंगी। फिल्म का निर्देशन अनुराग बसु करेंगे। अब जबकि इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'भूल भुलैया 3' की शूटिंग खत्म होने के बाद इसके पोस्ट प्रोडक्शन के काम ने तेजी पकड़ ली है, फिल्म के हीरो कार्तिक आर्यन ने अपनी अगली फिल्म की तैयारियां शुरू कर दी हैं। फिल्म की हीरोइन को लेकर भी बादल करीब करीब पूरे छंट चुके हैं। और, वेब सीरीज 'कॉल मी बे' के प्रीमियर पर सारा अली खान का कार्तिक से गले मिलना, पुराने दिनों को फिर से ताजा करने की कोशिश करना और अपने पुराने प्रेम को फिर से सुर्खियों में लाने की कोशिश करना सब बेकार हो गया है। कार्तिक आर्यन की इस म्यूजिकल लव स्टोरी की हीरोइन तृप्ति डिमरी ही होंगी, ये खबर 'अमर उजाला' ने ही सबसे पहले आपको दी थी और अब खबर ये है कि इस फिल्म की शूटिंग इसी महीने के आखिर में शुरू होने जा रही है। फिल्म के निर्देशक अनुराग बसु हैं और ये वही फिल्म है जिसके नाम को लेकर मामला अदालत तक पहुंच चुका है और जिसके नाम में 'आशिकी' शब्द के इस्तेमाल को लेकर फिल्म निर्माता कंपनी टी सीरीज की विशेष फिल्म्स से ठनी हुई है। महेश भट्ट अब अपने भाई मुकेश भट्ट की इस कंपनी से अलग हो चुके हैं। उनके शागिर्द रहे अनुराग बसु ने 'आशिकी 3' के नाम से शुरू हुई इस फिल्म का प्री प्रोडक्शन करीब करीब पूरा भी कर लिया है। फिलहाल ये फिल्म अनाम है। इस फिल्म में भी पहले की दोनों फिल्मों की तरह संगीत सबसे अहम होगा और सूत्र बताते हैं कि संगीतकार प्रीतम ने फिल्म के लिए करीब एक दर्जन गाने बनाकर टी सीरीज के सीएमडी और इस फिल्म के निर्माता भूषण कुमार को सुना भी दिए हैं। उधर, तृप्ति साथ इन दिनों राजकुमार राव के साथ बनी अपनी फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' का प्रचार भी करती दिख रही हैं। इसके एक कार्यक्रम में हाल ही मे जिस तरह फोटोग्राफर्स राजकुमार राव को हक्का बक्का छोड़ तृप्ति की तरफ भागे, उससे इस बात का भी इशारा मिलता है कि तृप्ति का ताप अभी और बढ़ने वाला है।



# बे बन फिर धमाल मचाएंगी अनन्या पांडे, प्राइम वीडियो ने किया कॉल मी बे सीजन 2 का आधिकारिक एलान

हाल ही में रिलीज हुई अमेजन प्राइम वीडियो की वेब सीरीज कॉल मी बे को समीक्षकों और दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। अनन्या पांडे की मुख्य भूमिका वाले इस शो ने 6 सितंबर को रिलीज होने के बाद से काफी लोकप्रियता हासिल की। वहीं, अब निर्माताओं ने इसके दूसरे सीजन की पुष्टि कर दी है, जिसने शो के प्रशंसकों के उत्साह को बढ़ा दिया है। प्राइम वीडियो ने एक्स पर शो के दूसरे सीजन की आधिकारिक घोषणा की। हैंडल ने एक वीडियो असेंबल पोस्ट किया जिसमें अनन्या पांडे और सीजन एक के अन्य कलाकार वरुण सूद, विहान समत, मुस्कान जाफरी, निहारिका लायरा दत्त और लिसा मिश्रा शामिल हैं, जो दर्शाता है कि वे अपनी भूमिकाओं को दोहराएंगे। पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा गया है, बेला एक नए सीजन के साथ हमें फिर से लुभाने आ रही है। वीडियो घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए एक यूजर ने लिखा, इंतजार नहीं कर सकता। एक अन्य ने टिप्पणी की, बे की दोगुनी खुराक। एक तीसरे प्रशंसक ने लिखा, मेरा पसंदीदा शो वापस आने वाला है। एक टिप्पणी में यह भी लिखा था, इसके लिए काफी बे-करार। सीरीज में अनन्या पांडे ने बेला उर्फ बे चौधरी का किरदार निभाया है। कहानी उन्हीं के किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक आलीशान जिंदगी जीती थी और अब मुंबई में अपने नए जीवन के साथ तालमेल बिठाने के लिए संघर्ष कर रही है। कॉल मी बे का निर्माण करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले किया गया है। इसमें अपूर्व मेहता, सोमेन मिश्रा और करण जौहर कार्यकारी निर्माता हैं। इस सीरीज की कल्पना इशिता मोइत्रा ने की थी जिन्होंने इसे समीना मोटलेकर और रोहित नायर के साथ मिलकर लिखा है। कॉलिन डीकुन्हा ने इस सीरीज का निर्देशन किया। कॉल मी बे वर्तमान में प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है और इसे इसके मूल हिंदी संस्करण के अलावा तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में भी देखा जा सकता है। काम के मोर्चे पर, कॉल मी बे 2 के अलावा अनन्या पांडे के पास कई अन्य प्रोजेक्ट भी हैं। वह समत के साथ फिल्म सीटीआरएल में नजर आएंगी। विक्रमादित्य मोटवाने द्वारा निर्देशित यह फिल्म 4 अक्तूबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।



# कभी लंगड़ा त्यागी तो कभी उदयभान, जानें कब-कब पर्दे पर विलेन बनकर छाए सैफ अली खान

**सैफ अली खान हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सबसे प्रतिभाशाली कलाकारों में से एक हैं। उन्होंने कई फिल्मों से खुद को सबसे बेहतरीन अभिनेता के रूप में साबित किया है। हीरो के साथ खलनायकी के रोल से भी उन्होंने लोगों पर अपनी गहरी छाप छोड़ी है। वह जल्द ही फिल्म देवरा में एक बार फिर से नकारात्मक भूमिका में नजर आने वाले हैं। इससे पहले भी वह बड़े पर्दे पर विलेन बनकर दर्शकों पर अपना गहरा प्रभाव छोड़ चुके हैं। आइए उन फिल्मों के बारे में जानते हैं ...**

### आदिपुरुष

पिछले साल यानी 2023 में रिलीज हुई फिल्म आदिपुरुष भले ही लोगों को पसंद नहीं आई, लेकिन सैफ ने इस फिल्म में बेहतरीन अदाकारी दिखाई थी। फिल्म में उनके किरदार का नाम लंकेश था। इस फिल्म का निर्देशन ओम राउत ने किया था। सैफ के अलावा इसमें प्रभास, कृति सेनन, सैफ अली खान, सनी सिंह और देवदत्त नागे भी थे।

### तान्हाजी

फिल्म तान्हाजी में अजय देवगन ने मुख्य भूमिका निभाई थी, लेकिन अपने नकारात्मक रोल से सैफ अली खान पर्दे पर छा गए थे। उदयभान सिंह राठौड़ के किरदार में उन्होंने खूब वाहवाही बटोरी थी। फिल्म का निर्देशन ओम राउत ने किया था। इसमें काजोल और शरद केलकर ने भी अहम भूमिकाएं निभाई थीं।

### ओमकारा

ओमकारा में लंगड़ा त्यागी का किरदार निभाकर सैफ ने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। देशभर में उनके इस किरदार को दर्शकों ने खूब सराहा था। विशाल भारद्वाज के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अजय देवगन, करीना कपूर, कोंकणा सेन शर्मा, विवेक ओबेरॉय और बिपाशा बसु भी थे। बॉक्स ऑफिस पर भी यह फिल्म सफल रही थी।

### एक हसीना थी

सैफ ने साल 2004 में पहली बार विलेन का किरदार निभाया था। एक हसीना थी में सैफ एक बेरहम प्रेमी की भूमिका में थे। उर्मिला मातोंडकर इस फिल्म की मुख्य अभिनेत्री थीं। श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में आदित्य श्रीवास्तव और सीमा बिस्वास थीं। फिल्म में सैफ की अदाकारी को दर्शकों ने खूब पसंद किया था।

# ऐश्वर्या राय की तारीफ में बोले अभिनेता चियान विक्रम

अभिनेता चियान विक्रम और अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन काफी अच्छे दोस्त हैं। दोनों ने साल 2010 में आई फिल्म रावण में साथ में काम किया था। तेलंगाना अभिनेता अक्सर ऐश्वर्या राय की तारीफ करते नजर आते हैं। एक बार फिर उन्होंने ऐश्वर्या के काम, उनके डांस और साउथ सिनेमा में उनकी छाप को लेकर बात की है। ऐश्वर्या राय के लिए अभिनेता चियान विक्रम ने कहा, उसने हमेशा सभी का दिल चुराया है। ऐश हमेशा उस पूर्णता की तस्वीर का प्रतीक रही हैं जिसे हम देखते हैं। मैंने हमेशा उनकी फिल्में देखी हैं और यह सिर्फ उनकी फिल्मों और उनकी सुंदरता के बारे में नहीं था। यह इस बारे में था कि वह किस चीज के लिए खड़ी थीं। उन्हें हमेशा देखा जाता है, उन्हें हमेशा परफेक्ट रहने की जरूरत होती है और उन्होंने इसे स्टाइल में किया है। ऐश्वर्या राय के नृत्य की तारीफ की चियान ने कहा, यह एक ईमानदार स्वीकारोक्ति है। वह बहुत खूबसूरती से नृत्य करती है। मैं उनके प्रशंसकों में से एक हूं और उनके साथ काम करना बहुत खुशी की बात है और उन्हें फिर से देखना बहुत अच्छा है। नंदिनी, निश्चित रूप से, एक बहुत ही मजबूत चरित्र है और वह विरोधी नहीं है। चियान ने कहा कि जब ऐश्वर्या मिस वर्ड के स्टेज पर उतरी थीं तो एक बार लड़खड़ाई थीं, हालांकि बाद में उन्होंने पूरे आत्मविश्वास के साथ फिर से रैंप पर उतरकर शांती और शालीनता से वॉक किया था।





# एमी अवॉर्ड्स की मेजबानी के लिए खुद पर दबाव बना रहे हैं वीर दास, शो के लिए खुद लिखेंगे अपने संवाद

भारतीय कॉमेडियन सह अभिनेता वीर दास इस बार एमी अवॉर्ड्स की मेजबानी करने वाले हैं, जिसे लेकर उन्होंने अपनी तैयारियों का जिक्र किया है। उन्होंने कहा है कि वो इसके लिए खुद पर दबाव डाल रहे हैं और इसके लिए खुद लिखने वाले हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मशहूर भारतीय कॉमेडियन और अभिनेता वीर दास इस बार 52वें अतरराष्ट्रीय एमी अवॉर्ड्स की मेजबानी करने वाले हैं। वह इस साल 25 नवंबर को न्यूयॉर्क में एमी अवॉर्ड्स को होस्ट करते नजर आएंगे। उन्होंने पिछले साल अपनी लोकप्रिय कॉमेडी वीर दास-लैंडिंग के लिए एमी अवॉर्ड्स जीता था। अब वह प्रतिष्ठित शो की मेजबानी करेंगे, जो किसी भी कलाकार के लिए काफी सम्मान की बात है। इस उपलब्धि को हासिल करने वाले वह पहले भारतीय बन गए हैं। अब उन्होंने इस शो को लेकर अपनी तैयारियों पर बात की है तथा वो क्या-क्या करने पर सोच रहे हैं, इसे लेकर जानकारी दी है। मशहूर कॉमेडियन ने कहा कि भले ही इसकी घोषणा अभी हुई है, लेकिन उन्हें इसके बारे में बीते कुछ महीनों से पता है। उन्होंने कहा है कि वह इसे सही कर पाए, तो जश्न मनाएंगे। अभिनेता इसे लेकर अपनी तैयारियों की चर्चा करते हुए कहा, मैं अब खुद पर दबाव डालना शुरू कर रहा हूं, मैं इसे खुद लिखने वाला हूं। चुटकुले कई तरह की चीजों से भरे होंगे। यह अमेरिकी चुनावों के कुछ सप्ताह बाद होगा, तब तक दुनिया में बहुत कुछ हो चुका होगा। उन्होंने आगे कहा कि दर्शकों में कई नामांकित व्यक्ति और कंटेंट निर्माता होंगे, जिनके बारे में मैं वो बात करना चाहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि वह इस मौके को बहुत अच्छे से भुनाना चाहते हैं।



### कॉल मी बे में आए हैं नजर

वीर दास के लिए ये महीना काफी शानदार घटा है। इस महीने उनकी वेब सीरीज रिलीज कॉल मी बे हुई, जिसमें अनन्या पांडे भी नजर आई थीं। इस सीरीज में वह टीआरपी के भूखे न्यूज एंकर की भूमिका में नजर आए हैं। अपने इस किरदार को लेकर उन्होंने कहा,जब आप धर्मा के शो के बारे में सोचते हैं, तो आप सिर्फ अपने बारे में नहीं सोचते। मैं अपने किरदार को किसी पत्रकार का यूट्यूब वर्जन नहीं बनाना चाहता था। इसलिए, कॉलिन और मैंने उसे कैमरे के सामने एक बदमाश की तरह बनाया, जबकि कैमरे के बाहर उसे एक बेवकूफ की तरह दिखाया।



# इस पॉप आइकन की बायोपिक बनाना चाहते हैं संदीप रेड्डी वांगा

संदीप रेड्डी वांगा ने अर्जुन रेड्डी, कबीर सिंह और एनिमल जैसी फिल्मों का निर्माण कर अपार सफलता हासिल की है। इसी बीच निर्माता प्रभास के साथ अपनी अगली फिल्म स्पिरिट को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। वहीं, अब वांगा ने एक बायोपिक बनाने की दिली इच्छा जाहिर की है। निर्देशक, अंतर्राष्ट्रीय पॉप आइकन माइकल जैक्सन की बायोपिक बनाना चाहते हैं। इस खुलासे ने प्रशंसकों के उत्साह को काफी ज्यादा बढ़ा दिया है। संदीप रेड्डी वांगा ने हाल ही में गलाटा प्लस पर बरद्वाज रंगन से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा, मैं किसी दिन एक बायोपिक करना चाहता हूं। वांगा ने अपनी बात में आगे जोड़ा, मैं माइकल जैक्सन की बायोपिक का निर्देशन करना चाहूंगा। लेकिन सवाल ये है कि उनका किरदार कौन निभाएगा, अभिनेता कौन होगा?

संदीप रेड्डी वांगा ने आगे कहा, उन्होंने बचपन से लेकर अपनी स्कूली शिक्षा और कैसे उन्होंने अपनी त्वचा का रंग बदला सब कुछ बहुत दिलचस्प रहा है। यह एक शानदार यात्रा और एक बेहतरीन कहानी है। लेकिन सही अभिनेता कौन होगा, यह सवाल है। वह एक सपना होगा और हर कोई टिकट खरीदेगा। जो कोई भी इसे निर्देशित करेगा, मैं टिकट खरीदूंगा और इसे देखूंगा क्योंकि मैं जानना चाहता हूं। स्पिरिट की बात करें तो, संदीप रेड्डी वांगा ने खुद खुलासा किया था कि यह फिल्म इस साल के अंत में रिलीज होगा। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो, फिल्म में प्रभास एक गुस्सैल युवा पुलिस वाले की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। यह फिल्म संदीप के स्टाइल में होगी, जिसमें हिंसा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। फिल्म को टी-सीरीज बैनर के तहत कबीर सिंह और एनिमल निर्माता भूषण कुमार के जरिए बैंकरोल किया जाएगा। वहीं, एनिमल की भारी सफलता के बाद फिल्म के सीक्वल एनिमल पार्क की आधिकारिक घोषणा की गई। चर्चा है कि, फिल्म निर्माता संदीप रेड्डी वांगा 2026 में फिल्म पर काम करना शुरू करेंगे। जानकारी हो कि 1 दिसंबर, 2023 को रिलीज हुई फिल्म एनिमल ने बॉक्स ऑफिस पर 1000 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की थी।

# मेरे लिए अनुशासन सबसे महत्वपूर्ण है

मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह मुगालते को इंसान के लिए बड़ा खतरा मानती हैं। उन्होंने एक कार्यक्रम में अनुशासन को अपने लिए काफी महत्वपूर्ण बताते हुए लोगों को मुगालते में न रहने की सलाह दी है। रकुल ने पॉडकास्ट के लिए बात करते हुए कहा, मेरे लिए अनुशासन सबसे महत्वपूर्ण है। मुझे लगता है कि अगर मैं हर रात दो बजे सो रही हूं और सुबह 10 बजे उठ रही हूं, तो मैं यह कैसे उम्मीद कर सकती हूं कि मुझे जो चाहिए वह मिलेगा। मैं सुबह छह बजे उठती हूं, काम पर जाती हूं, जैसा प्रयास करती हूं, वैसा होता है। कायनात उसे संभव बनाती है। इसके अलावा रकुल ने हमेशा तैयार रहने के महत्व के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, अगर आप उस तरह का काम पाने के लिए तैयार नहीं हैं जो आप करना चाहते हैं, तो आपको वह कभी नहीं मिलेगा। जैसा कि कहा जाता है, हमेशा ऐसे जियो जैसे कि तुम्हें वह मिल चुका है... लेकिन मुझे यह सब नहीं पता था, मुझे यह सब बाद में पता चला। लेकिन मेरी आर्मी में परवरिश की बदौलत, मेरी जीवनशैली वैसी ही थी और फिर मुझे भी लगता है कि भ्रम में न रहना बहुत जरूरी है। उन्होंने आगे कहा, आपने बहुत अच्छी बात कही कि आपको आलसी नहीं होना चाहिए और मैं खुद भी आलसी नहीं थी। आप जानते हैं कि शायद लोगों को लगेगा कि यहां बैठकर यह कहना बहुत आसान है, लेकिन अगर किसी ने आपकी आलोचना की तो उसे स्वीकार करना चाहिए और कहना चाहिए कि हां, शायद मैं अच्छी नहीं थी।



# भाजपा के सदस्यता अभियान में शामिल हुए सांसद भोजराम नाग

पायनियर संवाददाता | दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com






भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर सदस्यता अभियान पूरे भर में देशभर में किया जा रहा है। इस सदस्यता अभियान के तहत सांसद भोजराज नाग और बालोद भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू दल्ली राजहरा के गांधी चौक के शक्ति केंद्र क्रमांक 6 में पहुंचकर सदस्यता अभियान में जुड़े राजहरा मंडल के पदाधिकारीयों को संबोधित किया। कार्यक्रम में नए भाजपा सदस्य भी उपस्थित थे जिन्होंने सीधे साधे सरल स्वभाव के सांसद भोजराज नाग को अपने बीच पाकर गदगद हो उठे। संक्षिप्त कार्यक्रम में दल्ली राजहरा के विभिन्न पदाधिकारी जिला अध्यक्ष एवं सांसद ने संबोधन किया। सर्वप्रथम नगर पालिका उपाध्यक्ष संतोष देवांगन ने कहा कि भाजपा सदस्यता अभियान को हम सब मिलकर एक त्यौहार के रूप में मनाए तथा कोशिश करें कि जितने ज्यादा से ज्यादा लोग इस सदस्यता अभियान में जुड़ेंगे। हमें प्रधानमंत्री मोदी की विचारों को उन तक पहुंचाने के लिए एक कड़ी बनाने में आसान होगा। वहीं पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद वाधवानी ने संबोधित करते हुए कहा कि जो सदस्यता के लिए राजहरा मंडल को लक्ष्य दिया गया है। हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि उस लक्ष्य से आगे जाकर हम समस्त कार्यकर्ता पदाधिकारी नए सदस्य बनाएंगे। जैसे कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बीजेपी है वैसे दल्ली राजहरा में एक इतिहास रचेंगे और सबसे ज्यादा सदस्य बनाएंगे। यह हमारा और कार्यकर्ताओं का विश्वास है। जिला अध्यक्ष पवन साहू ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम भाजपा के नेता सशक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मजबूत करने इस देश को सशक्त बनाने के लिए सशक्त भाजपा बनाने के लिए इस जगह इकट्ठा हुए हैं। सबसे पहले 2014 में माननीय अमित शाह राष्ट्रीय अध्यक्ष थे उन्होंने तब मोबाइल में मिस कॉल के माध्यम से सदस्यता अभियान बनाया था और इस देश की ही नहीं विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक पार्टियों के रूप में पहचान दिलाया था। आप और हम सभी की मेहनतों से हमे सबसे विश्व का सबसे बड़ा संगठन के सदस्य होने का सौभाग्य मिला है। कोरोना काल में 2019 में सदस्यता अभियान की शुरुआत हुई थी। लेकिन कोरोना काल का विषम समय था। इसलिए बहुत कम लोगों को सदस्य बना पाए थे। 2 सितंबर को इस देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश नड्डा ने नवीन सदस्यता करवा कर सदस्यता अभियान की शुरूआत किया। 3 सितंबर को विष्णु देव साय को प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने सदस्य बनाया। हमारे सांसद का सदस्यता अभियान की शुरुआत जिला कार्यालय बालोद से हुई है। सभी बूथ प्रभारी से निवेदन है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस सदस्यता अभियान से जोड़ें। जो हमें लक्ष्य दिया गया है उसे पूरा किए जाएं हमारा सशक्त भारत सशक्त भाजपा बनाने के लिए इसकी आवश्यकता है। अभी भी किसी के दिमाग में है कि मैं पूर्व से ही भाजपा का कार्यकर्ता हूं। लेकिन यह सिस्टम समाप्त हो चुका गया है। सभी की सदस्यता 31 अगस्त को खत्म हो चुका है द्य 31 अगस्त के बाद प्रधानमंत्री को भी नवीन सदस्यता बनाया गया है द्य हर घर से दो व्यक्ति को माताओं को बहनों को नौजवानों साथियों को भी सदस्य बनाए। ताकि उनको लाभ मिल सके, स्थानीय निकाय में सदस्य का अभियान में तेजी लाएं। सांसद भोजराज नाग ने भारत माता की जय, वंदे मातरम शीतला माता की जय, भारतीय जनता पार्टी की जय जयकारे के साथ अपने उद्बोधन की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान चालू है आने वाले समय स्थानीय निकाय के चुनाव होने वाला है। जिस प्रकार से नरेंद्र मोदी इस भारत देश को विकसित राष्ट्र बनाने का काम कर रहे हैं। उसके लिए हमारी जिम्मेदारी बनती है कि अधिक से अधिक लोगों को भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बनाएं। देश के ज्यादा से ज्यादा लोगों को सदस्य बनाना है और हमारे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सरकार ने महतारी वंदन योजना लाया है, जहां माता और बहनों को हर माह 1000 की राशि दी जाती है। किसान भाइयों के लिए प्रति क्विंटल 3100 की धान खरीदी कर रहा है। तमाम योजनाओं को मोदी के नेतृत्व में भारत को विकसित करने के लिए लाई गई है। उससे निश्चित ही हमारा देश विश्व का सशक्त देश और विश्व गुरु बनेगा। हम सभी को भारतीय जनता पार्टी के लिए काम करने का अवसर मिला है। पिछले बार हमने 14 करोड़ सदस्य बनाए थे जिसके कारण हमें दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल होने का गौरव प्राप्त किया है। हमारे पास विकल्प है कि हम इससे भी ज्यादा सदस्य बनाकर लोगों को भाजपा से जोड़ उनके विचारों से जोड़ और भाजपा को सशक्त बनाने में मदद करें। कार्यक्रम में समाप्ति के बाद सांसद ने स्थानीय घोड़ा मंदिर की जर्जर हालत का भी निरीक्षण किया तथा अतिशीघ्र उसे संबंध में कोई ठोस उपाय उठाने का भी आश्वासन घोड़ा मंदिर विकास समिति को दिया है। मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी द्वारा वार्ड क्रमांक 13 जाने वाले मार्ग पर रेलवे पटरी पर पुल की निर्माण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा जिस पर की सांसद द्वारा यथाशीघ्र कार्य कराने का आश्वासन दिया गया। सदस्यता अभियान के दौरान दलित राजामंडला के कार्यकर्ता सुजाता सेन मंजु राजपूत लोकेंद्र कौमार्य, रणजीत सिंह, सुमन बघेल ने सांसद के रेफरल कोड से सदस्यता ग्रहण की कार्यक्रम का संचालन राजहरा मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी ने किया इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री महेंद्र सिंह, मदन माइती, किरण सिंन्हा महेंद्र पिपरे, बॉबी छतवाल, राजू कुकरेजा, भूपेंद्र श्रीवास, रमेश गुर्जर रमेश जैन विजय भान जयदीप गुप्ता स्वाधीन जैन, तोरण लाल साहू, नंदा पसीने उषा साहू लीलावती साहू, रंभा कोसमा ललिता विश्वकर्मा सोनू ठगेल सुमित जैन मनोज दुबे विजय सिंन्हा राजेश कांबले सुरेंद्र बेहरा हिमांशु बाघ राहुल शर्मा नवीन साहू, विरेन साहू लोकेश साहू राजेश पीपरे उपस्थित थे।

# विधायक ललित चंद्राकर राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बने

पायनियर संवाददाता | उतई
www.dailypioneer.com




प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर को बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है। नियुक्ति के बाद चंद्राकर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव से मिलने पहुंचे। साय ने उन्हें बधाई दी और खुलकर काम करने को कहा। इधर, उपाध्यक्ष बनाए जाने की खबर मिलते ही दुर्ग में चंद्राकर के निवास पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। विधायक चंद्राकर ने कार्यकर्ताओं और क्षेत्र की जनता का आभार माना। इस दौरान विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि इतनी बड़ी जिम्मेदारी देने के लिए निश्चित तौर पर राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व, मुख्यमंत्री समेत तमाम उच्च नेताओं को मैं धन्यवाद देता हूं। इतने छोटे से कार्यकर्ता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी गई है, इस जिम्मेदारी को मैं विश्वास के साथ निभाने की कोशिश करूंगा। इस दौरान जिला भाजपा मंत्री रोहित साहू, उतई मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, महामंत्री सोनू राजपूत, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण यदु, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता चंदू देवांगन, रूपेश पारख, लक्ष्मीनारायण साहू, सतीश चंद्राकर, खूबलाल चंद्राकर, सोहन रिगरी, चेतन साहू, हरीश यादव, खुबीराम साहू, हिमांशु साहू, नरेंद्र साहू, ममता चंद्राकर, संगीता रजक, विमल कामडे, संतोष सपहा, दानेश्वरी देशमुख, सुनीता वर्मा, नरेंद्र चंद्राकर, रंजना चंद्राकर, डामिन नेताम, प्रीति साहू, लक्ष्मी ठाकुर, विजयलक्ष्मी, पूजा साहू, आरती साहू सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

### विधानसभा चुनाव में गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को हराकर किया था सबसे बड़ा उलटफेर

दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर कुर्मी समाज से आते हैं। उन्होंने बीकॉम तक की पढ़ाई की है। उन्होंने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 में ही पहली बार चुनाव लड़ते हुए कांग्रेस शासनकाल के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को हराया था। तभी से उम्मीद लगाई जा रही थी कि प्रदेश सरकार में उन्हें बड़ा पद मिलेगा। चंद्राकर साल 2000 में दुर्ग के युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष थे। युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्य भी रह चुके हैं। दुर्ग ग्रामीण इलाके में स ि य भाजपा नेता के तौर पर जाने जाते हैं। चुनावी अभियान में संगठन में कई तरह की जिम्मेदारी भी निभा चुके हैं।

# स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन 2 अक्टूबर तक





पायनियर संवाददाता | दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

स्वच्छ भारत मिशन शहरी के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा के तत्वाधान में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नया बाजार राजहरा में 20 सितम्बर को आयोजित किया गया स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजन किया जाना है। जिसके अंतर्गत 20 सितम्बर को सेजस नया बाजार राजहरा में स्वच्छता संबंधित विषयों पर निबंध, चित्रकला, स्लोगन, कविता, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिताओं का आयोजन हायर, मिडिल व प्राइमरी तीनों विंग में अलग-अलग आयोजित किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर, टी.आर.रानाडे, प्राचार्य, शाला विकास समिति अध्यक्ष रमेश गुर्जर, उप अभियंता भानु प्रकाश घोष एवं सेजस द्वारा सभी प्रतियोगिताओं का अवलोकन कर स्वच्छता ही सेवा विषय पर बच्चों को संबोधन में कहा गया कि प्रत्येक वर्ष स्वच्छता ही सेवा अभियान मनाया जा रहा है, जिससे लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता आए।

# नगर की समस्याओं को लेकर भाजपा दल्लीराजहरा मंडल के पदाधिकारियों ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता | दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



नगर पालिका परिषद में नगर पालिका द्वारा किए जा रहे शहर के विकास के कार्य के लिए दी जा रही राशि का सदुपयोग नहीं होने के संबंध में भाजपा दल्लीराजहरा मंडल के पदाधिकारी ने कलेक्टर के नाम अनुविभागी अधिकारी दल्ली राजहरा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि दल्ली राजहरा नगर पालिका क्षेत्र में कार्यों में अनियमितता किया जा रहा है एवं निरंकुश प्रशासनिक व्यवस्था के कारण शहर में सफाई व्यवस्था नहीं के बराबर होने से डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारी बढ़ रही हैं। दवाई छिड़काव के नाम पर भी स्तरहीन दवाईयों का छिड़काव किया जा रहा है। नगर पालिका में गलत नीतियों के चलते नगर पालिका ठेका कार्य में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा हैं एवं शासन की राशि का दुरूपयोग किया जा रहा है। वार्ड क्र. 15 मनोहर आफिस से वार्ड क्र. 17 रूखमणी के घर तक आर सी. सी. नाली निर्माण बिना पूर्ण किये उसकी राशि का आहरण कर लिया गया है जिसकी जांच करायी गयी थी। जांच रिपोर्ट में जांच कर्ता को बिना सूचना के जांच पूर्ण कर कार्य में किये गए अनियमितता को छिपाने का प्रयास किया गया है, जिसकी पुनः जांच करायी जाये। वार्ड क्र. 24 में स्थित लाखों रूपये की लागत से बनाये जा रहे टाउन हाल को निर्माण पूर्ण होने से पूर्व ही तोड़कर लाखों रूपये की लागत से पुनः तैयार कराया गया। इसके बावजूद टाउन हाल पर्यन्त तक पूर्ण नहीं हो सका है। उस स्थान को असामाजिक तत्वों का अड्डा व ठेकेदारों का गोदाम बना दिया गया है। पूर्व में बन रहे निर्माण को शासन के अनुमति के बिना तोड़कर शासन को लाखों रूपये का चूना लगाया गया है। उसी तरह वार्ड क्र. 19 में भी टाउन हाल पर्यन्त तक अधूरा है जिसकी जांच भी कराया जाए। शहर भर में स्वच्छता के नाम पर पेवर ब्लाक लगाया गया है जो कि जगह-जगह उखड़ गए हैं और गंदगी फैल रही हैं एवं पानी का जमाव हो रहा है। पेवर ब्लाक लगाने में गुणवत्ताहीन कार्य की जांच करायी जाये। नगर पालिका में काऊ केचर होने के बावजूद दूसरे काऊ केचर खरीदा गया उसका भी उपयोग नहीं किया जाता। जिसके कारण आवारा पशु मुख्य मार्गों के साथ दूसरे मार्गों में बैठे रहते हैं एवं गोठान में गायो को नही रखा जाता। नगरपालिका क्षेत्र में सड़क निर्माण में किए अनियमितता की जांच करायी जाये। मरम्मत के नाम पर लाखों रूपये की गड़बड़ी का आरोप लगाया गया है। बी. एस. पी. क्वार्टर का मरम्मत भी कराया गया। भाजपा मंडल के पदाधिकारी ने कहा कि भाजपा पार्षदों के साथ भेदभाव करते हुए उनके वार्डो में कार्य नहीं कराया जाता है। जानबूझ कर उनके वार्डों में मरम्मत का कार्य नहीं कराया जाता अध्यक्ष निधि का उपयोग भी सबसे ज्यादा अपने ही वार्डो में कराया जाता हैं एवं पाइप लाइन के कार्यों में भी भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

# ईट पत्थर से मार कर चोट व वाहन को क्षति पहुंचाने के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता | बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ईट पत्थर से मार कर चोट पहुंचाने एवं वाहन को क्षति पहुंचाने के आरोप में एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया इस संबंध में पुलिस ने बताया कि 16.09.2024 को हर्षित सलूजा उम्र 22 साल निवासी वार्ड नंबर 08 बेमेतरा थाना व जिला बेमेतरा ने आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अपने साथियों के साथ अपनी गाडी में जा रहा था तो जय स्तम्भ चौक बेमेतरा पर सूर्या चौहान एवं उसके साथियों ने हम लोगों को रोककर गाडी पर इंट पत्थर से मारने लगे, हम लोगों ने गाडी बैक कर भागकर अपनी जान बचाई, प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 191(2), 126(2), 324(4),109 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना की गंभीरता को मद्देनजर रखते हुए, पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह के मार्गदर्शन में एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू एवं थाना/चौकी प्रभारियों, सायबर सेल सहित सात विशेष टीम गठित कर आरोपियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की पतातलाश कर उनके विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। प्रकरण में विवेचना आरोपियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की पतातलाश के दौरान 20.09.2024 को एक आरोपी गजेन्द्र निषाद को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है प्रकरण में फरार अन्य आरोपियों की पतासाजी के दौरान आरोपी विमल कुमार टण्डन पिता हेमचरण टण्डन उम्र 23 साल साकिन सोण्डरा पुलिस चौकी सिलतरा थाना धरसीवा जिला रायपुर के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित करना सबूत पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर 21.09.2024 को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया तथा प्रकरण में फरार अन्य आरोपियों की पतासाजी जारी हैं। उक्त कार्यवाही में डीएसपी कमल नारायण शर्मा, थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी उप निरीक्षक राकेश कुमार साहू, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, सउनि उदलराम तांडेकर, सउनि जितेन्द्र कश्यप, प्रधान आरक्षक विनोद पात्रे, आरक्षक नुरेश वर्मा व गठित विशेष टीम के अन्य स्टाफ का अहम भूमिका रही।

# कबीरधाम जिले के नए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने विधिवत पदभार ग्रहण किया

पायनियर संवाददाता | कवर्धा
www.dailypioneer.com



कबीरधाम जिले के नव पदस्थ कलेक्टर गोपाल वर्मा (आईएएस 2016) ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान कलेक्टर जनमेजय महोबे ने नवपदस्थ कलेक्टर वर्मा को कार्यभार ग्रहण कराने की औपचारिकताएं पूरी की। उन्होंने नवपदस्थ कलेक्टर वर्मा को कबीरधाम जिले के प्रशासनिक तथा भौगोलिक स्थिति की पूरी जानकारी दी। निवर्तमान कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कबीरधाम जिले में 2 वर्ष 2 माह बीस दिन तक कलेक्टर के तौर पर अपनी सेवाएं दी। उन्होंने कलेक्टर वर्मा को जिले की नई जिम्मेदारी मिलने के लिए बधाई दी और जिले के प्रशासनिक अधिकारियों से परिचय कराया। पदभार ग्रहण करने के बाद नवपदस्थ कलेक्टर वर्मा ने जिला कार्यालय में जिला स्तरीय अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक ली। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर निर्भय साहू, संयुक्त कलेक्टर मोनिका कौड़ो, कवर्धा एसडीएम अनुपम टोप्पो, पंडरिया संदीप ठाकुर, लोहारा सुआकांक्षा नायक, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन सहित अधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारी ने किया राहुल गांधी का पुतला दहन

पायनियर संवाददाता | बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पदाधिकारियों ने प्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चा संगठन के आवाहन एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, बेमेतरा विधायक दीपेश साहू के निर्देशन पर, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू देवांगन के नेतृत्व में बेमेतरा जिले के सिग्नल चौक मे विपक्ष के नेता राहुल गाँधी पुतला दहन किया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने राहुल गाँधी मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। पुतला दहन पश्चात् भाजपा नेता पंचू साहू ने कहा की कांग्रेस नेता राहुल गाँधी ने विदेश मे जाकर अपनी छुपी हुई सच्चाई प्रकट करते हुए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, पिछड़ा वर्ग की आरक्षण खत्म करने की बात कहते है और विदेशो मे जाकर भारत के प्रति अपमान जनक टिप्पणी करते है राहुल गाँधी की यह सोच देश विरोधी मानसिकता को दर्शाता है जिसके विरोध मे भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर राहुल गाँधी का पुतला दहन किया गया। रेवा राम निषाद जिला मंत्री ने कहा की राहुल गाँधी चुनाव के दौरान भाजपा को आरक्षण विरोधी बताते है जबकि खुद विदेश मे जाकर आरक्षण खत्म करने की बात करते है जिसका विरोध पुरे देशवासी कर रहे है। इस दौरान पंचू साहू उपाध्यक्ष नगर पालिका बेमेतरा जिला महामंत्री पिछड़ा वर्ग छत्र कुमार देवांगन, जिला मंत्री रेवाराम निषाद, कृष्णा वैष्णव, डॉक्टर भुनेश्वर साहू, शहर महामंत्री संतोष वर्मा, युगल देवांगन, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा शहर मंडल अध्यक्ष कमलेश वर्मा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जीतेन्द्र साहू, पार्षद लक्ष्मी लहरे, पार्षद नीतू कोठारी, पार्षद सजनी यादव, पार्षद देवराम साहू, पिछड़ा वर्ग शहर महामंत्री राकेश वर्मा सुरेन्द्र साहू,डोमन साहू, युवराज साहू, डॉक्टर लालाराम साहू, रिंकू साहू, गोविंद पाल उपस्थित रहे।

# भाजपा ने सेवा पखवाड़ा में किया वृक्षारोपण

पायनियर संवाददाता | बेमेतरा
www.dailypioneer.com




स्वच्छता ही सेवा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में देश भर मे भारतीय जनता पार्टी मना रही है। बेमेतरा जिले में विधानसभा व शहर मण्डल में भी पूरे पखवाड़ा भर विभिन्न कार्यक्रम प्रति दिन किये जा रहे जिसमें क्रमशः रक्तदान शिविर, स्वक्षता अभियान जैसे अन्य सेवा कार्य और आत्मानंद स्कूल में विशाल वृक्षारोपण किया गया विधानसभा बेमेतरा के कार्यक्रम प्रभारी विजय सिन्हा के नेतृत्व में यह सेवा पखवाड़ा में सफलता पूवर्क सभी कार्यक्रम में बेमेतरा के सभी पार्टी कार्यकर्ता अधिक संख्या में शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को सेवा भाव से मना कर रहे हैं किसी भी तरह के व्यर्थ धन खर्च दिखावा न कर मोदी के जन्मदिन पर जनता जनार्दन की सेवा कर पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया गया जिसमे विजय सिन्हा पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका व सेवा पखवाड़ा के प्रभारी के साथ विकास तम्बोली जिला कार्यालय मंत्री व जिला संयोजक भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ, पंचू साहू उपाध्यक्ष नगर पालिका, पार्षद नीतू कोठारी घनश्याम देवांगन लक्ष्मी यशवंत लहरे, राजू देवांगन जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा,योगेश वर्मा जिला मंत्री युवा मोर्चा,युगल देवांगन महामंत्री भाजपा शहर मण्डल,डर विनय साहू,धर्मेंद्र साहू अध्यक्ष युवा मोर्चा शहर मण्डल, दीनानाथ साहू, रिंकू साहू, बीआर सी राजेन्द्र साहू, सीएमओ कोमल ठाकुर अपने जभी कर्मचारियों के साथ उपस्थित रहे।

# विकासखंड बेरला के सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल के प्रधान पाठक की बैठक सम्पन्न

पायनियर संवाददाता | बेमेतरा
www.dailypioneer.com



विकासखंड बेरला अंतर्गत समस्त प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के प्रधान पाठकों का एक आवश्यक बैठक जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा के निर्देशानुसार स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बेरला में आयोजित किया गया। जिसमें पूरे विकासखंड बेरला को तीन चरणों में विभाजित करते हुए समस्त विद्यालय के पूर्व माध्यमिक प्रधान पाठकों एवं प्राथमिक प्रधान पाठकों की आवश्यक समीक्षा बैठक रखी गई। जिसमें मुख्य रूप से सर्वांगीण गुणवत्ता वर्ष 24-25 के सफल आयोजन एवं विभिन्न विभागीय गतिविधियों की जानकारी को साझा करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें माध्यमिक विद्यालय के 87 प्रधान पाठकों एवं प्राथमिक विद्यालय के 153 प्रधान पाठकों ने अपनी उपस्थित प्रदान की। बैठक में मुख्य रूप से जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे के माध्यम से समस्त शिक्षकों को प्रेरित करते हुए शिक्षकों के समय पर उपस्थित, सर्वांगीण गुणवत्ता वर्ष के तहत महत्वपूर्ण कार्य त्रैमासिक परीक्षा का सही क्रियान्वयन, एवं विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया। और कड़े शब्दों में यह भी कहा गया अगर कोई शिक्षक लगातार अनुपक्षित रहता है या समय पर नहीं पहुंच पाता है या बच्चों को गुणवत्ता के अनुसार शिक्षा प्रदान नहीं कर पाता, तो ऐसे शिक्षकों के ऊपर ठोस कार्रवाई करने हेतु सभी को निर्देश प्रदान किया गया। सहायक संचालक एस पी कोशले के माध्यम से समय पर समस्त कार्य को संपादित करने हेतु निर्देश प्रदान किया गया, विकासखंड शिक्षा अधिकारी जय प्रकाश करमाकर ने सर्वप्रथम मीटिंग की शुरुआत करते हुए समस्त प्रधान पाठकों को जिला एवं विकास खंड के विभिन्न जानकारी जैसे, यू डाइस की समय पर पूर्णता, एनएएस परीक्षा की तैयारी, नवोदय विद्यालय से संबंधित गतिविधियों को विद्यालय में सही प्रबंधन तरीके से प्रेषित करना एवं शिक्षकों को नवोदय के लिए अलग से क्लास लगाने हेतु प्रेरित किया गया। इंस्पायर अवार्ड के अंतर्गत हमारे विकासखंड में अच्छा कार्य प्रधान पाठकों द्वारा किया गया। इसकी भी प्रशंसा की गई, एवं उल्लास साक्षरता अभियान के अंतर्गत विकासखंड को 5000 असाक्षरों का लक्ष्य मिला हुआ था। जिसमें हमारे प्रधान पाठकों एवं शिक्षकों के माध्यम से बहुत ही अच्छा कार्य करते हुए पूर्ण किया गया। इसकी भी बधाई प्रेषित किया गया, एवं उल्लास साक्षरता केंद्रों में आवश्यक व्यवस्था करने हेतु प्रधान पाठक को सहयोग प्रदान करने हेतु जानकारी प्रदान किया गया। बीआरसी खोमलाल साहू द्वारा कमजोर बच्चों हेतु एक अलग से पंजी का संधारण कर, यू डाइस को प्राथमिकता से पूर्ण करने हेतु समस्त प्रधान पाठकों को अवगत कराया गया।

# मोरजध्वज कुर्मी समाज उतई के अध्यक्ष निर्वाचित



पायनियर संवाददाता | उतई
www.dailypioneer.com

कुर्मी भवन उतई में मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज नगर इकाई उतई के अध्यक्ष पद का चुनाव हुआ। जिसमें मोरजध्वज वर्मा सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित किया गया। भूषण लाल वर्मा निर्विरोध उपाध्यक्ष एवं महेंद्र कुमार वर्मा निर्विरोध कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। इस अवसर पर पाटन राज महिला अध्यक्ष रंजना वर्मा, क्षेत्र प्रधान अरुण वर्मा, पूर्व उतई इकाई के अध्यक्ष रवींद्र वर्मा, पूर्व कोषाध्यक्ष परमानंद वर्मा, पूर्व सचिव मुकेश वर्मा, मोतीलाल वर्मा, चंद्रिका प्रसाद वर्मा, सुषमा वर्मा, सुनीता वर्मा, हुलसी वर्मा, शेषनारायण वर्मा, ईश्वर वर्मा, दौलत राम वर्मा, भोलाराम वर्मा, पार्षद डॉ प्रहलाद वर्मा, अधिवक्ता पूरनलाल बघेल, मानधाता मढ़रिया, आंचल वर्मा, भगवती वर्मा, कुमुद वर्मा, नर्मदा वर्मा, निर्मला वर्मा, भोज कुमारी वर्मा, सोनचंद वर्मा, विनोद धूरंधर, उमेश्वरी धुरंधर, अश्वनी वर्मा, खिलेश्वर वर्मा, सरज वर्मा, नीलमणि वर्मा, डीपी आदिल, गणेश राम धुरंधर, राजकुमार वर्मा, यशवंत बिजोरा, नंदराम वर्मा, हेमलता वर्मा, राधा वर्मा, कौशल्या वर्मा, विमला वर्मा, शशिकांत वर्मा, दानेश्वर वर्मा शिक्षक, मोना वर्मा, लोकनाथ वर्मा, सुरेंद्र वर्मा, अजय वर्मा, गुलशन वर्मा, लेखा वर्मा, वीणा वर्मा, बिना वर्मा, संध्या वर्मा, फुलेश्वरी वर्मा, दिलेश्वरी वर्मा, सविता बघेल, नरेशचंद्र मढ़रिया, अलका वर्मा आदि उपस्थित थे।

# प्लांटों में कर्मचारियों की सुरक्षा व बढ़ते साइबर अपराधों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## साइबर सेल डीएसपी और थाना प्रभारी पूंजीपथरा ने सुरक्षा प्लांट कर्मचारियों को सुरक्षा संबंधी दिए महत्वपूर्ण निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



कर्मचारियों की सुरक्षा और बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा जिले के सभी पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को उनके थानाक्षेत्र अंतर्गत स्थापित प्लांटों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में 21 सितंबर को साइबर सेल डीएसपी अभिनव उपाध्याय एवं पूंजीपथरा थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश मिश्रा द्वारा थाना पूंजीपथरा और साइबर सेल स्टाफके साथ नलवा स्टील एंड पॉवर प्लांट में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान डीएसपी अभिनव उपाध्याय ने प्लांट के अधिकारियों और कर्मचारियों को साइबर फ्रॉड से बचने के उपाय बताए और बढ़ते साइबर अपराधों के खतरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार फिशिंग, ऑनलाइन बैंकिंग फ्रॉड, और सोशल मीडिया हैकिंग जैसे अपराधों से लोग प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने प्रमुख सुझाव दिए कि अपने व्यक्तिगत और वित्तीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें, मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें और ऑनलाइन संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। डीएसपी उपाध्याय ने यह भी बताया कि यदि कोई साइबर अपराध का शिकार होता है तो इसकी तुरंत सूचना स्थानीय पुलिस और साइबर सेल को दें। इस अवसर पर नलवा प्लांट के अधिकारियों और कर्मचारियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति देखी गई। सभी उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना की और पुलिस अधिकारियों से भविष्य में भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित करने का अनुरोध किया। थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक राकेश मिश्रा ने कार्यक्रम में उपस्थित प्लांट के कर्मचारियों और अधिकारियों को कार्यस्थल पर सुरक्षा नियमों के पालन की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अक्सर प्लांटों में सुरक्षा सामग्री उपलब्ध होने के बावजूद, कर्मचारी ओवर कांफिडेंस में सुरक्षा उपकरणों का उपयोग नहीं करते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि वे सुरक्षा नियमों की अनदेखी न करें और सुरक्षा ऑडिट नियमित रूप से करवाएं। उन्होंने कहा कि प्लांट में कार्य के दौरान सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करने से हादसों को रोका जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में सभी को साइबर फ्रॉड से बचने साइबर सुरक्षा की शपथ भी दिलायी गई।

# पुलिस की ग्राम छोटे डुमरपाली में शराब रेड

## 35 पाव अंग्रेजी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने कार्रवाई कर भेजा जेल

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com




खरसिया पुलिस द्वारा अवैध शराब विक्रय के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए ग्राम छोटे डुमरपाली में छापेमारी अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशानुसार, थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक कुमार गौरव साहू के नेतृत्व में क्षेत्र में अवैध शराब, जुआ सट्टा पर पुलिस की लगातार कार्रवाई जारी है। निरीक्षक कुमार गौरव साहू को सूचना मिली कि ग्राम छोटे डुमरपाली में अवैध रूप से भूपेन्द्र डनसेना द्वारा चोरी छिपे अंग्रेजी शराब बेची जा रही है। मुखबिर से मिली इस सूचना के आधार पर, थाना प्रभारी कुमार गौरव साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी भूपेन्द्र डनसेना, पिता उत्तम लाल, उम्र 32 वर्ष, निवासी छोटे डुमरपाली के घर पर छापा मारा। पुलिस द्वारा संदेही भूपेन्द्र डनसेना से शराब रखने और बेचने के संबंध में पूछताछ की गई, जिसके बाद उसने अपने घर के अंदर से कपड़े के थैले में रखी 35 पाव सुपर जीप्सी फाईन व्हीस्की अंग्रेजी शराब (सीलबंद), कुल 6 लीटर 300 मिलीलीटर शराब, जिसकी अनुमानित कीमत 4200 रुपये है, पेश की।

पुलिस ने शराब को विधिवत रूप से जप्त किया और मौके पर बरामदगी पंचनामा तैयार किया गया। आरोपी भूपेन्द्र डनसेना के खिलाफ थाना खरसिया में आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59(क) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगे भी अवैध शराब के कारोबार में लिप्त आरोपियों पर इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

## पेट्रोल पंपों के टॉयलेट एवं नलों का उचित रख रखाव करने संभागायुक्त ने दिए निर्देश

**जैजैपुर।** कमिश्नर महादेव कावरे ने पेट्रोल पंपों में आम जनता के उपयोग के लिए बने टॉयलेट की नियमित साफसफाई और रख रखाव सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने संभाग के सभी जिला कलेक्टरों को इस आशय का पत्र भी लिखा है। संभागायुक्त ने जारी पत्र में कहा है कि जिलों में भ्रमण और निरीक्षण के दौरान यह पाया गया है कि पेट्रोल पंपों में जन सुविधा के लिए बनाये गये टायलेट की रख-रखाव, साफ-सफाई व्यवस्था, दरवाजे ठीक से बंद नहीं होने व नल के टोटी टुटे हुए पाये गये हैं। कहीं कहीं पानी की नियमित आपूर्ति भी बाधित होना पाया गया। इसलिए जिलों में स्थित सभी पेट्रोल पंपों का अधिकारियों से निरीक्षण करा कर पंप मालिकों से इस व्यवस्था को दुरूस्त करने हेतु समुचित निर्देश प्रसारित करेंगे।

# कलेक्टर तोपनों ने सरकारी कॉलेज जेठा के विद्यार्थियों के साथ चलाया स्वच्छता अभियान

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com




शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सक्ति और जिला प्रशासन सक्ति के संयुक्त तत्वावधान मे दिनांक 21 सितंबर 2024 को स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। मुख्य अतिथि कलेक्टर अमृत विकास टोपनो रहे। उन्होंने सभी छात्रों को स्वच्छता का संदेश दिए और अपने आसपास स्वच्छता का ध्यान रखने को कहा। विशिष्ट अतिथि में वीरेंद्र लकड़ा ए डी एम सक्ति, एसडीएम सक्ति पैकरा, दुष्यंत रायस्ट संयुक्त कलेक्टर, विश्वास कुमार डिप्टी कलेक्टर, उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आरंभ कलेक्टर के द्वारा मां सरस्वती कि पूजा अर्चना के साथ हुई। स्वागत की कड़ी में सर्वप्रथम कलेक्टर अमृत विकास टोपनो का स्वागत प्रो सोमेश कुमार घिटोड़े (जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना) द्वारा पुष्पगुच्छ और एनएसएस बैज लगाकर किया गया। डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार द्वारा छात्र छात्राओं को कैरियर मार्गदर्शन दिया गया।स्वच्छता कार्यक्रम में कॉलेज कैंपस कलेक्ट्रेट सक्ति और रेलवे स्टेशन जेठा का साफ सफाई किया गया।छात्र छात्राओं ने स्वच्छता पर आधारित कंपटीशन जिसमे रंगोली पोस्टर और भाषण गीत में भाग लिए सभी को प्रमाण पत्र प्रदान किए गया।कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ डी पी पाटले,प्रो अजय देवगन प्रो ललित सिंह प्रो हेमपुष्पा चंद्रा प्रो ऋतु पटेल प्रो सीमा साहू प्रो महेंद्र यादव प्रो अनिल खरे प्रो ज्योति कुशवाहा प्रो टी पी टंडन प्रो विद्या सागर प्रो श्रुति द्विवेदी और समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे कार्यक्रम संचालन जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना प्रो सोमेश कुमार घिटोड़े द्वारा किया गया छात्र छात्राओं को कलेक्टर के द्वारा हैंड ग्लब्स वितरित किया गया।

# 06 चक्का अल्ट्रा वाहन में लोड 7 टन अवैध कबाड़ के साथ आरोपी गिरफ्तार

## पूंजीपथरा के प्लांटों में धड़ल्ले से खप रहा अवैध कबाड

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



थाना पूंजीपथरा द्वारा अवैध कबाड़ परिवहन के खिलाफ ग्राम पाली में कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक राकेश मिश्रा को मुखबिर से सूचना मिली कि एक 06 चक्का वाहन में अवैध कबाड़ लोड कर ग्राम पाली की ओर जा रहा है। इस सूचना पर थाना प्रभारी ने सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) विजय एक्का को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। एएसआई विजय एक्का ने अपने सहयोगी आरक्षकों के साथ ग्राम पाली के पास स्थित मां काली प्लांट के समीप संदिग्ध 06 चक्का अल्ट्रा वाहन को रोककर जांच की। जांच के दौरान वाहन में काफी मात्रा में लोहे के छड़ और कलपुर्जों के टुकड़े लदे हुए पाए गए। जब वाहन चालक अशोक कुमार अग्रवाल, पिता स्वर्गीय मुरली लाल अग्रवाल, उम्र 52 वर्ष, निवासी बांकी मोंगरा, जिला कोरबा, से कबाड़ के दस्तावेजों की मांग की गई, तो वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका और संतोषजनक जवाब देने में असमर्थ रहा। पुलिस ने आरोपी अशोक कुमार अग्रवाल के कब्जे से 7 टन अवैध कबाड़ जिसकी अनुमानित कीमत 1,40,000 रुपये है, को जप्त किया। साथ ही, 06 चक्का अल्ट्रा वाहन को भी जप्त कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना पूंजीपथरा में धारा 35(क)(ड) 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। इस कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक विजय एक्का के साथ आरक्षक उमा शंकर भगत और निर्दोष लकड़ा भी शामिल थे। जिले में अवैध कबाड़ व्यापार के खिलाफलगातार ऐसी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# बीएसएनएल टॉवर के लिए लगे लाखों की बैटरी ले उड़े चोर

## अज्ञात पर केस दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com




रायगढ़ जिले में बीएसएनएल टॉवर संचालित करने के लिए लगाए गए लाखों की कीमती बैटरी की चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। इस मामले में पुलिस ने प्रार्थी की रिर्पोट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर आगे की पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस में दर्ज कराई गई प्राथमिकी के मुताबिक यह घटना बीते 18 से 20 सितंबर के बीच हुई है। जिले के कापू थाना क्षेत्र अंतर्गत चोरों ने इस कांड को अंजाम दिया है। इस मामले को लेकर प्रार्थी नासिर ने पुलिस को बताया है कि वर्तमान में घरघोडा नियर सोनू कोल्थ स्टोर बिल्डींग नम्बर 03 रूम नम्बर 05 में रहता हूं। बीएसएनएल कम्पनी में फिल्ड इंजिनियर के पद पर कार्यरत हूं। मेरा फिल्ड एरिया थाना कापू अंतर्गत आने वाले ग्राम कुमरता के गौटिया पारा में बीएसएनएल टॉवर संचालित करने के लिये ठेकेदार के द्वारा टॉवर लगाया गया है। प्रार्थी ने बताया कि टॉवर को चालू करने के लिये कुल 08 नग बैटरी आई पॉवर कम्पनी का लगा हुआ था। जिसमें से 04 नग बैटरी जिसकी अनुमानित कीमत 40,000, चालीस हजार रूपया है। जिसको बीते दिनांक 18 सितंबर से 20 सितंबर के मध्य कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है।

# पुलिस ने बनाया अवैध महुआ शराब बरामदगी को लेकर आबकारी का मामला

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com




20 सितंबर को पुलिस थाना सक्ती, जिला सक्ती(छ.ग.) के अपराध आबकारी एक्ट का मामला दर्ज हुआ है, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश पर नशीले पदार्थ के कारोबारियों के विरुद्ध कार्यवाही जारी है, अवैध महुआ शराब बिक्री हेतु रखने वाला मोहन लाल खैरवार निवासी ग्राम हरेठी गिरफ्तार किया गया है,आरोपी के कब्जे से 06 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त हुई है, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) द्वारा नशीले पदार्थों के कारोबारियों पर अंकुश लगाने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के दिये गये दिशा निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रमा पटेल (रा.पु.से.) एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सक्ती मनीष कुंवर (रा.पु.से.) के मार्गदर्शन में क्षेत्र में सक्रिय मुखबिर तैनात कर सूचना संकलन किया जा रहा है कि 20.09.2024 को जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम हरेठी में मोहन लाल खैरवार अपने घर के पीछे बाडी में महुआ शराब बिक्री करने हेतु रखा है कि सूचना पर पुलिस स्टाफएवं गवाहान के मुखबिर के बताये स्थान पर रेड कार्यवाही किया जो मोहन लाल खैरावार अपने घर के पीछे बाडी में प्लास्टिक झोला के अदंर 01 पीले रंग की प्लास्टिक जेरिकेन 05 लीटर क्षमता वाली में भरा 05 लीटर महुआ एवं 01 सफेद रंग की प्लास्टिक बोतल 01 लीटर क्षमता वाली में भरा 01 लीटर कच्ची महुआ शराब, कुल 06 लीटर कच्ची महुआ शराब रखे रंगेहाथ पकड़ा गया जिसे मौके पर महुआ शराब को रखने के संबंध में वैध दस्तावेज पेश करने हेतु नोटिस दिए जाने पर कोई वैध दस्तावेज या लायसेंस नहीं होना लिखित में दिया।

# रामकुमार एवं गीता गबेल की मांग पर नगर पालिका अध्यक्ष ने खुले नाले को करवाया कवर्ड




पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

शहर के बाराद्वार रोड में बेरी मंदिर के बगल में स्थित बिहान सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं गोमती देवी हॉस्पिटल के बीच में बड़े खुले नाले के कारण आए दिन मरीजों को दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई थी तो वहीं खुले नाले के चलते संक्रामक बीमारियां फैलने की भी संभावना थी, जिसे देखते हुए शक्ति जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं जनपद सदस्य रामकुमार गबेल एवं जनपद सदस्य श्रीमती गीता गबेल ने नगर पालिका शक्ति की अध्यक्ष श्रीमती सुषमा दादू जायसवाल को चिट्ठी लिखकर उपरोक्त खुले नाले की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए यथाशीघ्र उसे कवर्ड करने की मांग की थी। जिस पर नगर पालिका शक्ति की ऊर्जावान, संवेदनशील अध्यक्ष श्रीमती सुषमा दादू जायसवाल ने तत्काल सुध लेते हुए रामकुमार एवं गीता गबेल की मांग पर अपनी टीम को वहां भेजकर निरीक्षण करवाया तथा अविलंब उपरोक्त नाले को कवर्ड कराने का कार्य कर दिया, नगर पालिका अध्यक्ष जी की सक्रियता पर रामकुमार गबेल एवं गीता गबेल ने उनका आभार व्यक्त किया है साथ ही कहा है कि इस नाले के कवर्ड होने से यहां आने वाले मरीजों को भी तकलीफ नहीं होगी। वही दोनों बड़े हॉस्पिटलों के सामने खुले नाले के कवर्ड होने से अस्पताल प्रबंधन ने भी राहत के साथ ली है, तथा खुले नाले के कारण जहां मच्छरों की भी समस्या रहती थी, तो वहीं बदबू भी आती थी एवं मरीजो को भी गिरने का खतरा बना रहता था।

# शारदीय नवरात्रि पर मां मईनका दाई में प्रज्जवलित होगे मनोकामना दीप, तैयारी जोर शोर पर

पायनियर संवाददाता ➤ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



सक्ती जिला लगभग 35 किलोमीटर दूर स्थित भोथिया तहसील ग्राम पंचायत भोथिया विराजित मां मईनका दाई मंदिर में शारदीय नवरात्र पर्व की तैयारी चल रही है। यहां 3 अक्टूबर से मनोकामना दीप कलश प्रज्ज्वलित किये जायेंगे। शारदीय नवरात्र पर्व मनाने हेतु ग्राम वासी व विकास समिति जुटे हुए हैं, ग्राम भोथिया में साक्षात मां मईनक दाई मंदिर शारदीय नवरात्रि महापर्व एवं मनोकामना ज्योति कलश तथा ज्वारा ज्योति कलश प्रज्वलन का आयोजन प्रतिवर्ष भांति लोक कल्याण हेतु इस वर्ष भी किया जा रहा है। यहां 3 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक आयोजित नवरात्रि महापर्व की समस्त आवश्यक व्यवस्था मे मंदिर विकास समिति, बैगा, ग्रामवासी जुटे हुए हैं। इसी कड़ी मनोकामना ज्योति कलशों में तेल ज्योति,घृत ज्योति कलश प्रज्वलन की व्यवस्था की गई है।जो घठ स्थापना के साथ प्रज्ज्वलित किये जायेंगे।इसके साथ ही मंदिर पुजारी बैगा द्वारा प्रतिनिधि विधि -विधान से पुजा पाठ प्रातः कालीन एवं संध्या कालिन आरती किया जावेगा। क्वार नवरात्रि में श्रद्धालु बड़ी संख्या में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कराते हैं, जिसके लिए मंदिर विकास समिति द्वारा रसीद काटा जा रहा है। विकास समिति द्वारा शुल्क तेल ज्योति 751 रुपये एवं घृत ज्योति मनोकामना कलश हेतु 1151 रुपये निर्धारित किया गया है। भक्त घृत ज्योति,तेल ज्योति के लिए रसीद कटवा रहें हैं, नवरात्र के मां मईनका दाई मे ज्योतिकलश प्रज्वलित कराने का विशेष महत्व है। अधिकांश लोग मन्नत मांगने के लिए देवी के दरबार में ज्योति कलश जलवाते है।

### क्या कहते हैं ग्राम पंचायत भोथिया सरपंच प्रतिनिधि

ग्राम पंचायत भोथिया सरपंच प्रतिनिधि राकेश चंद्रा ने बताया कि दुर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं एवं भक्तगणों को किसी भी प्रकार समस्या न हो उसके लिए मंदिर परिसर विकास समिति द्वारा उचित व्यवस्था किया जा रहा है।

## 22 राज्यों के 300 जिलों में संचालित की जा रही यह यात्रा ब्लॉक व तहसील मुख्यालय बम्हनीडीह नगर में पहुंची

# आईसेक्ट कौशल विकास यात्रा 2024 का बम्हनीडीह में हुआ भव्य स्वागत

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com




बम्हनीडीह। राष्ट्रीय शिक्षा नीति और कौशल विकास के महत्व को युवाओं तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक अनूठा प्रयोग किया जा रहा है। हमारे देश भारत के लगभग 22 राज्यों के 300 जिलों में संचालित की जा रही यह यात्रा में भोपाल कौशल विकास और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पिछले 39 वर्षों से निरंतर कार्य कर रही संस्था आइसेक्ट के द्वारा छात्रों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रति जागरूकता लाने एवं करियर काउंसलिंग के उद्देश्य से देशव्यापी कौशल विकास यात्रा 9 सितंबर से पूरे देश भर में आयोजित की जा रही है। जिसमें देश के 22 राज्यों के 300 जिलों में संचालित की जा रही यह यात्रा शनिवार 21 सितंबर को ब्लॉक व तहसील मुख्यालय बम्हनीडीह नगर में पहुंची। आई सेक्ट कंप्यूटर कॉलेज एवं प्रशिक्षण केंद्र बम्हनीडीह के सामने में बड़े उत्साह के साथ सैकड़ो विद्यार्थियों ने इस कौशल विकास यात्रा का स्वागत किया । इस मौके पर आई सेक्ट कंप्यूटर सेंटर बम्हनीडीह में सेमिनार का आयोजन भी किया गया। इस यात्रा में साथ चल रहे विषय विशेषज्ञों के साथ आइसेक्ट के संस्था प्रमुख रघुनंदन प्रसाद पटेल एवं कर्मचारियों ने विद्यार्थियों को कौशल विकास का महत्व बताते हुए करियर मार्गदर्शन प्रदान करने के साथ ही उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। कौशल विकास रोजगार पाने की राह में एक मुख्य साधन है। कौशल विकास के महत्व को भारत सरकार भी रेखांकित कर रही है और डेमोग्राफिक्र डिविडेंड का लाभ उठाने के लिए लोगों को कौशल विकास यात्रा के प्रति जागरूक कर रही है। ऐसे में प्रत्येक विद्यार्थी का यह ध्येय होना चाहिए कि वह स्वयं को उद्योग जगत की आवश्यकता अनुरूप कौशल से युक्त बनाएं। इसे वह स्वयं के करियर को दिशा प्रदान करने के साथ भारत की प्रगति में भी योगदान दे पाएंगे। इस कौशल विकास यात्रा के साथ आए अरुण साहू रीजनल मैनेजर कोरबा ने बताया कि कौशल विकास यात्रा कई वर्ष से आई सेक्ट द्वारा युवाओं के कौशल विकसित करने के महत्व को समझने के लिए एक अनूठा प्रयास कर रहा है। इसे विभिन्न राष्ट्रीय एजेंसी द्वारा पुरस्कृत भी किया गया है। इस यात्रा में आवश्यकता के नवीन गतिविधि जैसे बैंकिंग आधार ऑनलाइन फ्री कोर्सेज ऑनलाइन सेवाएं रोजगार मंत्र पोर्टल इत्यादि से शाखाओं एवं छात्राओं को अवगत कराया गया। उक्त कार्यक्रम में ऐसे सभी विश्वविद्यालय समूह द्वारा चलाए जा रहे कोर्सेज जैसे डीसीए, पीजीडीसीए, टेली ,बीए, बीएससी, एमएससी, बेसिक इतिहास से छात्रों को अवगत कराया जा रहा है. इस मौके पर कौशल विकास यात्रा का भव्य शुभारंभ माननीय तहसीलदार उमाकांत जायसवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आई सेक्ट कंप्यूटर कॉलेज एवं प्रशिक्षण केंद्र बम्हनीडीह के संचालक रघुनंदन प्रसाद पटेल, क्षेत्रीय कार्यालय कोरबा से अरुण साहू, कृष्णा पटेल, देवानंद पटेल आदि के अलावा समस्त छात्र-छात्राएं इस विकास रैली में शामिल हुए।

# डॉ एस.कर्मकार होंगे छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर रायपुर के महानिदेशक

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत डॉक्टर एस कर्मकार द्वारा दिनांक 17 सितंबर 2024 को छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर रायपुर के महानिदेशक पद का प्रभार ग्रहण कर लिया गया है,विदित हो की शासन द्वारा छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर रायपुर के महानिदेशक पद का मूलतः वैज्ञानिकों के लिए निर्माण किया गया है । जिसमें मूल योग्यता विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर के साथ पीएचडी की उपाधि के साथ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में 20 वर्षों का कार्य का अनुभव होना आवश्यक है. डॉ एस कर्मकार आई आई टी खड़गपुर से भूविज्ञान विषय में पीएचडी डॉक्टरेट उपाधि के साथ वैज्ञानिकय/प्रशासकीय कार्य करते हुए कुल 35 वर्ष से अधिक का अनुभव इन्हें प्राप्त है तथा पूर्व में भी लगभग डेढ़ वर्ष तक दोनों संस्थाओं के प्रभारी महानिदेशक के पद पर कार्य कर चुके हैं,छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर रायपुर के प्रभार मूलतः वैज्ञानिक को मिलने के कारण परिषद एवं साइंस सेंटर की वैज्ञानिक गतिविधियों में वृद्धि होने की आशा है जिस कारण परिषद एवं साइंस सेंटर वैज्ञानिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है।

# नेशनल लोक अदालत में 22981 प्रकरणों में से 19386 प्रकरणों का हुआ निराकरण

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




जिला न्यायालय बेमेतरा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें वृजेन्द्र कुमार शास्त्री, प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर लोक अदालत का शुभारंभ कर कार्यक्रम में उपस्थित न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण व न्यायिक कर्मचारीगण को अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण करने हेतु प्रोत्साहित कर शुभकामाएं दी गई। लोक अदालत में जिला न्यायालय प्रांगण में जिले के कोने-कोने से पक्षकार अपने प्रकरणों के निराकरण के लिए उपस्थित हुये, जिनकी सुविधा के लिए विधिक सहायता डेस्क, स्वचलित चिकित्सकीय वैन, स्वास्थ्य डेस्क व समस्त बैंक, विद्युत विभाग, फाइनेंस कंपनी द्वारा संचालित डेस्क, पक्षकारों हेतु निःशुल्क पौधा वितरण डेस्क लगाई गयी। नेशनल लोक अदालत हेतु जिला न्यायालय में 6 खण्डपीठ और तहसील साजा न्यायालय में 1 खण्डपीठ इस प्रकार जिला में कुल 7 न्यायालयीन खण्डपीठ का गठन कर दो-दो सुलहकर्ता सदस्यों की नियुक्ति की गई। उक्त नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के अनुक्रम में समस्त न्यायालीन कर्मचारी, पैरालीगल वालेंटियर्स, जिला प्रशासन, जिला एवं जनपद पंचायत, नगर पालिका, विद्युत विभाग, जिले की समस्त बैंको सहित अन्य समस्त विभागों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ है। जिले में 22702 प्री-लिटिगेशन व लंबित प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा गया था जिसमें से 18489 राजस्व प्रकरण निराकरण कर 57.89 करोड़ राशि का अवार्ड पारित किया गया। 30 विद्युत विवाद 05 बैंक प्रकरण व 14 बी.एस.एन.एल. प्रकरणों का निराकरण कर 7,66,275 राशि की वसूली की गई। न्यायालय में लंबित 80 अपराधिक प्रकरण, 09 सिविल प्रकरण, 21 पारिवारिक प्रकरण, 28 चेक बाउंस 10 मोटर दुर्घटना दावा व अन्य प्रकरण का निराकरण कर 2.89,76,623 राशि का अवार्ड पारित कर जिलें में रिकॉर्ड अनुसार 19386 मामलों का निराकरण किया गया, जहां आपसी सहमति से सुनवाई के बाद पक्षकारों को बीमा, विद्युत व बैंक विवाद और अन्य प्रकरणों में कुल 59 करोड़ 51 लाख रूपए की मुआवजा राशि वितरित की गई। जिला न्यायालय परिसर में उन्हें विधिक रूप से जागरूक करने हेतु प्रोजेक्टर के माध्यम से घरेलू हिंसा, लैंगिक अपराधों से संबंधित, महिलाओं से छेड़छाड़ व साईबर क्राईम, मोटर दुर्घटना सहित विभिन्न विषयों पर लघु फिल्म दिखायी गयी, जहां पक्षकारों के लिए बैठक व पेय जल की व्यवस्था की गई। साथ ही प्राधिकरण की गतिविधियों की झलकियां भी दिखाई गई। नेशनल लोक अदालत आये ग्रामीण अंचल से पहुंचे पक्षकारों को निःशुल्क पौधा वितरण डेस्क से फलदार, छायादार पौधों का वितरण कर प्रोत्साहित किया गया। साथ ही पक्षकारों के लिए सेल्फी जोन भी रखा गया। न्यायालय, बृजेन्द्र कुमार शास्त्री, प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा के न्यायालय में लंबित मोटरयान दुर्घटना दावा प्रकरण में क्षतिग्रस्त हुई मां एवं उसकी 12 वर्षीय पुत्री के पैर फैक्चर होने पर प्रस्तुत दावा प्रकरण में पृथक-पृथक 2,00,000 एवं 1,20,000 रूपयें का अवार्ड पारित किया गया। अन्य प्रकरण में धारा 166 मोटरयान अधिनियम 1988 के अतंर्गत मृतक के परिजन द्वारा क्षतिपूर्ति हेतु 1,01,06,000 रूपये के दावे में बीमा कंपनी व पक्षकार के मध्य समझौता करा कर आवेदकगण को कुल क्षतिपूर्ति राशि 14,00,000/- (चौदह लाख रूपये) का अवार्ड पारित किया गया। अन्य प्रकरण में 32 वर्षीय महिला के एक्सीडेंट हो जाने पर उसे 2,80,000 रूपयें अवार्ड पारित किया गया। न्यायाधीश उमेश कुमार उपाध्याय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की न्यायालय में घटना थाना मारो का मामला है जिसमें आरोपी द्वारा अपनी भाभी के साथ मारपीट करने का प्रकरण दर्ज किया था। जिसमें न्यायालय के नोटिस पर प्रार्थिया और आरोपी उपस्थित हुए प्रार्थिया के साथ उसके पति जो कि आरोपी का बड़ा भाई था, वो भी उपस्थित हुआ। प्रार्थी आरोपी के साथ राजीनामा नहीं करना चाहती थी लेकिन प्रार्थिया का पति अपने भाई और पत्नि के बीच के विवाद को समाप्त कर राजीनामा कराना चाहता था किन्तु प्रार्थिया राजीनामा नही करने के जिद पर अड़ी रही थी। इसी बीच न्यायाधीश द्वारा माता सीता एवं देवर लक्ष्मण का उदाहरण देकर कहां कि आपसी रिश्ते के महत्व एवं भाई और भाभी के प्रति सम्मान का भाव रखना चाहिए।

# केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने डिब्रूगढ़ से 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का उद्घाटन किया

## लोगों की भागीदारी ने स्वच्छ भारत मिशन को जन आंदोलन में बदल दिया है : सर्बानंद सोनोवाल



पायनियर संवाददाता ∢ डिबरूगढ़
www.dailypioneer.com

केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने सरकार के 'सेवा पखवाड़ा' अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रमो में शामिल हुए। सोनोवाल ने शहर के सिविल अस्पताल में आयोजित 'स्वच्छता में जन भागीदारी' के तहत सफाई अभियान में भाग लिया, जिसका उद्देश्य सफाई कर्मचारियों, सरकारी कर्मचारियों और आम लोगों को नियमित सफाई में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना था। एलएससी सांसद (लोकसभा), केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने डिब्रूगढ़, चबुआ, तिनसुकिया, मार्गेरिटा, डिगबोई, मकुम, नाहरकटिया और नामरूप के विभिन्न नगर निकायों के तहत काम करने वाले सफाई कर्मचारियों के लाभ के लिए ऐतिहासिक चौकीडिंगी मैदान में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का भी उद्घाटन किया। कार्यक्रम में 500 से अधिक सफाई कर्मचारियों ने भाग लिया, जहां सोनोवाल ने उनसे बातचीत भी की। सोनोवाल ने आश्वासन दिया कि सरकार उनकी सामाजिक सुरक्षा और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाने के लिए सभी आवयश्क कदम उठाएगी। इस अवसर पर बोलते हुए सोनोवाल ने कहा, स्वच्छ भारत अभियान सबसे महत्वपूर्ण और लोकप्रिय आंदोलन है जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में सफलतापूर्वक चल रहा है। बापू महात्मा गांधीजी के शब्दों से प्रेरित होकर हमारे गतिशील नेता नरेंद्र मोदी ने एक दशक पहले इस अभियान की शुरुआत की थी जो आम लोगों की शानदार प्रतिक्रिया के साथ मजबूती से जारी है। इस वर्ष, इस सेवा पखवाड़े के दौरान, हम 'स्वच्छता ही सेवा' थीम मना रहे हैं क्योंकि हम एक स्वच्छ कल की ओर अपनी यात्रा जारी रखते हैं। इस प्रयास में, हमारे समाज का सबसे महत्वपूर्ण वर्ग हमारे भाई और बहन हैं जो सफाई कर्मचारी के रूप में काम कर रहे हैं। मुझे यह जानकर बहुत खुशी हो रही है कि हम डिब्रूगढ़ निर्वाचन क्षेत्र की देखभाल करने वाले 500 से अधिक सफाई कर्मचारियों के साथ एक छत के नीचे बैठे हैं। मैं पूरी श्रद्धा के साथ आप सभी के सामने नतमस्तक हूं। आगे कहते हुए सर्बानंद सोनोवाल ने कहा, एक सार्वजनिक कार्यक्रम तभी एक सच्चे जन आंदोलन में बदल जाता है, जब उसमें सच्ची भागीदारी हो।

# कलर्स के 'खतरों के खिलाड़ी 14' के प्रतियोगियों को टाइगर श्रॉफ, विक्रांत मैसी और करण वाही से प्यार मिला




पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

जबकि कलर्स का 'खतरों के खिलाड़ी 14' फिनिश लाइन के नज़दीक पहुंच रहा है, सेमीफिनाले एक्शन से भरपूर होने वाला है, जहां प्रतियोगी डर की सरज़मीं पर अनुभवी सैलानी बन गए हैं। लेकिन अंतिम बोर्डिंग कॉल से पहले, भरपूर ड्रामा, हंसी और रोमांचक स्टंट का मज़ा मिलने वाला है। दिग्गज अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा की नकल करते हुए, करण वीर मेहरा ने पूरे जोश से पूरे शो में अभिषेक कुमार की किस्मत का मज़ाक उड़ाया, जिससे दर्शक और रोहित शेट्टी हंस-हंसकर लोट-पोट हो गए। करण ने बड़े मज़े से यह जानने का दावा किया कि शो के बाद सभी प्रतियोगियों ने क्या योजना बनाई है, जिसमें शालीन भनोट भी शामिल हैं, जो उनके अनुसार, 'ओवरएक्टिंग की अकादमी' खोलने वाले हैं। करण ने शालीन के सिग्नेचर वॉक की नकल भी की, लेकिन रोहित शेट्टी उनकी इस नकल से स्पष्ट रूप से असंतुष्ट थे, जिन्होंने खुद आगे बढ़कर शालीन की तरह चलने की मास्टरक्लास देनी शुरू कर दी, जिससे हर कोई हंसने लगता है। इसके बाद एक भावुक पल सामने आता है, जब अभिषेक कुमार अपने माता-पिता के साथ वीडियो कॉल पर बात करते हैं। अभिषेक बताते हैं कि जब वह अपने क्लॉस्ट्रोफोबिया के कारण शो के लिए साइन अप करने में झिझक रहे थे, तो उनके पिता ने उन्हें आश्वस्त किया था कि रोहित शेट्टी उनका ख्याल रखेंगे। टाइगर श्रॉफ ने अपनी बहन कृष्णा श्रॉफ को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह अक्सर उन्हें 'फट्टू' कहकर बुलाते थे, लेकिन उन्होंने जो स्टंट्स किए थे वह उनके आधे स्टंट भी नहीं कर पाएंगे। अपनी आनंददायक टूटी-फूटी हिंदी में, कृष्णा स्वीकार करती हैं कि रोहित शेट्टी की आवाज उन्हें ऊर्जा से भर देती है, जिससे वह अपनी चुनौतियों को पार कर जाती हैं।

# शिक्षक अपनी कक्षा में पूरी तैयारी और उत्साह के साथ जाए : प्राचार्य घृतलहरे

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे के मार्गदर्शन में डाइट बेमेतरा में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कक्षा छठवीं से आठवीं तक के विज्ञान शिक्षकों के लिए विज्ञान प्रशिक्षण का आयोजित प्रशिक्षण के अंतिम दिवस में डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे ने सभी प्रतिभागी शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी वस्तु या घटना का क्रमबद्ध अध्ययन ही विज्ञान कहलाता है। किसी भी तथ्य को जांचना, परीक्षण करना, सिद्ध करना, तब मानना विज्ञान कहलाता है। किसी भी तथ्य को सत्यापित करना, प्रूफ करना ही विज्ञान कहलाता है। जिस प्रकार मोबाइल की बैटरी कम हो जाने पर उसे चार्जिंग करना पड़ता है। ठीक उसी प्रकार प्रशिक्षण हमें पूरी तरह से चार्जिंग कर देता है ताकि हम फिर से अपने कार्य को पूरी लगन और उत्साह के साथ संपादित कर सके। विज्ञान एक ऐसा विषय है जो पूरी तरह प्रयोग पर आधारित होता है। आज शिक्षक तो बहुत है। आज हर बच्चा कहता है कि आगे चलकर वह शिक्षक बनना चाहता है। लेकिन आज अच्छे शिक्षकों की बहुत कमी है। यही कारण है कि हमारा रिजल्ट भी सही नहीं आ रहा है। लर्निंग आउट कम बहुत कम आ रहा है। लर्निंग आउट कम याने सीखने के प्रतिफल जब तक अधिक नहीं होगा हम सफल नहीं हो सकते। इसी लर्निंग आउट कम की कमी को दूर करना है आज हमारे सभी शिक्षक सही समय पर स्कूल जाए, सही समय पर कक्षा में जाएं, और पूरी तन्मयता और ईमानदारी के साथ अध्यापन कार्य कारण तो इस लर्निंग आउटकम की कमी को दूर किया जा सकता है। उन्होंने सभी प्रतिभागी शिक्षकों से आह्वान किया कि वे अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ करें। कक्षा में जाएं तो संबंधित विषय और टॉपिक की अच्छी तैयारी के साथ जाएं। अगर हम पूरी तैयारी के साथ नहीं जाएंगे तो हम बच्चों को कक्षा में अच्छे से नहीं बता पाएंगे। अतः हमें पूरी तैयारी, पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी कक्षा में जाना चाहिए। अगर हम ऐसा कार्य करेंगे तो परिणाम भी निश्चित रूप से बहुत ही अच्छा होगा। आप लोग फाऊंडेशनल क्लास वाले हैं आप बच्चों की पढ़ाई की आधारशिला तैयार करने वाले शिक्षक है यही वह अवस्था है क्लास है जहां पर हमें अच्छी तरह से मेहनत करने की आवश्यकता होती है आप लोग बच्चों के बीच जाकर खूब मेहनत कीजिए। पूरे पुरुषार्थ से कार्य कीजिए जैसे लकड़हारा अपनी कुल्हाड़ी की धार को प्रतिदिन तेज करता है। वैसे ही आपको प्रतिदिन अपनी कक्षा में जाने से पहले पुरी तैयारी के साथ जाना है । आपको रिफ्रेश होने की जरूरत है विद्यालय का बच्चा आपको लगातार ऑब्जर्व कर रहा है। वरिष्ठ व्याख्याता डॉक्टर बसुबंधु दीवान ने समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि यहां से जो कुछ भी आप अपने बच्चों के लिए सीखे है उसे 100 प्रतिशत होने बच्चों तक, कक्षा तक पहुंचाए। प्रायोगिक कार्य पर ज्यादा जोर दें। अपने बच्चों को नियमित रूप से प्रायोगिक कार्य कराएं। उसे अपनी कक्षा तक, अपने बच्चों तक निश्चित रूप से पहुंचाए। तभी इस प्रशिक्षण की सार्थकता है। इस तीन दिवसीय विज्ञान प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स के रूप में मंजू साहू शिक्षिका शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मटका तथा केजहा राम निषाद व्याख्याता शासकीय हाई स्कूल करंजिया नवागाँव तथा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से श्रेया दुबे इस प्रशिक्षण के लिए मास्टर ट्रेनर्स की की भूमिका निभा रहे हैं। जबकि इस प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी डाइट की व्याख्याता कीर्ति घृतलहरे है। जो विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रायोगिक कार्य के माध्यम से विज्ञान प्रशिक्षण प्रदान कर रहे है।

# कलेक्टर सपरिवार पहुंचे एकलव्य स्कूल सोनाखान, बच्चों को भेंट किए खेल सामग्री

पायनियर संवाददाता ∢ लवन
www.dailypioneer.com




कलेक्टर दीपक सोनी सपरिवार कसडोल विकासखंड के वीरभूमि सोनाखान स्थित एकलव्य आवासीय विद्यालय में पहुंचकर बच्चों से मुलाकात कर हालचाल का जायजा लिए। इस दौरान सोनी ने सपरिवार बच्चों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाते हुए पढ़ाई पर फोकस करने की बात कही। इस दौरान कलेक्टर ने बच्चों को खेल सामग्री भी प्रदान किए. खेल समाग्री मिलते ही बच्चों के चेहरे खिल उठे। सोनी ने बच्चों से रूबरू होते हुए वन टू वन बात चीत कर उनके शंका समाधन को दूर भी किए। कलेक्टर ने एकलव्य स्कूल में हुई छात्रा के साथ घटना को दुर्भाग्य पूर्ण बताते दोषियों को सख्त सजा देने की बात कही। उन्होंने कहा आप सभी लोगो को डरने की कोई जरूरत नही है हम सब एक परिवार की तरह ही आप लोगो के साथ है। आप लोग पढ़ाई में फोकस करें यही हमारा मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। पढ़ाई ही सब कुछ है पढ़ाई करने से ही हम डॉक्टर, इंजीनियर या अन्य अधिकारी एवं सफल व्यवसायी बन सकते है। शिक्षक एवं छात्र एक सिक्के के दो पहलू है। दोनों के व्यवहार कुशल और मर्यादा के अनुरूप ही होने चाहिए। आप लोगो की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हमने 2 अनुभवी शिक्षकों को प्रशासक के रूप में नियुक्त किए है। जिसमें हाई स्कूल मानाकोनी के प्राचार्य दीनू राम धृतलहरे एवं शासकीय स्कूल बलौदा की व्यख्याता बिराजो पैकरा की नियुक्ति की गई है। इसके साथ ही हम लोग आप लोगो के लिए खेल मैदान की भी व्यवस्था कर रहे है। बच्चों ने भी खेल मैदान की कमी, कंप्यूटर क्लास,कला,खेल एवं म्यूजिक के शिक्षक एवं नर्स नही होने की बात कलेक्टर को बताई। जिस पर कलेक्टर ने उक्त सभी शिक्षकों की वैकल्पिक व्यवस्था एवं संविदा नर्स की नियुक्ति करने के निर्देश दिए है। सोनी ने स्कूल एवं हॉस्टल के नोटिस बोर्ड में अधिकारियों के नाम मोबाईल अंकित करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है। साथ ही मंडल संयोजक को कार्य में लापरवाही बरतने एवं ठीक से निरीक्षण करने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। इसके साथ ही कलेक्टर ने अलग अलग शिक्षको, छात्रों, सामाजिक प्रतिनिधियों एवं गांव के जन प्रतिनिधियों से मुलाकात किए। कलेक्टर दीपक सोनी की पत्नी अदिति सोनी ने गर्ल्स हॉस्टल जाकर सभी बच्चों से बातचीत कर उनके समस्याओं को जाना। इस दौरान कलेक्टर की दोनो बेटियां भी उपस्थित रही। दोनो बेटियों ने भी बच्चों के संग खेल खेले। खेल सामग्रियों में वॉलीवाल, फुटबाल, बैडमिंटन, शतरंज, कैरम बोर्ड,रस्सी कूद, क्रिकेट किट, पेटिंग सहित अन्य सामग्री शामिल रहा है। इस मौके पर एसडीएम आर आर दुबे, तहसीलदार निवेश कुरेठी, थाना प्रभारी, सहायक आयुक्त लोकेश्वर पटेल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे। गौरतलब है विगत दिनों एकलव्य आवासीय विद्यालय सोनाखान में पदस्थ शिक्षक के द्वारा बच्चों के साथ छेड़छाड़ की घटना सामने आई थी। जिससे स्कूल का माहौल प्रभावित हुआ है। उक्त घटना में शिकायतों के आधार पर पुलिस कार्रवाई करते हुए शिक्षक को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा ने किया राहुल गांधी का पुतला दहन



पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com

भाजपा जिला ओबीसी मोर्चा के द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी के द्वारा अमेरिका में आरक्षण के खिलाफदिए बयान के विरोध के जय स्तंभ चौक सरायपाली में ओबीसी मोर्चा जिलाअध्यक्ष चंद्र कुमार पटेल के नेतृत्व में राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन में पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेल, जिला उपाध्यक्ष विपिन उपोवेज, ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री कामता पटेल, बिहारी अग्रवाल, बलौदा मंडल अध्यक्ष प्रदीप साहु, अनंत कुमार पटेल, पार्षद स्वर्ण सिंह सलूजा, जय प्रकाश यादव, प्रमोद सागर, मनोज दास, आशीष दास, गजेंद्र ठाकुर, कन्हैया पटेल, बाबा सेन, प्रखर अग्रवाल, अशीष सेन, मोतीलाल पटेल, किरण बेहरा , इकबाल खान एवम भाजपा कार्यकर्ता उपस्थिति रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी विदित धनानिया ने दी।

## मैनपुर में स्वास्थ्य शिविर आज

**गरियाबंद।** विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 23 सितम्बर 2024 को विकासखंड मैनपुर के दुर्गा मंदिर, बस स्टैण्ड मैनपुर में आयोजित किया जायेगा। शिविर में आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी शिविर में मौजूद होकर लोगों की स्वास्थ्य जांच करेंगे। शिविर में दवाई वितरण के लिए फार्मासिस्ट भी मौजूद रहेंगे। शिविर में औषधालय सेवक एवं महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता की भी ड्यूटी लगाई गई है। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. निकिता ध्रुव ने अधिक से अधिक लोगों को उपस्थित होकर स्वास्थ्य जांच कराने एवं जरूरी स्वास्थ्य सलाह प्राप्त करने की अपील की है।

**फॉर्म संख्या एनसीएलटी 3ए**
याचिका का विवरण देने वाला विज्ञापन
[राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण नियम, 2016 का नियम 35 देखें]
छतरियां एग्रो ट्रेड प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में उत्कल ग्रेन्स एंड फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) (इसके बाद "हस्तांतरक कंपनी" के रूप में संदर्भित) के भानभोरी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में उत्कल कमर्शियल कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) (इसके बाद "हस्तांतरिती कंपनी" के रूप में संदर्भित) के साथ विलय की योजना के अनुसरण में।
राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण कटक पीठ के समक्ष सी.पी. (सीएए) संख्या 10/सीबी/2024 सी.ए. (सीएए) संख्या 09/सीबी/2024 से संबंधित
**याचिका की सूचना**
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 230 और 232 के तहत एक याचिका, छतरियां एग्रो ट्रेड प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में उत्कल ग्रेन्स एंड फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) - पैन: AAECP1506B (इसके बाद "हस्तांतरक कंपनी" के रूप में संदर्भित) का भानभोरी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में उत्कल कमर्शियल कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) पैन: AAACU9152C (इसके बाद "हस्तांतरित कंपनी" के रूप में संदर्भित) के साथ विलय की योजना को मंजूरी देने की मांग करते हुए श्री गोपाल कुमार खेतान, प्रैक्टिसिंग चार्टर्ड अकाउंटेंट, 2ए, गणेश चंद्र एवेन्यू, 9वीं मंजिल, कमरा नंबर 05, कोलकाता - 700 013, याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा 06 सितंबर, 2024 को प्रस्तुत की गई (01 अगस्त, 2024 को दायर) माननीय राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण, कटक बेंच के समक्ष 25 अक्टूबर, 2024 को सुनवाई के लिए निर्धारित किया गया है।
उक्त याचिका/आवेदन का समर्थन या विरोध करने के इच्छुक किसी भी व्यक्ति को अपने नाम और पते के साथ अपने या अपने अधिवक्ता द्वारा हस्ताक्षरित एक नोटिस प्रैक्टिशनर-ऑन-रिकॉर्ड को भेजना चाहिए, ताकि याचिका/आवेदन की सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि से कम से कम दो दिन पहले प्रैक्टिशनर-ऑन-रिकॉर्ड तक पहुँच जाए। जहाँ वह याचिका/आवेदन का विरोध करना चाहता है, वहाँ विरोध के आधार या उसके हलफनामे की एक प्रति ऐसी सूचना के साथ भेजी जानी चाहिए। याचिका/आवेदन की एक प्रति नीचे हस्ताक्षरकर्ता द्वारा निर्धारित शुल्क का भुगतान करके किसी भी व्यक्ति को भेजी जाएगी।
हस्ता/-
**सीए. गोपाल कुमार खेतान**
(याचिकाकर्ताओं के लिए अधिकृत प्रतिनिधि)
2ए, गणेश चंद्र एवेन्यू, 9वीं मंजिल,
कमरा नंबर 05, कोलकाता 700 013
ईमेल आईडी-khetangopalk@gmail.com
दिनांक: 23-09-2024 मोबाइल नंबर- +91 9903564214
स्थान : रायपुर

# रेलवे स्टेशन में अशांति फैलाने वाला आदतन बदमाश को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया



पायनियर संवाददाता ∢ भाटापारा
www.dailypioneer.com

वरि.मं.सु.आ./ रेसुब/ रायपुर रमन कुमार के दिशा निर्देशन में पोस्ट प्रभारी भाटापारा निरीक्षक एस.के.शुक्ला के नेतृत्व में मंडल टास्क टीम भाटापारा उ.नि. सी.एस.मिश्रा, प्र.आ. एच.एस. सोलंकी, आरक्षक मो.आशिद, जीआरपी भाटापारा के साथ संयुक्त रूप से भाटापारा रेलवे स्टेशन में गस्त एवं चेकिंग के दौरान रेलवे स्टेशन भाटापारा के पी.एफ. नं. 05 बिलासपुर साईड भाटापारा एरिया के पास समय 12.20 बजे आने जाने वाले यात्रियों के बीच हो हल्ला कर शांति भंग करते हुए 01 आदतन बदमाश को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया, जिससे पूछने पर अपना नाम व पता बादल यादव, पिता रमेश यादव, उम्र 23 साल, निवासी तरेंगा, वॉर्ड नं. 11, हसन ताज धुमाल के पास तरेंगा, थाना ग्रामीण भाटापारा, जिला बलौदा बाज़ार (छ.ग.) बताया। संदिग्ध अवस्था में पाए जाने पर पकड़कर शासकीय रेल पुलिस चौकी भाटापारा ले जाया गया जहां आगे की पूछताछ में बताया कि, वह यात्रियों के मोबाइल/पर्स चोरी करने के इरादे से भाटापारा स्टेशन परिक्षेत्र में आया था और स्टेशन परिक्षेत्र में यात्रियों के बीच उपद्रव कर रहा था कि, पकड़ा गया। चेक करने पर उक्त आरोपी पास कुछ भी आपत्तिजनक सामान नहीं मिला। इस संबंध में शासकीय रेल पुलिस भाटापारा द्वारा उक्त आरोपी के विरुद्ध ईस्तगासा क्रमांक 57/09/24, धारा 170, 126,135(3) बी.एन.एस.एस. 17.09.2024 का मामला दर्ज कर एसडीएम न्यायालय भाटापारा के समक्ष पेश किया गया।

# संडी मंडल के शक्तिकेन्द्रों में हुई सदस्यता अभियान को लेकर समीक्षा बैठक



पायनियर संवाददाता ∢ लवन
www.dailypioneer.com

पूरे भारतवर्ष में भाजपा सदस्यता अभियान का महापर्व चल रहा है। भाजपा मंडल संडी के आठ शक्तिकेन्द्र जारा, रेंगाडीह, फुंडरडीह, साराडीह, संडी, जर्वे, सुन्द्रावन एवं हरिनभट्ठा में सदस्यता अभियान को लेकर समीक्षा बैठक किया गया। पूर्व विधायक एवं जिला प्रभारी मोतीराम चंद्रवंशी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जयंती के अवसर सभी बूथों में 100 सदस्य बनाकर इस अभियान को सम्पन्न करना है, और इसी नये सदस्यों के साथ 29 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात को सुनना है। किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री ओमप्रकाश चन्द्रवंशी ने कहा कि भाजपा सदस्यता अभियान के तहत प्रत्येक वर्ग के व्यक्तियो को इस अभियान से जोड़कर केन्द्र एवं राज्य में भाजपा सरकार बनाने वाले कार्यकर्ता एवं मतदाताओं का आभार ब्यक्त हुये उन्हें डबल इंजन सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराना है । पूर्व जनपद उपाध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष महेन्द्र साहू ने कहा कि हर बूथ में 200 सदस्य बनाने होंगे एवं सक्रिय सदस्य बनने के लिए कम से कम 50 सदस्य बनाने पर ही पात्रता होगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष महेन्द्र साहू, डागेश्वर पप्पू वर्मा, राजू बंजारे, भीष्मदेव सोनवानी, लीलाधर साहू, हिमांशु वर्मा, सुधेराम वर्मा, तारेश परगनिहा, संतराम साहू, विक्की वर्मा, शत्रुहन साहू, प्रेमलाल सेन, राजू साहू, कामेश्वर साहू, माधो वर्मा, भगत वर्मा, जगत फेकर, यशवंत शर्मा, रामगोपाल साहू, देवप्रकाश चंद्रवंशी, टेकराम पटेल, सुरेन्द्र वर्मा, मौजीराम वर्मा, हुलाश बंजारे, जयंत कुर्रे, उत्तम पटेल, लक्ष्मी बंजारे, त्रिवेणी वर्मा, निर्मला धुरंधर, कांति वर्मा, उषा पटेल, यशोदा यादव, मीना कमल, विमला सागरवंशी, राजेन्द्र वर्मा, अशोक वर्मा, दिलीप साहू, ललित बंजारे, हेमलाल साहू, देवचरण साहू, देवदत्त वर्मा, बुधेलाल वर्मा, बीरसिंह साहू, देवप्रसाद राजपूत सहित कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## नवोदय विद्यालय के लिए रोहिना के तीन छात्रों का चयन

**सरायपाली।** ग्राम रोहिना के तीन छात्रों का लैटरल एंट्री परीक्षा 2024 के तहत जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 11 वीं के लिये चयन हुआ है। हाई स्कूल रोहिना से कक्षा दसवीं उत्तीर्ण दिव्या गंधेल पिता बैगाराम गंधेल, संतोषी टेकाम पिता नीलांबर टेकाम, टिंकल सेठ पिता राजेंद्र सेठ का चयन वाणिज्य संकाय में हुआ है। तीनों छात्र काफी मेधावी रहे हैं उन्हें नवोदय विद्यालय चयन के लिए शिक्षक सूरज कुमार पटेल का विशेष मार्गदर्शन एवं निशुल्क कोचिंग का लाभ मिला। नवोदय विद्यालय पर चयन होने पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एके जायसवाल, व्याख्याता कमलेश साहू, के के साहू, प्रधान पाठक एवं संकुल समन्वयक टीआर पटेल, एके पटेल, एसके पटेल, सहायक शिक्षक कैलाश कमार, लिपिक एसआर साहू, लीला पटेल, कन्हैया बरिहा आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# रेस्क्यू के दौरान सलामती की दुआएं मांगते रहे, बेटे का शव बाहर आया तो जिगर के टुकड़े से लिपटकर बिलखने लगा पिता

## दोस्तों के साथ नदी में उतरे थे बालक, डेढ़ घंटे चला रेस्क्यू, 17 फीट की गहराई से निकाले शव

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मौज-मस्ती के लिए शिवनाथ नदी में नहाने दोस्तों के साथ उतरे दो बालक डूब गए। इनके रेस्क्यू के लिए एसडीआरएफ की टीम ने ऑपरेशन चलाया। दोनों ही बालकों के परिजन अपने बच्चों की सलामती के लिए दुआएं मांगते रहे। वो बार-बार नदी की ओर टकटकी लगाए अपने बच्चे के लौट आने की उम्मीद पाले हुए थे। इनमें से 12 वर्षीय शाहीद का जब शव बाहर निकाला गया तो वो तैराकों की गोद में था। पिता हुसैन वहीं उससे लिपटकर बिलखने लगा। दूसरे 17 वर्षीय बालक के भी परिजनों का ऐसा ही बुरा हाल है।



रविवार की दोपहर शिवनाथ नदी के मोखला एनिकट में डूबकर दो बालकों की मौत हो गई। लखोली के रहने वाले मृतक अपने दोस्तों के साथ यहां नहाने पहुंचे थे। इस बीच दोपहर तकरीबन एक बजे दो बालक गहरे पानी में समा गए। आनन-फानन में पुलिस को इसकी सूचना मिली। जिला सेनानी होमगार्ड अरुण कुमार सिंह ने बताया कि, तत्काल पुलिस से जानकारी मिलते ही एसडीआरएफ के तैराक घटना स्थल पहुंचे। डेढ़ घंटे चले रेस्क्यू के बाद दोनों बच्चों के शव 15-17 फीट गहराई से निकाले गए। पुलिस चौकी सुरगी प्रभारी ने बताया कि, घटना में लखोली निवासी सुमित यादव (18) व शाहीद अली (12) की मौत हुई है। दोनों ही बच्चे अपने अन्य 4-5 दोस्तों के साथ यहां नहाने पहुंचे थे। सभी एनिकट के करीब नहा ही रहे थे इस बीच सुमित और शाहीद गहराई की ओर चले गए। अचानक वे दोनों डूबने लगे। उन्हें बचाने की कोशिश असफल रही। बच्चो के डूबने पर हो-हल्ले के बाद ग्रामीण भी यहां जुट गए। तत्काल सुरगी पुलिस चौकी को घटन की जानकारी दी गई। पुलिस ने एसडीआरएफ से बचाव के लिए मदद ली। एसडीआरएफ के तैराकों के 8 सदस्यीय दल ने तकरीबन डेढ़ बजे यहां रेस्क्यू शुरु किया। दोनों बच्चों का शव घटनास्थल से 15 मीटर दूर 15-17 फीट की गहराई में बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों शवों को मॉरच्यूरी में रखवाया है जहां सोमवार की सुबह इनका पीएम किए जाने के बाद परिजनों का सौंपा जाएगा।

# नक्सलगढ़ में कलेक्टर की चौपाल... बिहड़ों के बीच बसे नवागांव, पुगदा व टाटेकसा में प्रशासन ने लगाया शिविर

■ बस्तर के नक्सल प्रभावित इलाकों मे जारी नियद नेल्लानार योजना का मोहला-मानपुर जिले मे आगाज



पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

नक्सल प्रभावित गांवों तक बुनियादी सुविधाएं और कल्याणकारी परियोजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए नियद नेल्लानार योजना (आपका अच्छा गांव योजना) योजना शुरू की गई है। वर्तमान में बस्तर में जारी उक्त योजना का अब नक्सल प्रभावित मोहला-मानपुर जिले मे भी आगाज हो गया है। योजना की शुरवात करते हुए जिला प्रसासन के निर्देशानुसार मानपुर ब्लॉक अंतर्गत बिहडों के बीच बसे धुर नक्सल प्रभावित नवागाँव, पुगदा व टाटेकसा मे विशेष शिविर आयोजित हुआ। जहाँ मुख्य रूप से शिरकत कर कलेक्टर एस. जयवर्धन क्षेत्रवासी ग्रामीणों की समस्याओं व जरूरतों को जाना तथा उन्हे क्षेत्रीय विकास व बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता का भरोषा दिलाया।बता दें इस योजना के तहत मूलभूत सुविधाएं नक्सल प्रभावित ग्रामों के बाशिंदों को उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही इन गांवों के ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं-परियोजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। नियद नेल्लानार योजना का मोहला ङ्कमानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में शुरवात करते हुए योजना के तहत कलेक्टर एस. जयवर्धन जिले के नक्सल प्रभावित मानपुर विकासखंड के प्रस्तावित 12 ग्रामों - पीटेमेटा, आमाकोडो, टाटेकसा, मिचगांव, नवागांव, बालेर, अरजगुबला, गट्टेपायली, संबलपुर, पुगदा, गट्टेगहन, बुकमरका के ग्रामीणों से मुखातिब हुए तथा ग्रामीणों से प्रत्यक्ष संवाद कर बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता व क्षेत्रीय विकास की दिशा में उनकी समस्याओं व जरूरतों को उन्होंने जाना। वहीं कलेक्टर ने मौजूद संबंधित अफसरों, कर्मचारियों को ग्रामीणों की ओर से सामने आए जरूरतों की पूर्ति तथा समस्याओं के त्वरित निदान हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। दरअसल हाल ही में नक्सल मोर्चे पर खोले गए नवीन पुलिस कैंपों मशलन नवागांव, संबलपुर तथा पिट्टेमेटा पुलिस कैंप के करीबी ग्राम टाटेकसा, पुगदा तथा नवागांव में नियद नेल्लानार योजना के तहत विशेष शिविर आयोजित किया गया। जहां मुख्य रूप से शामिल रहकर कलेक्टर एस. जयवर्धन उक्त गांवों के ग्रामीणों से सीधे मुखातिब हुए। शिविर के दरमियान कलेक्टर ने क्षेत्रवासियों को अधोसंरचना संबंधित कार्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, महिला बाल विकास विभाग, शिक्षा, स्वास्थ्य खाद्य, कृषि , मोबाइल नेटवर्किंग, बैंकिंग सुविधा, पेयजल सुविधा, आधार संबंधित सुविधा के संबंध में क्रियाकलापों से अवगत कराया। कलेक्टर ने क्षेत्रवासियों को बताया की उक्त चिन्हांकित गावों में प्रारंभिक तौर पर बेस लाइन सर्वे कराया जाएगा, जिसके आधार पर सुविधाओं के अभाव व कमियों को पूरा करने हेतु जिला स्तरीय तथा विकासखंड स्तरीय विभाग प्रमुखों के माध्यम से विशेष शिविर लगाकर संपूर्ण ग्रामों को सेच्यूरेट किया जाएगा। उक्त योजना के जरिए अब जिले के नक्सल प्रभावित गांवों का विकास होगा तथा नक्सलगढ़ के रहवासियों को बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी।

# 216 मरीजों का हुआ निःशुल्क परीक्षण, दवाईयां दी




पायनियर संवाददाता ➤ छुरिया
www.dailypioneer.com

एकदिवसीय निःशुल्क त्रैमासिक स्वास्थ्य एवं जन जागरूकता चिकित्सा शिविर आयुष ग्राम शासकीय आयुर्वेद औषधालय बेलरगोंदी में 21 सितंबर को आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ ग्राम के सरपंच रमशिला सोनबोईर, छगन लाल पोर्ते, आस मोहम्मद खान, भागवत राम टांडेकर, शिविर प्रभारी डॉ अनिरुद्ध पटेल, देवदास साहू, दीपक कोर्राम औषधालय सेवक व नागरिकों के द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना किया गया। शिविर में 216 मरीज का परीक्षण कर निःशुल्क औषधि प्रदान किया गया लाभान्वित हुए। आयुष काढ़ा प्रदान किया गया। साथ ही शिविर में बीपी, शुगर जाँच की गई। हेमंत ऋतु में होने वाले बीमारियों के बारे में विशेष चर्चा कर ध्यान रखने को कहा गया।

# कन्हैयालाल कोठारी ने गौशाला पिंजरा पोल को 32.6 एकड़ जमीन दान में दी

■ गौशाला पिंजरापोल ने इस पुनीत सेवा कार्य का आभार जताया

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जीव दया और प्राणी मात्र की रक्षा के लिए 120 वर्ष पूर्व गठित संस्था गौशाला पिंजरापोल गौ संरक्षण एवं संवर्धन के नाम से पूरे प्रदेश में गौ सेवा के पर्यायवाची के नाम से जानी जाती है और समय-समय पर देश भर से कई भामाशाह इस गौशाला पिंजरापोल का अवलोकन करने आते रहते हैं,और यथायोग्य सहयोग भी देते रहते हैं। गौशाला पिंजरा पोल की गौ संरक्षण की सेवा से प्रभावित होकर शहर के कन्हैयालाल कोठारी एवं उनकी धर्मपत्नी किरण देवी कोठारी द्वारा छुईखदान में कोरबा ग्राम में स्थित 32.6 एकड़ जमीन गौशाला पिंजरापोल को दान में दी गई।



इस दौर में ऐसी अनुकरणीय सेवा भावना से दिए गए कन्हैयालाल कोठारी के इस महादान पर संस्था के सभी सदस्यों ने कोठारी परिवार की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए उनके परिवार को साधुवाद देते हुए उनके मंगल भविष्य की ईश्वर से कामना करते हुए गौशाला पिंजरापोल के अध्यक्ष खूबचंद पारख ने उन्हें आश्वस्त भी किया है की उनका किया गया यह पुनीत कार्य दीनहीन जीव जंतु एवं प्राणी मात्र की रक्षा में संजीवनी की भांति काम आएगा, जिसके पुण्यार्थ फल उन्हें अवश्य मिलेंगे। इस अवसर पर संस्था की ओर से पुरुषोत्तम गांधी, मनोज लड्ढा, रावल कोचर अरविंद शर्मा एवं अमित महोबिया विशेष रूप से उपस्थित थे।

# गृह मंत्री का पुतला फूंका



पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कवर्धा के रेंगाखार थाना क्षेत्र के ग्राम लोहारीडीह की घटना को लेकर जिला साहू संघ ने रोष जताया है। इस मामले को लेकर संघ ने गृह मंत्री विजय शर्मा का पुतला फूंक दिया। शहर के मानव मंदिर चौक में संघ के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की। संघ के पदाधिकारियों ने इस घटना की भर्त्सना की और दोषी पुलिस कर्मियों-अधिकारियों की बर्खास्तगी की मांग की। उन्होंने कहा कि, लोहारीडीह में पुलिस ने जिस बर्बरता के साथ ग्रामीणों को पिटा और उन्हें जेल में ठूंस दिया वह प्रदेश में कानून व्यवस्था संभाल रहे जिम्मेदारों के लिए शर्म का विषय है।

# लोहारीडीह कांड से भाजपा के खिलाफ जन आक्रोश : महेंद्र

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत सदस्य व कांग्रेस के युवा नेता महेंद्र यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा शासन के 9 महीने में ही गुंडाराज कायम हो गया है। अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं इस वजह से भाजपा पर से आम आदमी का भरोसा उठ गया है। उन्होंने कबीरधाम जिले लोहारीडीह गांव के युवक प्रशांत साहू को पुलिस कस्टडी में बर्बरतापूर्वक मारा गया। इतना मारा गया की उसके प्राण निकल गए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृहमंत्री विजय शर्मा को तत्काल पद से इस्तीफा देना चाहिए। एक गृहमंत्री जिसके गृह जिला और विधानसभा क्षेत्र में एक युवक पुलिसिया बर्बरता का भेंट चढ़ गया जो कि घोर निंदनीय है। यादव ने आगे कहा कि प्रदेश के गृह मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री तथा राजनांदगांव जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा उनके राज में पूरे प्रदेश में अत्याचार की अनेक घटनाएं सामने आ चुकी है। भारतीय जनता पार्टी के इस तरह से अत्याचार के खिलाफ पूरे प्रदेश की जनता मे भारी आक्रोश व्याप्त है। सत्ता पार्टी के भाजपा के दबाव में आकर पुलिस जो अत्याचार कर रही है वह निंदनीय है। ऐसी स्थिति में विजय शर्मा को नैतिकता के नाते अपने सभी पदों से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने इसके अनेक उदाहरण दिए हैं। ताजा घटनाक्रम कबीरधाम जिले के लोहारीडीह गांव का देते हुए कहा कि वहां पुलिस बर्बरता की जो तस्वीर और कहानी सोशल मीडिया पर वायरल हुई है। वह रूह कंपा देने वाली है। भाजपा शासन में कानून व्यवस्था चरमरा गई है। आम जनता देख रही है सुन रही है। आने वाले नगरीय निकाय चुनाव में उसके बाद पंचायती राज त्रिस्तरीय चुनाव में भाजपा को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा ।

# 5 घंटे बंद रही बिजली... मेंटनेंस के लिए ठप रही आपूर्ति, हलाकान हुई लाखों की आबादी

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात तेज बारिश के बाद रविवार को 11 बजे सुबह से लेकर 4 बजे तक बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप रही। बिजली कंपनी ने रविवार को बंद की सूचना पहले ही सार्वजनिक कर दी थी। इस बीच अति उच्चदाब विद्युत सब स्टेशन मेंटनेंस कार्य किया गया। इस बंद से राजनांदगांव एवं मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी क्षेत्र की लाखों की आबादी प्रभावित हुई।

बिजली कंपनी के मेंटनेंस कार्य के चलते पूरा दिन सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। रविवार को तापमान 34 डिग्री दर्ज किया गया। अधिक तापमान और उससे पूर्व बारिश के चलते उमस का प्रभाव काफी ज्यादा रहा। आज विद्युत कंपनी द्वारा 132।33 केवी उपकेन्द्र से निकलने वाली सभी 33। 11 केवी उप केन्द्र बंद रहे। राजनांदगांव में कंचनबाग, मोहारा, गंज मंडी, कैलाश नगर, लालबाग, आरके नगर, रेवाडीह, चिखली, बजरंगपुर नवागांव, नेहरू नगर, सोमनी, सिंघोला, अर्जुनी में बिजली गुल रही। डोंगरगढ़ में छुरिया, बम्हनी, चारभांटा, सड़क चिरचारी, कोठीटोला सहित अन्य इलाकों में भी आपूर्ति ठप रही।



# रमेश बोहरे का निधन



राजनांदगांव। प्रिंट मीडिया कर्मी रमेश कुमार बोहरे का रविवार की प्रातः 10.30 बजे हार्ट अटैक से निधन हो गया। वे लगभग 60 वर्ष के थे। स्व. बोहरे अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र प्रशांत बोहरे और एक विवाहित पुत्री का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार 23 सितंबर को प्रातः 10:00 बजे शंकरपुर मुक्तिधाम में किया जाएगा। अंतिम यात्रा उनके निज निवास शांति नगर वार्ड नंबर 10, गली नंबर एक से निकलेगी। बोहरे के निधन पर प्रेस क्लब परिवार ने शोक व्यक्त किया है।

## चौपाटी में शौचालय निर्माण के खिलाफ प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज

# ये हैं चक्काजाम करने वाले चेहरे... पुलिस ने दर्जनभर अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

रानी सागर किनारे स्थित चौपाटी में शौचालय निर्माण का विरोध करने वाले प्रदर्शनकारियों पर बसंतपुर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात दर्जनभर लोगों को आरोपी बनाया है जिनके खिलाफ धारा 126(2),3(5) बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज हुई है। जबकि इस प्रदर्शन में शहर के भाजपा और कांग्रेस के जनप्रतिनिधि सबसे सामने थे।

प्रदर्शन के दौरान की तस्वीर में चेहरे सामने हैं जिन्हें पहचान पाना जरा भी मुश्किल नहीं है। निगम के नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, पार्षद गगन आईच, ऋषि शास्त्री, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुरेंद्र दास वैष्णव के साथ ही इस प्रदर्शन में पूर्व पार्षद अशोक फड़नवीस सहित और भी जनप्रतिनिधि शामिल थे। जनहित के मुद्दों को लेकर दोनों दलों के जनप्रतिनिधि ने यहां मोर्चा खोला था।

पुलिस की इस एफआईआर पर राजनीतिक बखेड़ा खड़े होने के आसार हैं। यह प्रकरण लगभग महीने भर पुराना है। 28 अगस्त की सुबह शौचालय निर्माण का विरोध कर रहे नागरिक और भाजपा-कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने फुरसत के पल चौराहे पर चक्काजाम कर दिया था। तकरीबन दो घंटे के तक चले इस प्रदर्शन में निगम द्वारा किए जा रहे निर्माण का पुरज़ोर विरोध किया गया था। गौरतलब है कि, रानी सागर किनारे मौजूद चौपाटी शहर के नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण स्थान है जहां वे रोजाना अपनी सेहत बेहतर करने व्यायाम-कसरत के लिए जुटते हैं। इसके अलावा बच्चों को उनके मनोरंजन और खेल-कूद के लिए लेकर नागरिक यहां पहुंचते हैं। चौपाटी में ही कुछ सोशल क्लब के सदस्य रोजाना एक-दूसरे से मुलाकात करने भी जुटते हैं जिसमें वरिष्ठ नागरिक भी शामिल हैं। निगम ने यहां अचानक यहां ओपन जिम की सामग्री हटाकर उस स्थान पर शौचालय का निर्माण शुरु कर दिया था। नागरिकों में इसे लेकर काफी आक्रोश था।



### आयुक्त के रवैये पर हुआ था वाद-विवाद

बताया जाता है कि, चौपाटी में निर्माण से पूर्व शौचालय के लिए दूसरे स्थान का चयन किया गया था लेकिन बाद में इसे चौपाटी के सामने के हिस्से में ही बनाया जाने लगा। इस मामले को लेकर बखेड़ा खड़ा हुआ। अंततः शौचालय का निर्माण बंद किए जाने और स्थान परिवर्तन की मांग को लेकर 28 अगस्त को वीआईपी रोड पर प्रदर्शन शुरु कर दिया गया। अधिकारियों ने यहां प्रदर्शनकारियों से बात करने की कोशिश की तो इस बीच आयुक्त के रवैये को लेकर भी आक्रोश की स्थिति बनी।

# लगातार वारदातों में शामिल रहने वालों की निगरानी और गुण्डों की फाईल खोलने एसपी मोहन सिंह ने दिए निर्देश

## सभी थाना क्षेत्रों में लगेगी चलित थाना, पुलिस से संबंधित विषयों का मौके पर किया जाएगा निराकरण

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



पुलिस कार्यालय जशपुर स्थित सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह द्वारा अपराध समीक्षा बैठक लिया गया, जिसमें समस्त राजपत्रित अधिकारीगण सहित थाना/चौकी प्रभारीगण, सभी शाखाओं के प्रभारीगण उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक द्वारा अनुविभागवार थाना/चौकी के लंबित प्रकरणों की जानकारी लिया गया एवं उसका निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विगत दिनों काफ्रेंस लिया गया, जिसमें जिले में मुख्य रूप से गौ-तस्करी एवं मादक पदार्थों की तस्करी का सप्लाई चैन तोड़ने हेतु निर्देशित किया गया है। इस संबंध में जिले के थाना प्रभारियों को मुखबीर तंत्र को एक्टिव कर कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया।

**होगी कड़ी कार्यवाही**

पुलिस अधीक्षक द्वारा मीटिंग में उपस्थित अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुये कहा कि अवैध गतिविधियों में किसी तरह की संलिप्तता पाई जाती है तो संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। पुराने लंबित अपराधों की प्रत्येक थानावार समीक्षा की गई एवं शीघ्र निराकरण हेतु दिशा-निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक जशपुर ने जिले के अवैध कारोबार, गांजा तस्करी, जुआ, सट्टा, नशीली दवाओ के विरुद्ध करवाई करने, लंबित अपराध, चालान, विवेचना, लघु अधिनियम, आर्म्स एक्ट, मर्ग जैसे अनेक विषयों पर गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश दिये गये।

**महिला सुरक्षा पर फोकस**

सामुदायिक पुलिसिंग के तहत सभी थाना क्षेत्रों में चलित थाना लगाई जाएगी एवं पुलिस से संबंधित विषयों/ समस्याओं का मौके पर सुनकर निराकरण किया जाएगा। नोनी सुरक्षा के तहत नियमित कार्यक्रम कर महिला सुरक्षा हेल्पलाइन, अभिव्यक्ति एप्प के बारे में विस्तार से उपयोगिता बताते हुए डाउनलोड कराया जाएगा, आमजनों को साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक किया जाएगा। वृद्धजनों के लिए चलाये जा रहे समर्पण योजना के तहत उनकी समस्याओं को घर में जाकर सुनकर तत्काल निराकरण करने हेतु कहा गया।

**समय सीमा पर करें काम**

लंबित शिकायत जॉच में लगातार कार्यवाही कर समयसीमा के भीतर जॉच कार्यवाही पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। लंबित समंस/वारंट की तामीली शत प्रतिशत करने हेतु निर्देशित किया गया। आर्थिक अपराध में संलिप्त फरार आरोपियों का लूक आउट सर्कूलर जारी करने के निर्देश दिये गये।

**ये रहे उपस्थित**

उक्त अपराध समीक्षा बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जशपुर अनिल कुमार सोनी, एसडीओपी जशपुर चंद्रशेखर परमा, एसडीओपी कुनकुरी विनोद कुमार मंडावी, उप पुलिस अधीक्षक विजय सिंह राजपूत, उप पुलिस अधीक्षक भावेष समरथ, रक्षित निरीक्षक अमरजीत खूंटे एवं समस्त थाना/चौकी प्रभारी एवं कार्यालयीन शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

# नवरात्र में सजेगी माता की भक्ति संगीत का भव्य दरबार

## बिहार, बंगाल, मुंबई और रायपुर के कलाकार होगें शामिल

- आयोजन समिति ने शुरू की तैयारी, प्रतिभागियों का पंजीयन शुरू

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



शारदेय नवरात्र के दौरान शहर में भव्य गरबा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए आयोजन समिति अक्स ग्रुप ने तैयारी शुरू कर दी है। आयोजन की रूपरेखा तैयार करने के लिए आयोजन समिति की बैठक का आयोजन शहर के श्रीहरिकीर्तन भवन में किया गया। समिति की अध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने बताया कि हर साल की भांति इस साल भी नवरात्रि में गरबा महोत्सव का आयोजन शहर के कीर्तन भवन के सामने स्थित मैदान में किया जाएगा। इसमें शामिल होने के लिए पंजियन शुरू हो गया है।

पंजियन के उपरांत प्रतिभागियों को पहचान पत्र जारी किया जाएगा। अभ्यास सत्र और गरबा महोत्सव में इस पहचान पत्र के बिना किसी प्रतिभागी को शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रतिभागियों को अभ्यास कराने के लिए विशेष रूप से वाटरप्रूफ पंडाल की व्यवस्था समिति की ओर से की गई है ताकि बारिश होने पर अभ्यास में व्यवधान उत्पन्न ना हो।

**महानगरों के बड़े कलाकार देगें प्रस्तुती** -अक्स गरबा महोत्सव समिति के संयोजक मुकेश सोनी ने बताया कि इस बार गरबा महोत्सव में बिहार, मुंबई, कोलकाता और रायपुर के बड़े कलाकारों को महोत्सव में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया है। 8 से 11 अक्टूबर तक होने वाले गरबा महोत्सव की इस भक्ति संगीत से सजे कार्यक्रम में ये कलाकार युवाओं का उत्साहवर्धन करने के लिए जशपुर पहुंचेगें। जल्द ही समिति कार्यक्रम की अंतिम रूपरेखा की घोषणा करेगी।


**19 साल से हो रहा है आयोजन**

उल्लेखनीय है कि अक्स गरबा महोत्सव वर्ष 2005 से शहर में नवरात्रि के दौरान गरबा का आयोजन लगातार कर रही है। समिति के अध्यक्ष अभिषेक शर्मा और संयोजक मुकेश सोनी ने बताया कि 2005 से शुरू हुआ यह आयोजन शहरवासियों के असीम स्नेह से भव्य रूप लेता जा रहा है। उन्होनें बताया कि श्रीहरिकीर्तन भवन समिति का सहयोग विशेष रूप से मिलता रहा है।

# पुलिस के घर ही पहुंच गए पांच नकाब पोश लुटेरे कट्टे की नोक पर आरक्षक के पिता से लूटे रकम

## दो बाइक में सवार होकर आए थे पांच लुटेरे, जांच में जुटी पुलिस

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिले के सरहदी क्षेत्र लोदाम थाना के ग्राम पोरतेंगा में शनिवार की शाम 5 नकाब पोश लुटेरों ने वारदात को अंजाम दिया। लुटेरों ने किराना दुकान संचालक बुजुर्ग एडवर्ड मिंज को शिकार बनाते हुए देशी कट्टा दिखाकर 20 हजार रूपए लूटकर ले गए। इस संबंध में आरक्षक ने बताया कि वे शनिवार को अपने घर पोरतेंगा गए थे। घटना होने से महज 2 घंटे पहले अपनी ड्यूटी के लिए जशपुर लौटे थे। उसी दौरान घर में अकेले पिता और मां थे।

**2 बाईक में 5 लुटेरे आए** - सुरक्षा की दृष्टि से आरक्षक ने 8 महीना पहले ही पिता के घर में सीसीटीवी कैमरा लगवाया था। कैमरे की छानबीन करने पर यह पता चला कि दो बाईक में सवार होकर पांच लुटेरे आए थे। दो व्यक्ति पिता को लेकर दुकान के अंदर घुसे और पैसा तलाश करते हुए कट्टा दिखाकर पिता को थप्पड़ से मारने लगे। 20 हजार मिलने पर वो लेकर चले गए और अधिक पैसा देने के लिए दबाव बना रहे थे।

> लूटेरों की पता तलाश की जा रही है। आरोपियों के झारखण्ड के होने का संदेह है। पुलिस जल्द उनतक पहुंच जाएगी।
>
> **शशि मोहन सिंह, एसपी जशपुर**

# आयुक्त द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत रविशंकर स्टेडियम से स्वच्छ साइक्लोथान एवं मैराथन को हरी झंडी दिखाकर की रवानगी

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत निगम ने मैराथन का किया आयोजन,स्कूली बच्चे सहित वरिष्ठ नागरिकों ने बढ़-चढ़ कर लिया हिस्सा






पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम ने रविवार को मैराथन का आयोजन किया। रविशंकर स्टेडियम से पटेल चौक होते हुए सिविल लाइन से गुजरकर वापस रविशंकर स्टेडियम में समापन किया गया। सुबह 8 बजे शुरू हुए दौड़ में स्कूली बच्चों सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने हिस्सा लिया।स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के मार्गदर्शन में स्वच्छ साइक्लोथान एवं स्वच्छ मैराथन दौड़ का आयोजन किया। निगम के द्वारा कराए गए मैराथन में निगम क्षेत्र के बच्चो के संग लोगों ने दौड़ लगाई। एक किलोमीटर के दौड़ में शहर को स्वच्छ बनाने के नारे भी लगाए गए। दौड़ के पहले निगम आयुक्त द्वारा मैराथन को हरी झंडी स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा,पीआईयू कुनाल, राहुल स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर विश्वनाथ पाणिग्रही,शिवाकांत तिवारी की मौजूदगी में शुभारंभ कर रवाना किया गया। कार्यक्रम के दौरान आत्मानंद स्कूल तितुरडीह, शासकीय स्कूल बोरसी, खालसा स्कूल, शासकीय स्कूल पुलगांव, विज्ञान विकास केंद्र छात्रावास आदि स्कूल एवम कॉलेज के छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए।जिसमे राज गुप्ता,पियांशू साहू, सौरभ बंजारे छात्रों द्वारा रैली में स्वच्छता का नारा लगाकर मनोबल बढ़ाया गया। शपथ के साथ लोगो को स्वच्छ रखने पहले हस्ताक्षर कराया गया। इसी बोर्ड पर नागरिक व स्कूली बच्चों ने भी हस्ताक्षर कर स्वच्छता अभियान से जुड़े।साइकिल रैली एवं मैराथन दौड़ में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को नगर पालिक निगम द्वारा 2 अक्टूबर के कार्यक्रम में सम्मानित करेगा। श्रमदान स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत रविवार को श्रमदान कार्यक्रम रखा गया।स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2024 के अंतर्गत सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालय सफाई अभियान अंतर्गत निकाय में स्थित विभिन्न शौचालयों में जनभागीदारी के माध्यम से स्वच्छता श्रमदान किया गया।

# तृतीय नेशनल लोक अदालत में कुल 133162 मामले निराकृत तथा अवार्ड राशि 304181959 रूपए रही

पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के मार्गदर्शन में तथा डॉ. प्रज्ञा पचौरी, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के निर्देशन में जिला न्यायालय एवं तहसील व्यवहार न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसके तहत जिला न्यायालय दुर्ग, कुटुम्ब न्यायालय, दुर्ग, व्यवहार न्यायालय भिलाई-3. व्यवहार न्यायालय पाटन एवं व्यवहार न्यायालय धमधा, तथा किशोर न्याय बोर्ड, श्रम न्यायालय, स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवाएँ) राजस्व न्यायालय एवं उपभोक्ता फोरम दुर्ग में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ माँ सरस्वती के तैलचित्र पर डॉ. प्रज्ञा पचौरी, प्रधान जिला न्यायाधीश दुर्ग द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवल कर प्रातः 10.30 बजे किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में गिरिजा देवी मेरावी, प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग, एवं रविशंकर सिंह, सचिव जिला अधिवक्ता संघ एवं अन्य पदाधिकारीगण, न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण तथा विभिन्न बैंक के प्रबंधक उपस्थित रहे। नेशनल लोक अदालत में कुल 34 खण्डपीठ का गठन किया गया। परिवार न्यायालय दुर्ग हेतु 03 खण्डपीठ, जिला न्यायालय दुर्ग हेतु 26, तहसील न्यायालय भिलाई-3 में 01 खण्डपीठ तहसील पाटन हेतु 01 खण्डपीठ, तहसील न्यायालय धमधा में 01 खण्डपीठ, किशोर न्याय बोर्ड हेतु 01 तथा स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवाएँ) दुर्ग के लिए 01 खण्डपीठ का गठन किया गया। इसके अतिरिक्त राजस्व न्यायालय में भी प्रकरण का निराकरण हेतु खण्डपीठ का गठन किया गया था। उक्त नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य दाण्डिक सिविल, परिवार, मोटर दुर्घटना दावा, से संबंधित प्रकरण रखे गये तथा उनका निराकरण आपसी सुलह, समझौते के आधार पर किया गया। इसके अलावा बैंकिंग/ वित्तीय संस्था, विद्युत एवं दूरसंचार से संबंधित प्री-लिटिगेशन प्रकरणों (विवाद पूर्व प्रकरण) का निराकरण भी किया गया।

# 61 वीं वार्षिक आमसभा में सर्वसम्मति से बजट का अनुमोदन, कई विषयों पर लिया गया फैसला

- सेक्टर-6 सोसाइटी ने कमाया 2 करोड़ से ज्यादा का शुद्ध लाभ

पायनियर संवाददाता ✓ भिलाई
www.dailypioneer.com






भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्मिकों की सबसे पुरानी एवं प्रतिष्ठित सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 भिलाई नगर की 61 वीं वार्षिक आम सभा रविवार को सुबह 10:30 बजे से परशुराम भवन सेक्टर-2 में रखी गई। सोसाइटी के अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र ने संस्था की उपलब्धियों एवं वित्तीय स्थिति के बारे में अपने वार्षिक प्रतिवेदन में संस्था के सदस्यों को अवगत कराया। इस पर संस्था के सदस्यों ने संस्था की वित्तीय स्थिति पर हर्ष व्यक्त किया। आमसभा में वार्षिक प्रतिवेदन के अलावा अंकेक्षित वित्तीय पत्रक वर्ष 2023-24 का अनुमोदन,वर्ष 2025-26 के प्रस्तावित बजट का अनुमोदन एवं वर्ष 2023-24 के अनुपूरक बजट का अनुमोदन,व वर्ष 2023-24 का देय लाभांश का भी अनुमोदन किया गया। अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र ने आमसभा को बताया कि वर्ष 2023-24 का सकल लाभ 5 करोड़ 57 लाख 37 हजार 733 रुपए 60 पैसे और शुद्ध लाभ 2 करोड़, 8 लाख, 6 हजार 894 रूपए रहा जो गत वित्त वर्ष (2022-23) की तुलना में लगभग 30 लाख रुपए अधिक है.। संस्था के वर्तमान संचालक मंडल के सम्मिलित प्रयासों से गिरती सदस्य संख्या के बावजूद भी संस्था ने वित्त वर्ष 2023-24 में अपने व्यवसाय में उल्लेखनीय वृद्धि की है और सदस्यों का विश्वास बढ़ा है। वर्तमान में आकस्मिक ऋण की अधिकतम सीमा 3 लाख और नियमित ऋण की अधिकतम सीमा 10 लाख है। 5 लाख तक नियमित ऋण लेने पर बीमा पॉलिसी को मोर्टगेज करने के पूर्व ऋण नियम को समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने आमसभा के समक्ष 9 प्रतिशत लाभांश देने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि कुटुम्ब सहायता योजना के अंतर्गत 465 प्रकरणों में 42 लाख 26 हजार रुपए प्रदान किए गए। आय-व्यय का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 के लिए अनुमोदित बजट 5 करोड़ 58 लाख 72 हजार रुपए तथा वित्त वर्ष 2024-2025 का प्रस्तावित बजट 5 करोड़ 52 लाख 68 हजार रुपए है।

# तहसील स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री साव

## परिक्षेत्र स्तरीय साहू समाज का आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव दुर्ग जिले के ग्राम बोराई में स्व. दाऊ उत्तम साव की पुण्यतिथि के संस्मरण में आयोजित तहसील स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत किये। समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री साव ने अपने अमेरिका यात्रा वृतांत से अवगत कराया कि साहू समाज के नवयुवक अपने प्रतिभा से वहाँ समाज को गौरान्वित कर रहे है। उन्होंने कहा कि समाज और देश को अपने पूर्वज के बताए मार्ग पर चल कर आगे बढ़ना चाहिए। आयोजकों ने पुरखा के बताए मार्ग को नई पीढ़ी को बताने का बेहतर कार्य किये है। समाज को समय के साथ परिवर्तन करना चाहिए। जो समाज समय के साथ चलेगा विकास में वो आगे रहेगा। उन्होंने कहा कि साहू समाज सभी समाज को साथ लेकर आगे चलने वाला समाज है। हम सभी को संगठित प्रयास से अपने पुरखों के सपनों को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि समाज द्वारा बहुत से मांगे रखी गई है, समाज की मांग को क्रमशः पूरा करने का भरोसा दिलाया। मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री साव ने समाज के कला, शिक्षा, संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को अपने कर कमलों से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। समारोह को पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू, रमशीला साहू ने भी सम्बोधित किया। जगमोहन साहू ने समाज रत्न स्व. दाऊ उत्तम साव के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। इस अवसर पर साहू समाज के जिला अध्यक्ष नन्दलाल साहू, तहसील अध्यक्ष पूसऊ साहू एवं अन्य पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## अंधे कत्ल की गुत्थी को 72 घंटों में जशपुर पुलिस ने सुलझाया

# पैसे नहीं देने पर महिला ने दी रेप केस में फंसाने की धमकी, आरोपी ने कर दी हत्या, दो किए गए गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

पहले से परिचित व्यक्ति से पहले सम्बंध बनाई फिर किसी काम से पैसे मांगने पर आरोपी द्वारा इनकार करने पर उसे रेप केस में फंसा देने की बात हत्या तक पहुंच गई। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 18 सितंबर को थाना सिटी कोतवाली जशपुर को ग्रामीणों से सूचना मिला कि ग्राम पंचायत जरिया के ग्राम भभरी गौरकीना जंगल नाला में एक अज्ञात महिला का शव पड़ा है। इस सूचना पर सिटी कोतवाली जशपुर स्टॉफद्वारा मौके पर जाकर सूचना देने वाले सोहन राम भगत की रिपोर्ट पर मर्ग जॉच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया। विवेचना में पाया गया कि 17 सितंबर की रात्रि में कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा अज्ञात महिला को धारदार नुकीले या ठोस वस्तु से मारपीट कर हत्या कर भभरी के गौरी नाला में फेंक देना पाया गया, अज्ञात मृतिका का शव पंचनामा कार्यवाही पश्चात् उसकी पहचान नहीं होने पर शव को सुरक्षार्थ जिला अस्पताल जशपुर के मरच्यूरी में रखवाया गया।




**अलग रहती थी महिला** -अज्ञात महिला मृतिका की पहचान के लिए सभी थाने, सीमावर्ती जिलों के पुलिस एवं पड़ोसी राज्य की पुलिस को मृतिका का छायाचित्र भेजकर पता-तलाश किया जा रहा था। इसी दौरान बीट ग्रुप के मुखबीर से सूचना मिला कि मृतिका जशपुरनगर में किराये के मकान में निवास करती है, यहीं काम करती है उसकी उम्र करीबन 30 साल है। पुलिस द्वारा तस्दीक करने पर पाया गया कि मृतिका शादीशुदा है जो अपने पति से अलग जशपुर नगर ने किराए से रहकर रोजी मजदूरी का काम करती थी। मृतिका के पति का मोबाईल नम्बर प्राप्त कर फोन किया गया जो 19 सितंबर को अपने माता-पिता तथा अन्य रिष्तेदार के साथ जशपुर आकर मृतिका की पहचान अपनी पत्नी के रूप में किया। पहचान कार्यवाही बाद मृतिका के शव का पीएम कराया गया।

**इस तरह हुई हत्या**-वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्षन में अज्ञात आरोपी पतासाजी के लिए मुखबीर लगाई गई तथा मोबाईल नंबर की सीडीआर व टॉवर डंप लिया जाकर तकनीकि विष्लेषण किया गया। पता-तलाश दौरान मृतिका द्वारा जशपुरनगर में जहां पर किराये के मकान में रहती थी, उसके पड़ोसियों से पूछताछ करने पर पता चला कि 17 सितंबर को 02 व्यक्ति मृतिका के घर पर रात लगभग 8-9 बजे आये थे जिसमें एक व्यक्ति का नाम राजेन्द्र राम मिंज उर्फ छोटू ग्राम सोगड़ा अपने साथी के साथ आया था। पुलिस टीम द्वारा मुख्य आरोपी राजेन्द्र राम मिंज को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया जो पहले तो घटना करने से इंकार कर पुलिस को गुमराह करता रहा। परंतु आरोपी से मनोवैज्ञानिक तरीके से तथा प्राप्त नकनिकी जानकारी के आधार पर पूछताछ करने पर उसने अपराध कारित करना स्वीकार कर लिया। आरोपी राजेन्द्र राम मिंज ने साथी संजय राम भगत के साथ मिलकर घटना घटित करना स्वीकार करते हुये बताया कि वह मृतिका से पूर्व से परिचित था, कभी-कभी इसके साथ में कार्य करता था। जान-पहचान होने की वजह से राजेन्द्र राम मिंज उसके किराये के मकान में यह कभी-कभार आना-जाना करता था। 17 सितंबर की रात को राजेन्द्र राम मिंज अपने मामा का लड़का संजय राम भगत के साथ उसके पेषी के लिये मोटर सायकल क्र. सी.जी. 14 एम 2890 से न्यायालय जशपुर साथ में आया था। उसके बाद शाम को बाजार से मछली खरीदने के उपरांत वे दोनों महिला के किराये के मकान में गये, वहां पहुंचने पर महिला उनसे बोली कि मैं गणेष विसर्जन देखने जा रही हूं, तुमलोग सब्जी को बनाते रहो बोलकर वह चली गई। इसके बाद राजेन्द्र राम मिंज एवं संजय राम दोनों मिलकर कमरे में मछली की सब्जी बनाये और शराब पीते रहे। रात्रि लगभग 09:30 बजे महिला वापस अपने कमरे में आई एवं तीनों साथ में खाना खाये। बाद आरोपी राजेन्द्र राम के द्वारा घूमने चलने की बात कहने पर तीनों मोटर सायकल से ग्राम भभरी की ओर गये, वहां पहुंचने पर कथित रूप से आरोपी ने महिला के साथ दुष्कर्म किया। महिला ने अपने पुराने केश लड़ने के लिये राजेन्द्र राम मिंज से 04 हजार रू. मांगने लगी, नहीं देने पर राजेन्द्र राम को भी वह दुष्कर्म के केष में जेल भेज देने की धमकी देने लगी। विवाद बढ़ने पर गुस्से में आकर आरोपी राजेन्द्र राम तथा संजय राम मिलकर महिला के शरीर के विभिन्न हिस्सों में मारपीट कर, गला दबाकर, पत्थर एवं डंडा से चोंट पहुंचाकर हत्या कर दिये तथा शव को नाला में फेंक दिये। आरोपियों के विरूद्ध पर्याप्त अपराध सबूत पाये जाने से राजेन्द राम मिंज उर्फछोटू, संजय राम भगत से पूछताछ कर गवाहों के समक्ष मेमोरंडम कथन लिया गया। मेमोरेण्डम कथन मुताबिक आरोपी राजेन्द्र राम से घटना में उपयोग की गई मोटर सायकल तथा घटना कारित करते समय खून लगा जींस, पत्थर, डंडा एवं संजय राम से मृतिका के मोबाईल एवं कपड़ा इत्यादि जप्त किया गया है। आरोपियों का कृत्य उक्त धारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने पर उन्हें 21 सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# स्वच्छता सेवा पखवाड़ा जागरूकता अभियान जारी




पायनियर संवाददाता ✓ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद के द्वारा शहर में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा को लेकर डोर टू डोर जागरुकता अभियान चलाया जा गया जिसमे निकाय के सीएमओ प्राणों राय, एआरआई, सीएलटीसी, एपीएम, पीआईयू, नगर के जनप्रतिनिधि एवं वार्ड के पार्षदगण विनय यादव, प्रवीण गुप्ता,गोपाल कृष्ण मिश्र, कमांडो, स्वच्छता दीदी शमिल हुए और वार्ड के गणमान्य नागरिकगण को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए इस अभियान को सफल बनाने की अपील की गई। वहीं लगभग 150 शहर वासियों को डस्टबिन उपलब्ध कराते हुए गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग देने की बात कही गई।

# जीवन में आनंद और खुशियां अपने हाथ में है : राज्यपाल रमेन डेका

## तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम के कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यपाल

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल रमेन डेका तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम रायपुर द्वारा 'गुड लाइफ-गुड लक' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जीवन में आनंद और खुशियां अपने हाथ में है। कम सुविधाओं में भी खुश रहा जा सकता है। समय का प्रबंधन भी बहुत जरूरी है। राज्यपाल रमेन डेका ने मुनि सुधाकर एवं मुनि नरेश कुमार के सानिध्य में अनुभव एवं ज्योतिष शास्त्र पर आधारित विशेष प्रवचन कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए कहा कि दुनिया एक मंच है जिसमें सभी की भूमिकाएं निर्धारित है। जिसको निभाना है। समाज के बारे में भी हमें सोचना है। समाज ने हमको क्या दिया यह न सोचकर हम समाज को क्या दे रहे है यह सोचें। डेका ने कहा कि हमे पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण के बारे में भी जागरूक होना है। जल की बरबादी रोकें और वाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था को बढ़ावा दे। जनसंख्या और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाना आवश्यक है। वर्तमान युग में सादा जीवन बहुत मुश्किल है।





हमारे लिए धन केवल उतना ही जरूरी है जितना खान-पान, बीमारी, अतिथि सत्कार के लिए जरूरत है। अनावश्यक प्रतिस्पर्धा से बचना होगा। आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल सही तरीके से हो इस पर ध्यान देना है। उन्होंने मोबाइल के ज्यादा उपयोग को नुकसानदायक बताया। डेका ने कहा कि आज के समय में, जब हम डिजिटल युग में रह रहे हैं, हमें अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। सोशल मीडिया, अत्यधिक प्रतिस्पर्धा, और बदलते सामाजिक मूल्यों के बीच सही दिशा में आगे बढ़ना ही हमारी सफलता का रहस्य है। हमें नई तकनीकों और साधनों का सदुपयोग करते हुए अपनी प्रतिभा और कौशल को विकसित करना चाहिए। इसके साथ ही, हमें यह याद रखना चाहिए कि जीवन का असली सौंदर्य हमारे नैतिक मूल्यों और आत्म-संतोष में है। डेका ने कहा कि गुड लाइफ एक यात्रा है, न कि गंतव्य। यह हमारे विचारों, कर्मों और रिश्तों का समन्वय है। गुड लक हमारा साथी तब बनता है जब हम इस यात्रा में ईमानदारी, समर्पण और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हैं। इसलिए हमेशा अच्छे कर्म करें, सही दिशा में आगे बढ़ें, और आपका सौभाग्य स्वयं आपके साथ होगा। इस अवसर पर आचार्य सुधाकर मुनि ने भी जीवन से जुड़े अपने विचार रखे। कार्यक्रम में तेरापंथ फोरम के पदाधिकारी एवं जैन समुदाय की महिलाएं एवं पुरूष बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# 'मोदी है तो सम्भव है' पुस्तक का मुख्यमंत्री साय ने किया विमोचन



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर स्थित निवास कार्यालय में सुप्रसिद्ध साहित्यकार, गीतकार रामेश्वर दास वैष्णव द्वारा रचित पुस्तक 'मोदी है तो सम्भव है' का विमोचन किया। विमोचन करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पुस्तक के लेखक रामेश्वर दास वैष्णव को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में प्रत्येक क्षेत्र में ऐतिहासिक काम हुए हैं। साथ ही देश के प्रत्येक वर्ग का सर्वांगीण विकास हुआ है। ऐसे में उन्होंने साहित्यिक रचना हेतु पुस्तक के लेखक को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस किताब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियों को अलग अंदाज में मुक्तकों के द्वारा प्रस्तुत किया गया है। पुस्तक विमोचन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में मुख्यमंत्री के प्रेस ऑफिसर आलोक सिंह, सुप्रसिद्ध रंगकर्मी अनिल शर्मा, लेखक विजय मिश्रा 'अमित', सतीश शर्मा, पत्रकार योगेश मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, हेमंत शर्मा

# शौदानसिह भारतीय जनता पार्टी के नेता छगन लाल मुंदड़ा के निवास पर विभिन्न भाजपा नेताओं से मुलाकात कर चर्चा की



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व क्षेत्रीय संगठन मंत्री शौदानसिह भारतीय जनता पार्टी के नेता छगन लाल मुंदडा के निवास पर विभिन्न भाजपा नेताओं से मुलाकात कर चर्चा की। जिसमें विशेष तौर पर भारतीय जनता पार्टी के नेता गौरीशंकर अग्रवाल, धरम लाल कौशिक, राजेश मूणत, राजीव अग्रवाल, सुभाष राव, भुपेंद्र सवननी, पुरंदर मिश्रा, गुरू खुशवंत साहिब, विस्वनिधी पांडे, राम प्रजापति, मनोज खुडीया सहित कार्यकर्ता साथी एंव परिवार जन उपस्थित थे।

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा एवं विधायक भावना बोहरा के साथ पहुंचे लोहारीडीह

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा कबीरधाम जिले के लोहारीडीह पहुंचे। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक भावना बोहरा और साहू समाज के पदाधिकारी भी इस दौरान उनके साथ थे। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने लोहारीडीह में मृतक प्रशांत साहू के घर पहुँचकर उनकी मां से मुलाकात की और घटना पर राज्य सरकार की ओर से गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने स्व. प्रशांत साहू की मां को दस लाख रुपए का चेक सौंपा। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने ग्रामीणों से घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए कहा कि हम सब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर लोहारीडीह आए हैं। हमने गांववालों, समाज के वरिष्ठजनों और जनप्रतिनिधियों के साथ मृतकों शिव प्रसाद साहू, रघुनाथ साहू और प्रशांत साहू के घर पहुँचकर उनके परिजनों तथा पड़ोसियों से भेंटकर अपनी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी लोहारीडीह में दुखद घटना पर अपनी गहरी संवेदना और दुःख प्रकट किया है। उन्होंने घटना की हर पहलुओं की बारीकी तथा पूरी संवेदनशीलता के साथ जांच के निर्देश दिए हैं। उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि हमने मृतक रघुनाथ साहू के घर पहुंचकर आगजनी में जले उसके घर का मुआयना किया है। मृतक शिव प्रसाद के बच्चों और परिजनों से मिलकर सांत्वना दी है। लोहारीडीह की घटना की हर पहलू की जांच की जाएगी। पीड़ितों और बेगुनाहों को न्याय मिलेगा, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर इस पर तत्परता से कार्यवाही की जा रही है। हम लोग लौटकर सभी संबंधितों से हुई चर्चा से मुख्यमंत्री को अवगत कराएंगे। उप मुख्यमंत्री तथा गृह मंत्री विजय शर्मा ने लोहारीडीह में ग्रामीणों से कहा कि उन्होंने गांव आने से पहले दुर्ग जिला जेल में रखे गए गांव की माताओं-बहनों से मुलाकात की है। उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए निर्देशित किया है। संदेह के आधार पर जेल में रखे गए सभी ग्रामीणों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए प्रशासन को निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि लोहारीडीह की घटना अत्यंत दुःखद है। पीड़ित परिवारों के साथ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार संवेदनशीलता के साथ खड़ी है। मैं भी इस क्षेत्र के विधायक के रूप में पीड़ित परिवारों के साथ एक अभिभावक के रूप में सदैव रहूंगा। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने लोहारीडीह घटनाक्रम की पूरी निष्पक्षता से जांच के निर्देश दिए हैं। पीड़ितों तथा निर्दोषों के साथ न्याय होगा। जांच के बाद दोषियों पर कानून तथा विधि अनुसार कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने प्रदेशवासियों और कबीरधाम जिले के लोगों से लोहारीडीह की घटना के संबंध में किसी भी प्रकार का भ्रम और अफवाह नहीं फैलाने की अपील की है। उप मुख्यमंत्री शर्मा के निर्देश पर प्रशासन द्वारा लोहारीडीह में ग्रामीणों के घरों में सूखा राशन, दाल, तेल, आलू, सोयाबीन बड़ी सहित अन्य आवश्यक खाद्य सामग्रियों के पैकेट का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव में स्थिति सामान्य होते तक विशेष

# 27 सितंबर से 2 अक्टूबर तक गिरौदपुरी से रायपुर गांधी मैदान तक कांग्रेस निकालेगी छत्तीसगढ न्याय यात्रा




पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने नेताओं के साथ राजीव भवन में पत्रकार वार्ता को सम्बोधित किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि 27 सितंबर से परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास की तपोभूमि गिरौदपुरी से राजधानी रायपुर तक 125 कि.मी. की पदयात्रा निकालने जा रहे है। यह यात्रा गिरौदपुरी से चलकर 6वें दिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के दिन 2 अक्टूबर को गांधी मैदान रायपुर में समाप्त होगी, जहां विशाल आम सभा होगा। रोज हो रही हत्या, लूट, चाकूबाजी, डकैती की घटनाओं से आम आदमी में भय पैदा हो गया है प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ प्रतिरोध। राज्य में महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध प्रदेश में रोज हो रही दुराचार, सामूहिक दुराचार की घटनाओं के विरोध में। गिरौदपुरी के अमर गुफा में जैतखाम के साथ हुये तोड़-फोड़ के विरोध बलौदाबाजार मामले में निर्दोषों की गिरफ्तारी का विरोध तथा कांग्रेस नेताओं और सतनामी समाज के लोगों की रिहाई। कवर्धा के लोहारीडीह में साहू समाज के 3 बेटो की हत्या, प्रशांत साहू की पुलिसिया प्रताड़ना में हुई मौत की न्यायिक जांच हाईकोर्ट के वर्तमान जज की निगरानी में तथा दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किये जाने की मांग। छत्तीसगढ़ सरकार सीरियल कीलर बन गयी है। कभी आदिवासियों को मरवाती है, कभी सतनामियों को, कभी साहू समाज को आगे पता नहीं किसकी

# देवभोग बना नगर पंचायत, राज्य शासन ने जारी की अधिसूचना

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा गरियाबंद जिले के देवभोग को नगर पंचायत गठित करने के संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राजपत्र में इस संबंध में अधिसूचना का प्रकाशन कर दिया गया है। राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार देवभोग नगर पंचायत में ग्राम पंचायत देवभोग, ग्राम झाराबहाल और ग्राम सोनामुंदी को शामिल किया गया है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार इन तीनों गांवों की समन्वित जनसंख्या 5287 है। ग्राम पंचायत देवभोग, ग्राम पंचायत डोहेल के आश्रित ग्राम झाराबहाल एवं ग्राम पंचायत मुंगझर के आश्रित ग्राम सोनामुंदी की सीमाएं ही नगर पंचायत देवभोग की सीमाएं होंगी। उल्लेखनीय है कि क्षेत्रवासियों द्वारा लंबे समय से देवभोग को नगर पंचायत का दर्जा देने की मांग की जा रही थी। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने जन आकांक्षाओं को देखते हुए विभाग को इस संबंध में त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए थे। देवभोग नगर पंचायत के गठन से क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो गई है।

# जैविक खेती से करें मिट्टी का श्रृंगार फसल चक्रण से उत्पादन होगा भरमार

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

जैविक खेती को बढ़ावा देने वाले धमतरी जिले के ग्राम गाड़ाडीह के किसान रमन लाल साहू का सम्मान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विगत दिनों किया था। साहू जैविक खेती कर मिट्टी की उर्वरकता बढ़ाने में महती भूमिका निभा रहे है, वही फसल चक्रण करके जल संरक्षण का काम भी कर रहे है। आज के आधुनिक दौर में खेती किसानी के काम को उतना महत्व नहीं दिया जाता है, जितना की सरकारी या किसी अन्य नौकरी को दिया जाता है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के साथ-साथ समर्थन मूल्य पर धान खरीदी ने लोगों को खेती किसानी की ओर मुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया है। प्रगतिशील किसान रमनलाल साहू ने परम्परागत



खेती को पीछे छोड़ आधुनिक खेती को अपनाया है। जैविक खेती को बढ़ावा देते हुए मृदा, जल एवं पर्यवरण संरक्षण की दिशा में भी सराहनीय काम किया है। साहू बताते हैं कि विगत 8 सालों से वह 3 एकड़ से अधिक जमीन पर धान की जैविक खेती कर रहे हैं। जल संरक्षण की दिशा में रबी फसल में दलहन-तिलहन की खेती कर रहे हैं। इससे जमीन की उर्वरकता बढ़ने के साथ ही फसल का उत्पादन भी बढ़ा है। साहू बताते है कि किसान होने के साथ-साथ वह पशु मित्र भी है, उन्होंने गली-मोहल्लों में आवारा घूमने वाले गौवंश के लिए अपने खेत के समीप लगभग 25 डिस्मिल क्षेत्र में गौठान तैयार कर उनका संरक्षण कर रहे है। इन गौवंशो से प्राप्त होने वाले गोबर का उपयोग जैविक खेती करने में कर रहे हैं। वहीं दूध बेचकर हर माह 9 हजार रूपये की शुद्ध आमदनी भी प्राप्त कर रहे हैं। साहू ने यह भी बताया कि उन्होंने खेत में छोटा सा तालाब बनाया है, जिससे गौवंश के लिए पानी की व्यवस्था की है, वहीं क्रेडा की ओर से सोलर पैनल भी लगवाया है। इसके साथ ही गोबर गैस संयंत्र लगाकर गौवंश के लिए चारा की व्यवस्था करते हैं। रमनलाल साहू रासायनिक खेती के दुष्परिणामों के बारे में अन्य किसानों को अवगत कराते हुए जैविक खेती करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। साथ ही अपने गौशाला से उत्पादित गोबर, गौ मूत्र को अपने खेतों में उपयोग करते हुए जहरमुक्त अन्न की पैदावार कर उपभोक्ताओं तक पहुंचाने की व्यवस्था कर रहे हैं।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403